राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 350
लखनऊ, शनिवार 22 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





25 दिनों से अंधेरे में ज्योनी गांव, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन 10

परिवर्तन योजना पर्यावरण एवं जन हितैषी है : दयाशंकर 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,60,630/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,47,250/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,20,510/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,60,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो की डिजिटल सेवाएं फिर ठप

**नई दिल्ली।** इंडिगो की वेबसाइट और डिजिटल सेवाएं शुक्रवार को एक सप्ताह में दूसरी बार तकनीकी गड़बड़ी के चलते प्रभावित हुईं। यात्रियों को टिकट बुकिंग, वेब चेक-इन, पेमेंट और मोबाइल एप में लॉगिन में परेशानी हुई। वेबसाइट पर कई यूजर्स को 'नो डेटा अवेलेबल' का संदेश दिखा। एयरलाइन ने सर्विस एडवाइजरी जारी कर तकनीकी समस्या की पुष्टि की और कहा कि उसकी टीमें इसे ठीक करने में जुटी हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने बदला जज भर्ती का नियम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सिविल जज की सीधी भर्ती के लिए जरूरी वकालत की अवधि तीन साल से घटाकर एक साल कर दी है। नए नियम के तहत उम्मीदवार को एक साल की सक्रिय और सत्यापित कानूनी प्रैक्टिस का प्रमाण देना होगा। हालांकि, 20 मई 2025 से 31 मार्च 2027 तक होने वाली भर्तियों में कानून स्नातकों को बिना पूर्व वकालत के आवेदन की अनुमति रहेगी। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण और क्लर्कशिप पूरी करनी होगी।

### राइड कैंसिल की तो 100 रुपये पेनाल्टी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ऐप आधारित कैब, टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं को लेकर सरकार ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत एग्रीगेटर कंपनियों की मनमानी पर निगरानी के साथ यात्रियों की सुरक्षा, किराये में पारदर्शिता और ड्राइवरों के कल्याण पर भी जोर दिया गया है। सरकार ने उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक एवं वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 लागू करने के साथ यूपी माय फ्लीट एग्रीगेटर पोर्टल भी शुरू किया है। (विस्तृत खबर पेज 3 पर)

### अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनियों से चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार पहले सेवा तीर्थ में अंतरिक्ष क्षेत्र के 20 स्टार्टअप कंपनियों के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) और संस्थापकों के साथ बातचीत की और अंतरिक्षण उद्योग में कदम रखने का साहस दिखाने के लिए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इससे इस क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलने के सरकार के दृष्टिकोण को बल मिला है।

### ईरान के खिलाफ युद्ध नये दौर में : वेंस

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गुरुवार को कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध के एक नये चरण में अमेरिका पहुंच गया है, जहां लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आर्थिक दबाव ही अमेरिका का सबसे असरदार हथियार बन चुका है। उन्होंने यह बयान तब दिया जब ट्रंप प्रशासन ने कड़े प्रतिबंध लगा दिये हैं और राजनयिक बातचीत पूरी तरह रुक गयी है।

### जापानी छात्रों में मुख्यमंत्री योगी का क्रेज



शुक्रवार को लखनऊ में सीएम आवास पर योगी के साथ सेल्फी लेते जापानी छात्र।

# राहुल ने दिखाए पैलेट गन के सबूत, एफआईआर के लिए थाने में धरना

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। राहुल गांधी ने छात्र साहिल लोहबच की कथित पैलेट गन से चोट लगने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक पुलिस शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू नहीं करती, तब तक वह थाने से नहीं हटेंगे। धरने के दौरान राहुल गांधी ने मीडिया के सामने छात्र को लगे पैलेट गन के छर्रे भी दिखाए और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। छह घंटे के धरने के संसद मार्ग थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई।



शुक्रवार को संसद मार्ग थाने में एफआईआर के लिए पुलिस को सबूत देते राहुल गांधी।

राहुल गांधी शुक्रेवार दोपहर करीब 12:30 बजे संसद मार्ग थाने पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि छात्र साहिल लोहबच को पैलेट गन के छर्रे लगे हैं। राहुल ने मीडिया के सामने कथित छर्रे दिखाते हुए कहा कि इस मामले में शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

### राहुल कर रहे अराजकता की राजनीति : भाजपा

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के धरने पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बिना किसी पूर्व अनुमति या सूचना के थाने में बैठकर अराजकता की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राहुल गांधी देश के कानून और कानूनी प्रक्रिया का सम्मान नहीं करना चाहते। रविशंकर प्रसाद के मुताबिक, पुलिस पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि जिस घटना का राहुल गांधी जिक्र कर रहे हैं, उससे संबंधित एफआईआर दर्ज है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित कर चुका है। ऐसे में राहुल गांधी का थाने पर धरना देने का औचित्य क्या है, यह सवाल भाजपा ने उठाया है।

# 400 एकड़ में बनेगा मेडिकल टेक पार्क

## 12 कंपनियों से एमओयू

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश और जापान के बीच हेल्थकेयर, मेडिकल शिक्षा, रोबोटिक्स, फार्मा और कुशल मानव संसाधन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'यूपी-जापान हेल्थकेयर एंड केयर इकोनॉमी पार्टनरशिप' के सेक्टोरल सेशन में दोनों पक्षों के बीच मेडिकल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षित मानव संसाधन के आदान-प्रदान पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रस्तावित योजना के तहत राज्य में करीब 400 एकड़ में मेडिकल टेक पार्क विकसित करने की तैयारी है।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने बताया कि प्रदेश सरकार जापान के सहयोग से रोबोटिक्स तकनीक और एडवांस्ड हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम कर रही है। इसी क्रम में लगभग 400 एकड़ में मेडिकल टेक पार्क विकसित करने की योजना है। इसमें आधुनिक चिकित्सा तकनीक, रोबोटिक्स और हेल्थकेयर से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया जाएगा।

फार्मा क्षेत्र में भी निवेश को बढ़ावा देने की तैयारी है। कार्यक्रम में बताया गया कि एक ही दिन में 12 कंपनियों के साथ एमओयू किए गए हैं। सरकार पीपीपी मॉडल पर प्रस्तावित नए मेडिकल कॉलेजों में जापानी निवेशकों की भागीदारी की संभावनाएं भी तलाश रही है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 47 से बढ़कर 83 से अधिक हो चुकी है और एमबीबीएस, एमडी, नर्सिंग तथा पैरामेडिकल सीटों में भी वृद्धि हुई है।

### ग्लोबल फ्यूचर की ओर जापान से साझेदारी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और जापान के रिश्ते अब केवल निवेश तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि लॉन्ग-टर्म, ट्रस्ट-बेस्ड पार्टनरशिप के रूप में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। जापान के प्रिसिजन और टेक्नोलॉजी को उत्तर प्रदेश के स्केल, युवा शक्ति और टैलेंट से जोड़ते हुए प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में काम होगा।

शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट के वेलेडक्टरी सेशन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान उत्तर प्रदेश के लिए केवल इन्वेस्टर नहीं, बल्कि को-क्रिएटर है। एमओयू को प्रोडक्शन, प्रोडक्शन को ग्लोबल एक्सपोर्ट और निवेश को रोजगार में बदलना सरकार का लक्ष्य है। 2047 के भारत के उद्योग आज डिजाइन हो रहे हैं और उत्तर प्रदेश चाहता है कि जापान के साथ मिलकर इन उद्योगों का भविष्य तैयार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जापानी भाषा का प्रयोग करते हुए जापानी प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कोनिचिवा मिनासान कहकर सभी जापानी अतिथियों का अभिवादन किया और भारत-जापान के मजबूत होते संबंधों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। संबोधन के समापन पर



शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संबोधित करते सीएम योगी।

मुख्यमंत्री ने जापानी भाषा में अरिगातो गोजाइमासु कहकर प्रतिनिधिमंडल और उपस्थित जापानी अतिथियों का आभार जताया। जापानी भाषा में मुख्यमंत्री के इस आत्मीय संवाद ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक जुड़ाव और दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास का संदेश दिया। सीएम योगी के इस भाव ने उपस्थित मेहमानों का उत्साहवर्धन भी किया।

जापान में प्रशिक्षित मेडिकल कर्मचारियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यूपी से डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल तकनीशियनों को जापान भेजने की योजना पर काम किया जा रहा है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल और प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि यूपी में आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों का बड़ा नेटवर्क है। जापानी उद्योगों की जरूरत के अनुसार विशेष प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे। इन केंद्रों में युवाओं को केयरगिविंग, जापानी भाषा, तकनीकी कौशल और कार्यस्थल पर व्यवहार से जुड़े प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

# चंपत के आरोपों पर नृपेंद्र बोले मीडिया की मनगढ़ंत कहानी

- चंपत राय ने मनमानी का लगाया था आरोप

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और पूर्व आईएएस अधिकारी नृपेंद्र मिश्र के बीच कथित तनातनी का मामला सामने आया है।

शुक्रवार को चंपत राय की ओर से मनमानी के आरोप लगाए जाने के बाद अयोध्या पहुंचे नृपेंद्र मिश्र से जब मीडिया कर्मियों ने इस संबंध में सवाल किया तो वह नाराज नजर आए।

मीडिया के सवाल पर नृपेंद्र मिश्र ने चंपत राय के बयान को लेकर सीधे प्रतिक्रिया देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि मीडिया इस मामले को विवाद का रूप देना चाहती है। उन्होंने कहा कि जो कहानी सामने लाई जा रही है, वह मीडिया की मनगढ़ंत कहानी है।

राम मंदिर से जुड़े चढ़ावे और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सामने आए विवाद के बीच चंपत राय ने नृपेंद्र मिश्र की कार्यशैली पर सवाल उठाए





थे। चंपत राय ने कथित तौर पर आरोप लगाया था कि मंदिर निर्माण और उससे जुड़े निर्णयों में मनमानी की गई।

चंपत राय के इस बयान के बाद दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच मतभेद की चर्चा तेज हो गई। हालांकि, नृपेंद्र मिश्र ने इसे विवाद का रूप देने की कोशिश बताया।

मीडिया से बातचीत के दौरान नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि मीडिया विवाद चाहती है। जब उनसे चंपत राय के आरोपों पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि हो सकता है चंपत राय ने उनकी आलोचना नहीं की हो और मीडिया ने इसे अलग तरीके से पेश किया हो।

# जयपुर में सीजेपी प्रवक्ता को पीटा मंत्री को 48 घंटे का अल्टीमेटम

- स्कूल निरीक्षण के दौरान हुआ विवाद
- अभिजीत दीपके ने दी चेतावनी

**एजेंसी, जयपुर।**

जयपुर के बगरू इलाके में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ता आशुतोष रांका और उनके साथियों के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है, जब रांका बगरू स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल रामपुरा कंवरपुरा का निरीक्षण करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें वहां से खदेड़ दिया। इस मामल में मंत्री को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, आशुतोष रांका अपने साथियों के साथ स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद ग्रामीणों के साथ उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते



विवाद बढ़ गया और कथित तौर पर मारपीट शुरू हो गई। घटना के दौरान रांका की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाए जाने की बात सामने आई है। घटना को लेकर सीजेपी नेता अभिजीत दीपके ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने राजस्थान सरकार और संबंधित मंत्री को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के प्रवक्ताओं और कार्यकर्ताओं के पीछे गुंडे पड़े हैं। दीपके ने चेतावनी दी कि यदि आशुतोष रांका और उनके साथियों के साथ मारपीट करने वालों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह खुद जयपुर आएंगे।

# होर्मुज स्ट्रेट पर अब जल्द होगा अमेरिका का फुल कंट्रोल : ट्रम्प

- परमाणु हथियार बनाने से ईरान को रोकने का दावा
- ईरान से बातचीत पर जताई मुश्किल

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका जल्द ही रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लेगा। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की नौसेना, वायुसेना और सैन्य नेतृत्व को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ईरान के पास अब सीमित संख्या में मिसाइल और ड्रोन ही बचे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं देगा। उनके मुताबिक, ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जरूरी थी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ईरान की ओर से दोबारा ऐसा खतरा पैदा



हुआ तो अमेरिका फिर कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान के कई वरिष्ठ नेता अब नहीं रहे हैं, जिसके कारण नए समझौते को लेकर बातचीत मुश्किल हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान में फैसले लेने की वास्तविक स्थिति क्या है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान की आर्थिक स्थिति पर भी निशाना साधते हुए दावा किया कि देश गंभीर आर्थिक संकट और महंगाई से जूझ रहा है तथा सरकार के लिए सेना को वेतन देना भी मुश्किल हो रहा है।

# आरोप : मेरठ एसएसपी दफ्तर में थर्ड डिग्री

## आंख पर आई गंभीर चोट, अखिलेश ने जांच की मांग की

**समृद्धि न्यूज, मेरठ।**

मेरठ में भारतीय किसान यूनियन के नेता दिग्विजय भाटी के साथ कथित पुलिस बर्बरता को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। आरोप है कि पुलिस हिरासत के दौरान भाटी के साथ मारपीट की गई और उन्हें थर्ड डिग्री टॉर्चर का सामना करना पड़ा। उनकी आंख में चोट के बाद सामने आई तस्वीरों और लगाए गए आरोपों को लेकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और आजाद समाज पार्टी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। विपक्षी दलों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामले में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन मेरठ एसएसपी अविनाश पांडेय ने किसान नेता दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव को अपने कार्यालय बुलाया था। आरोपों के मुताबिक, वहां दोनों के साथ गाली-गलौज और



- चंद्रशेखर ने भी सीएम से की हस्तक्षेप की मांग

मारपीट की गई। इसके बाद उन्हें एसओजी के हवाले किए जाने और वहां भी कथित तौर पर थर्ड डिग्री दिए जाने का आरोप है।

आरोपों में यह भी कहा गया है कि दोनों को शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और दिग्विजय भाटी की आंख में गंभीर चोट आई। हालांकि, पुलिस की ओर से लगाए गए इन आरोपों पर आधिकारिक जांच के निष्कर्ष सामने आना अभी बाकी है।

आजाद समाज पार्टी के प्रमुख और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि एसएसपी कार्यालय और संबंधित स्थानों की सीसीटीवी फुटेज को तत्काल सुरक्षित कराया जाना चाहिए, ताकि घटना के संबंध में उपलब्ध साक्ष्यों से किसी तरह की छेड़छाड़ न हो सके। चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ितों का स्वतंत्र मेडिकल परीक्षण कराने की भी मांग की। उनका कहना है कि पुलिस हिरासत में किसी भी व्यक्ति के साथ कथित बर्बरता कानून-व्यवस्था और पुलिस की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप सही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने किसान के साथ कथित दुर्व्यवहार को गंभीर मामला बताते हुए कहा कि किसान का अपमान पूरे किसान समाज का अपमान है। अखिलेश ने घटना की जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# आरक्षण हटाने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर नया आंदोलन

- प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस और आरएएफ की तैनाती

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

आरक्षण व्यवस्था खत्म करने की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर लोगों ने एक नया आंदोलन शुरू किया है। शुक्रवार को प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आंदोलन को देखते हुए दिल्ली पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की टीम भी मौके पर पहुंची।

प्रदर्शनकारियों की ओर से आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की मांग उठाई जा रही है। जंतर-मंतर पर जुटी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पुलिस और आरएएफ के





जवान मौके पर तैनात हैं, ताकि प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे।

जंतर-मंतर दिल्ली में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर होने वाले प्रदर्शनों का प्रमुख केंद्र रहा है। आरक्षण के मुद्दे पर शुरू हुए इस आंदोलन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हैं। फिलहाल प्रदर्शन स्थल पर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

**तीखी चीनी**

### उत्पादन में कमी, मौसम की मार और एथेनॉल के लिए गन्ने के इस्तेमाल है मुख्य वजह

# देश में चीनी की आपूर्ति हुई सीमित, बाजार में 62 रुपए प्रति किलो

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश में चीनी की बढ़ती कीमतों और सीमित होती आपूर्ति ने चिंता बढ़ा दी है। पिछले एक महीने में कई शहरों में खुदरा चीनी के दाम करीब 42-45 रुपए से बढ़कर 60-62 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। उत्पादन में कमी, मौसम की मार, एथेनॉल के लिए गन्ने के इस्तेमाल, शुरुआती निर्यात और कुछ राज्यों में घटते स्टॉक को इसके प्रमुख कारणों में माना जा रहा है। 50 दिनों में चीनी 19 फीसदी मंहगी हो चुकी है।

2025-26 सीजन में चीनी का उत्पादन घरेलू खपत से कम रहने का अनुमान है। व्यापारिक अनुमानों के



अनुसार नेट चीनी उत्पादन करीब 2.79 करोड़ टन, जबकि घरेलू खपत करीब 2.85 करोड़ टन रह सकती है। इससे लगातार दूसरे साल मांग और आपूर्ति के बीच अंतर की स्थिति बनने की आशंका है।

सरकार ने घरेलू बाजार में आपूर्ति बनाए रखने के लिए 13 मई 2026 से चीनी के निर्यात पर रोक लगा रखी है, जो फिलहाल 30 सितंबर तक लागू है। इसके अलावा जमाखोरी रोकने के लिए डीलरों के स्टॉक पर सीमा लगाई गई है और मिलों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

सबसे अहम कदम के तहत सरकार ने 10 लाख मीट्रिक टन रॉ-शुगर के ड्यूटी-फ्री आयात की अनुमति दी है। इसका मकसद घरेलू बाजार में उपलब्धता बढ़ाना और कीमतों पर नियंत्रण रखना है। यानी भारत, जो दुनिया के बड़े चीनी उत्पादक देशों में शामिल है, मौजूदा दबाव के बीच विदेश से कच्ची चीनी मंगाने की तैयारी कर रहा है।

### ...तो क्या अब दाल रुलाएगी?

देश में चीनी की कीमतों और आपूर्ति को लेकर बढ़ी चिंता के बीच अब दालों की कीमतों पर भी नजर है। घरेलू उत्पादन में कमी, मौसम की अनिश्चितता और मांग बढ़ने की स्थिति में दालों की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। यदि घरेलू उत्पादन मांग के मुकाबले कम रहता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार से आयात महंगा होता है, तो इसका सीधा असर खुदरा कीमतों पर पड़ सकता है। त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने से भी कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका रहती है। हालांकि, फिलहाल दालों के मोर्चे पर चीनी जैसी तत्काल कमी की स्थिति बताना जल्दबाजी होगी। सरकार के लिए चुनौती यह होगी कि वह पर्याप्त घरेलू स्टॉक, समय पर आयात और जमाखोरी पर नियंत्रण के जरिए दालों की कीमतों को काबू में रखे।



# डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

जनपद के चित्तौड़गढ़ जलाशय को अंतरराष्ट्रीय महत्व की रामसर साइट के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में इस दिशा में चल रही कार्यवाही की प्रमुखता से समीक्षा की गई। सोहेलवा वन्यजीव अभयारण्य के रामपुर रेंज में स्थित चित्तौड़गढ़ जलाशय को रामसर साइट के रूप में नामित किए जाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा, जिससे आगे की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जा सके। जिलाधिकारी ने चित्तौड़गढ़ जलाशय से संबंधित आवश्यक डाटा उपलब्ध कराने के लिए अधिशाषी अभियंता चित्तौड़गढ़ बांध अखिलेश कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नामित करते हुए आगामी 4 से 5 दिनों के भीतर आवश्यक डाटा संकलित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के महत्वपूर्ण प्राकृतिक जलस्रोतों एवं आर्द्रभूमियों का संरक्षण पर्यावरण एवं जैव विविधता की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। चित्तौड़गढ़ जलाशय को रामसर साइट के रूप में पहचान मिलने की दिशा में सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। बैठक में सुआंव नदी के पुनर्जीवन के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। सुवांव नदी के पुराने प्रवाह क्षेत्र से जुड़ी पांच आर्द्रभूमियों एवं जल निकायों को चिन्हित किया गया है। इनके संरक्षण एवं बेहतर प्रबंधन की दिशा में आगे की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्रों का आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण करते हुए उनकी वास्तविक स्थिति का आकलन करने को कहा। इसके साथ ही वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद में रोपित पौधों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण के बाद पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। संबंधित विभाग अपने-अपने पौधरोपण स्थलों की नियमित निगरानी करें तथा पौधों की बेहतर जीवितता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधरोपण तक सीमित न रहे, बल्कि नदियों, तालाबों, आर्द्रभूमियों एवं प्राकृतिक जलस्रोतों के संरक्षण पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आधार सेवाओं में तेजी लाने पर जोर, जिलाधिकारी ने की आधार नामांकन व अपडेट कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित आधार नामांकन एवं आधार अपडेट सेवाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आधार नामांकन की प्रगति, बच्चों के आधार निर्माण, बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार सेवा केंद्रों के संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में आधार महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसलिए जनपद में प्रत्येक पात्र नागरिक को सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से आधार सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ आधार नामांकन एवं अपडेट के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार नामांकन की प्रगति की विशेष समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जाए, जिनका अभी तक आधार नामांकन नहीं हुआ है तथा विशेष अभियान चलाकर उनका आधार बनवाया जाए।

# भिटरिया हैदरगढ़ रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने पहुंची टीम



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट/बाराबंकी।**

भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता और मानकों की जांच के लिए शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सहायक अभियंता श्वेता यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। टीम ने सड़क निर्माण कार्य की बारीकी से जांच की और सड़क की खुदाई कराकर विभिन्न परतों की मोटाई व निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। सहायक अभियंता ने सड़क की चौड़ाई और अन्य तकनीकी मानकों की नाप-तौल कराई। निर्माण में इस्तेमाल की गई गिट्टी और अन्य मैटीरियल के नमूने भी जांच के लिए साथ ले जाए गए हैं। अधिकारियों ने यह परखा कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य विभागीय मानकों और निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं। बताया जा रहा है कि भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग का चौड़ीकरण क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री के आदेश पर कराया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर खुदाई के बाद गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री डालकर कुटाई का कार्य किया गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता यादव ने निर्माण कार्य के प्रत्येक चरण की जांच कराई। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता की जांच की जा रही है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हो।

जांच रिपोर्ट और मैटीरियल की परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### सर्पदंश में घबराएं नहीं, समय पर उपचार से बच सकती है जान

**बलरामपुर।** सर्पदंश की घटना में घबराने के बजाय तत्काल सही कदम उठाना बेहद जरूरी है। समय पर उचित उपचार मिलने से सर्पदंश के गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में किसी भी प्रकार के घरेलू उपचार, झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में समय न गंवाएं और पीड़ित को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा अस्पताल पहुंचाएं। सीएमओ ने बताया कि सर्पदंश के बाद पीड़ित को शांत रखें और उसे अनावश्यक रूप से चलने-फिरने न दें। काटे गए स्थान पर चीरा लगाना, जहर चूसना, कसकर रस्सी या कपड़ा बांधना अथवा किसी तरह का घरेलू उपचार करना नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे किसी भी उपाय से बचना चाहिए।

### ओवरलोडिंग व ट्रिपिंग की समस्या

**बलरामपुर।** जनपद में विद्युत वितरण व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सक्षम एवं उपभोक्ता-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों के फलस्वरूप मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बिजनेस प्लान 2026-27 के अंतर्गत जनपद में कुल 135 विद्युत सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 158.93 लाख (लगभग 1.59 करोड़) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों की स्थापना, वर्तमान ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि तथा अतिभारित फीडरों से लोड शिफ्टिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के धरातल पर पूर्ण होने से विद्युत भार का बेहतर प्रबंधन होगा तथा लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग एवं बार-बार ट्रिपिंग जैसी समस्याओं में कमी आएगी। इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### ग्राम पंचायत औरेला में आयोजित हुई चौपाल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत औरेला के पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की दो शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रशासक मुकाम हुसैन ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव अरविंद यादव ने किया।इस चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन, राशन वितरण और स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया और आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया।चौपाल में कुल दो शिकायतें सामने आईं। एक शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि दूसरी शिकायत के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया गया।पंचायत सचिव ने बताया कि प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग को भेजकर शीघ्र समाधान कराया जाएगा।इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी अपनी बात रखी और गांव में विकास कार्यों से जुड़े सुझाव दिए। चौपाल में गांव के दर्जनों ग्रामीण मौजद रहे।

### चोरी की इन्वर्टर बैटरी सहित तीन चोर गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना बदोसराय पुलिस द्वारा 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का इन्वर्टर बैटरी, इन्वर्टर एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद किया। थाना बदोसराय पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 184/2026 धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस. से संबंधित चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तगण 1. बिमलेश वर्मा पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम औलिया लालपुरवा थाना सफदरगंज बाराबंकी, 2. धनीराम वर्मा पुत्र स्व0 दयाराम वर्मा निवासी ग्राम औलिया लालपुरवा थाना सफदरगंज बाराबंकी, 3. भारत पुत्र नन्दकिशोर निवासी ग्राम व थाना सफदरगंज बाराबंकी को मेला रायगंज तिराहे के पास से इन्वर्टर बैटरी व इन्वर्टर तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों द्वारा दिनांक 19/20.08.2026 की रात्रि थाना बदोसराय क्षेत्रान्तर्गत नुमानी पेट्रोल पंप, रसूलपुर में खड़ी बस से इन्वर्टर बैटरी व इन्वर्टर चोरी किया गया था।

### जेवर नकदी के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर अन्तर्जनपदीय चोर/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के आभूषण (पायल, कंगन, ईयररिंग, माला), एक अदद चांदी का सिक्का, एक अदद चूल्हा, नगदी एवं घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तगण 1. नरसिंह, मानसिंह पुत्रगण गयाप्रसाद गौतम निवासी तेलवारी थाना रामनगर बाराबंकी (हाल पता- बड़ा भरवारा झोपड़पट्टी थाना विभूतिखण्ड लखनऊ), 2. अभिनन्दन यादव पुत्र संजय यादव निवासी चकिया रोड रूपईडिहा थाना रूपईडिहा जनपद बहराईच, को ओबरी जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण (पायल, कंगन, ईयररिंग,माला), एक अदद चांदी का सिक्का, एक अदद चूल्हा, एक अदद की-पैड फोन, 2350 /- रूपये नगदी तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण आदतन अपराधी हैं और चोरी करके अपना खर्चा चलाते हैं।

# तहसील बार चुनाव में अध्यक्ष परशुराम मिश्र व महामंत्री पद पर सतीश कुमार सिंह ने दर्ज की जीत

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट/बाराबंकी।**



तहसील बार एसोसिएशन रामसनेहीघाट के चुनाव में शुक्रवार को अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए हुई सीधी टक्कर में परशुराम मिश्र और सतीश कुमार सिंह ने जीत दर्ज की। एल्डर कमेटी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान और मतगणना संपन्न हुई। परिणाम घोषित होते ही तहसील परिसर में विजयी अधिवक्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अध्यक्ष पद के मुकाबले में परशुराम मिश्र ने अपने प्रतिद्वंद्वी शिवकुमार यादव को बड़े अंतर से हराया। परशुराम मिश्र को 45 मत मिले, जबकि शिवकुमार यादव को 11 वोट प्राप्त हुए। एक मत अवैध घोषित किया गया। अध्यक्ष पद की सीधी लड़ाई में परशुराम मिश्र ने स्पष्ट बढ़त के साथ जीत हासिल की। महामंत्री पद पर भी सतीश कुमार सिंह और रमेश बाबू त्रिवेदी के बीच सीधा मुकाबला हुआ। सतीश कुमार सिंह ने 41 मत हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रमेश बाबू त्रिवेदी को 15 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष पद पर दुर्गेश कुमार पांडे व रामशंकर यादव तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार सिंह और जितेंद्र कुमार शुक्ला निर्विरोध चुने गए। संयुक्त मंत्री पद पर सोहनलाल, प्रमोद कुमार सिंह और राजेश कुमार पांडे निर्वाचित हुए। प्रकाश नारायण श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में युगल किशोर वैश्य, इंद्र प्रताप सिंह, रविंद्र यादव, वसीम अहमद, संजय मिश्रा, मदन गोपाल और श्याम नारायण गुप्ता निर्वाचित हुए।

# मानसून में बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने किया सावधान

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

मानसून के दौरान बदलते मौसम और बारिश के कारण विभिन्न प्रकार के संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ सकता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि बारिश के मौसम में घरों एवं आसपास पानी एकत्रित होने से मच्छरों के पनपने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें और नियमित रूप से साफ-सफाई रखें। सीएमओ ने बताया कि मानसून में दूषित पानी और अस्वच्छ भोजन के कारण डायरिया तथा अन्य जलजनित संक्रमणों का जोखिम भी बढ़ जाता है। इसलिए लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का इस्तेमाल करने, भोजन को ढककर रखने और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में मच्छरों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें तथा घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर स्वयं उपचार करने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि 'स्वच्छता अपनाएं, संक्रमण का खतरा घटाएं' के संदेश को अपनाते हुए स्वयं और अपने परिवार को मानसून में होने वाले संक्रमणों से सुरक्षित रखें।

## सड़क सुरक्षा को लेकर पूरे जनपद में चला विशेष जागरूकता व प्रवर्तन अभियान

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने तथा वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रवर्तन विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनपद की सभी तहसीलों में प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने वीर विनय चौराहे पर मौजूद रहकर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एआरटीओ बृजेश यादव मौजूद रहें। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने फुलवरिया बाइपास पर मौजूद रहकर अभियान का संचालन कराया तथा वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया। विशेष अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट न लगाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालित करने सहित यातायात नियमों के विभिन्न उल्लंघनों के मामलों में कुल 367 वाहनों का चालान किया गया। इन मामलों में कुल 66,11,500 (छियासठ लाख ग्यारह हजार पांच सौ रुपये) का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक सुरक्षित यातायात को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे।

# तुलसी जयंती पखवाड़ा पर रामचरितमानस गायन प्रतियोगिता संपन्न, विजेता सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा तुलसी जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत जेबीएस संस्थान दुलहदेपुर, टिकैतनगर, बाराबंकी में छात्र-छात्राओं के बीच रामचरितमानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम विजेता गौरी निषाद, द्वितीय विजेता हिमांशी यादव, तृतीय विजेता बीना तथा सांत्वना पुरस्कार विजेता स्वाती यादव रहीं। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि प्रदीप सारंग व विशिष्ट अतिथि गुलजार बानो ने रामचरितमानस भेंट कर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि कवि एवं साहित्यकार प्रदीप सारंग ने कहा कि वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदाय के बीच गोस्वामी तुलसीदास का समन्वयवादी दृष्टिकोण अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता आनंद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर हिमांशु प्रताप सिंह, डॉ. पंक्षी यादव, निशा पांडेय, मो. आकिब, लवकुश विश्वकर्मा, कविता पांडेय, प्रमिला सिंह, पूर्णिमा त्रिवेदी, विनय शुक्ला, उपमा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ प्रवक्तागण भी शामिल रहे।

# मत्स्य आखेट नीलामी प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल बोली प्रतिस्पर्धा में की गई औपचारिकता

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट/बाराबंकी।**



घाघरा नदी के मत्स्य आखेट क्षेत्र की नीलामी प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। नीलामी में खुली और प्रतिस्पर्धी बोली न कराकर महज औपचारिकता पूरी किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि सभी पात्र समितियों को नीलामी में शामिल कर खुली बोली कराई जाए तो सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरते जाने से राजस्व हित प्रभावित होने की आशंका है।उज्ज्वल मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड, विकासखंड पूरेडलई के सदस्य मोहम्मद फैजान पुत्र इरफान ने उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराने और समिति को नीलामी प्रक्रिया में शामिल किए जाने की मांग की है।

शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि समिति का कार्यक्षेत्र घाघरा नदी के टुकड़ा नंबर-2 में करीब पांच किलोमीटर तक फैला है। इसके अंतर्गत जेवड़ी नाला और बहवा ताल का क्षेत्र भी शामिल बताया गया है। समिति का कहना है कि संबंधित मत्स्य आखेट क्षेत्र की नीलामी में भाग लेने के लिए अनुमति मांगने के बावजूद मत्स्य विभाग और तहसील प्रशासन की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। आरोप है कि समिति के पदाधिकारियों को लगातार कार्यालयों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, जिस क्षेत्र की नीलामी प्रस्तावित है, वह समिति के क्षेत्राधिकार में आता है। ऐसे में क्षेत्राधिकार रखने वाली समिति को प्रक्रिया से बाहर रखकर किसी दूसरी समिति को शामिल किया जाता है तो उसके अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। समिति ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और क्षेत्राधिकार व राजस्व हित को देखते हुए समिति को प्रतिभाग करने की अनुमति देने की मांग की है।

# बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए बहराइच से 25 कांवड़ियों का जत्था रवाना

- सुल्तानगंज से जल भरकर पदयात्रा करते हुए पहुंचेंगे देवघर

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर में जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए बोल बम कांवड़िया संघ बहराइच' के तत्वावधान में 25 श्रद्धालुओं का एक जत्था पूरी आस्था व उत्साह के साथ आज बहराइच से रवाना हुआ। यह जत्था वरिष्ठ अधिवक्ता एवं संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी के नेतृत्व तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी (संरक्षक) के मार्गदर्शन में रवाना हुआ। प्रस्थान के समय रेलवे प्लेटफॉर्म पर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। गेरुआ वस्त्र धारण किए और सजी-धजी पवित्र कांवर लिए श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारे लगाए,जत्थे में शामिल श्रद्धालु सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर पदयात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेंगे और शिवलिंग पर पवित्र जल अर्पित कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना करेंगे। इस जत्थे में मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र मिश्र (अधिवक्ता), कोषाध्यक्ष सत्यदेव गुप्ता, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी (अधिवक्ता), जय प्रकाश पाण्डेय (अधिवक्ता), रवि पाण्डेय (अधिवक्ता), प्रवीण मिश्रा (अधिवक्ता), मनोज कुमार अवस्थी (अधिवक्ता), जयन्त कुमार मिश्र (अधिवक्ता), अनिकेत श्रीवास्तव (अधिवक्ता), सुनीता मिश्र, मनीष तिवारी, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार मिश्र, सच्चिदानन्द, शिवशरण शर्मा, सत्येन्द्र कुमार, अजय कुमार यादव, आशुतोष मिश्र, सुरेश कुमार मिश्र, अम्बिका प्रसाद यादव, मनोज कुमार तिवारी, राम कुमार यादव और दुखी प्रसाद यादव सहित कुल 25 श्रद्धालु शामिल हैं।

# 2 घंटे तक बजता रहा बैंक का इमरजेंसी अलार्म

- पुलिस ने खंगाला परिसर, नहीं मिले सेंधमारी के संकेत

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**





जिले के नवाबगंज कस्बे में स्थित इंडियन बैंक शाखा में गुरुवार रात अचानक इमरजेंसी अलार्म बजने से आसपास के लोगों में कौतूहल फैल गया। रात करीब 11 बजे शुरू हुआ अलार्म लगातार काफी देर तक बजता रहा। अलार्म की आवाज सुनकर आसपास के कई लोग बैंक के पास जमा हो गए। स्थानीय निवासियों, जिनमें पप्पू अंसारी और शहाबुद्दीन शामिल थे, ने बैंक में तैनात सुरक्षा गार्ड से घटना के बारे में जानकारी ली। सुरक्षा गार्ड ने तत्काल नवाबगंज थाना प्रभारी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बैंक परिसर का गहनता से जायजा लिया। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या सेंधमारी का कोई संकेत नहीं मिला। लोगों ने बैंक शाखा प्रबंधक से भी संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन संपर्क में नहीं आ सका। करीब दो घंटे तक बजने के बाद अलार्म अचानक अपने आप बंद हो गया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों और बैंक कर्मचारियों ने राहत महसूस की। हालांकि, इमरजेंसी अलार्म किन परिस्थितियों में सक्रिय हुआ और इतनी देर तक क्यों बजता रहा, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस इस मामले में आगे की जानकारी जुटा रही है।


## अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) नवाबगंज, बाराबंकी।
वाद सं0-41296/2025, ता0पे0-24.08.2026 पवन कुमार आदि बनाम राजेश कुमार आदि 1. राजेशकुमार पुत्र गोकरन निवासी ग्राम देवा खास परगना देवा तहसील नवाबगंज, बाराबंकी 2. अतुल कुमार पुत्र भारत निवासी ग्राम मामापुर परगना देवा तहसील नवाबगंज, बाराबंकी 3. रामप्रताप पुत्र केशन निवासी ग्राम देवा खास परगना देवा तहसील नवाबगंज, बाराबंकी 4. प्रशांत कुमार पुत्र उमेशचन्द्र राय निवासी ग्राम कैलाशपुरी मिश्रोलिया जिला गोरखपुर 5. मुकेश पुत्र गोकरन निवासी ग्राम देवा खास, परगना देवा तहसील नवाबगंज, बाराबंकी 6. ग्राम सभा देवा खास तहसील नवाबांज, जिला बाराबंकी द्वारा अध्यक्ष ग्राम प्रधान देवा खास, जिला बाराबंकी। चूंकि उपरिनामांकित वादीजन ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 08 के 24 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

**न्यायाधीश**


# शिवबाबा धाम में आज 312 जोड़ों का सामूहिक विवाह

- प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 22 अगस्त को शिवबाबा धाम, अकबरपुर में 312 जोड़ों का सामूहिक विवाह पूरे रीति-रिवाज और गरिमापूर्ण माहौल में कराया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, भोजन, पेयजल, चिकित्सा और स्वच्छता समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के निर्देश पर परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी को कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर विवाहिता जोड़ों के लिए अलग पंडाल, भोजन एवं काउंटर, साज-सज्जा, सामग्री वितरण और स्वच्छता की व्यवस्था की गई है। पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, अग्निशमन वाहन तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की भी व्यवस्था रहेगी। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और मोबाइल मेडिकल वैन तैनात किए जाएंगे। यातायात व्यवस्था के लिए पर्याप्त महिला एवं पुरुष सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**प्रति जोड़ा एक लाख रुपये का प्रावधान**

मुख्य विकास अधिकारी के अनुसार योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये की धनराशि का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से दिए जाते हैं, जबकि 21 हजार रुपये दैनिक उपयोग की सामग्री तथा 15 हजार रुपये बारातियों और परिजनों के स्वागत-सत्कार, भोजन, नाश्ता, टेंट आदि व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि समारोह में शामिल होने वाले 312 जोड़ों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# चोरी करने घुसे युवक को ग्रामीणों ने खंभे से बांधा

- पुलिस हिरासत में साथियों के नाम भी बताए

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

रानीपुर थाना क्षेत्र के पिपरिया महिपाल गांव में गुरुवार देर रात चोरी करने घुसे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उसे एक खंभे से बांधकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर रानीपुर पुलिस ने शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि गांव में पिछले कुछ दिनों से चोरी की कई घटनाएं हुई थीं, जिसके कारण ग्रामीण रात में विशेष रूप से सतर्क रहते थे। गुरुवार रात करीब दो बजे ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को गांव में घूमते देखा। शक होने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और एक खंभे से बांध दिया। इसके बाद उन्होंने रानीपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक ने क्षेत्र में पहले हुई कुछ चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसने इन घटनाओं में शामिल अपने कुछ साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं. 427265398459 में त्रुटिवश उसका नाम शवास्ती लिख गया है। जब कि मेरी पुत्री का सही नाम स्वाती है। जो कि उसके सभी दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मेरी पुत्री को स्वाती नाम से जाना व पहचाना पाए।

**सूचनाकर्ता**
**शिवमंगल पुत्र राममनोहर**
**ग्राम जराहरा पोस्ट भनौली तहसील**
**नवाबगंज जिला बाराबंकी।**

## मुख्यमंत्री योगी का सपा पर बड़ा हमला

# 'पी' की परिभाषा पाकिस्तान भी बता देंगे सपाई

▸ कल्याण सिंह ने सत्ता छोड़ने का दिखाया था साहस



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित 'हिंदू गौरव दिवस' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कल्याण सिंह के राजनीतिक जीवन और राम मंदिर आंदोलन में उनकी भूमिका को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता से ज्यादा अपने सिद्धांतों को महत्व दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण सिंह दबाव में आकर काम करने वाले नेता नहीं थे। वह कहा करते थे कि 'कल्याण सिंह टूट सकता है, लेकिन झुक नहीं सकता।' योगी ने राम जन्मभूमि आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि कल्याण सिंह ने संघर्ष स्वीकार किया, सत्ता जाना स्वीकार किया, लेकिन भगवान श्रीराम का अपमान स्वीकार नहीं किया। योगी ने कहा कि कल्याण सिंह ने राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काम किया तथा नकल माफिया के खिलाफ कार्रवाई की। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में न्यूनतम शिष्टाचार भी होना चाहिए, लेकिन सपा ने कल्याण सिंह की अंतिम यात्रा से लेकर श्रद्धांजलि सभा तक से दूरी बनाए रखी।

योगी ने कहा कि कल्याण सिंह को उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। योगी ने अखिलेश यादव का नाम लिए बिना सपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले लोग कभी 'पी' की परिभाषा पिछड़ा बताते हैं तो कभी पंडित। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि किसी दिन यही लोग 'पी' की परिभाषा पाकिस्तान भी बता देंगे। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कन्नौज मेडिकल कॉलेज और अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर बने महाविद्यालय का नाम बदले जाने को लेकर भी सवाल उठाया।

मुख्यमंत्री के इस बयान को समाजवादी पार्टी की राजनीति और उसके सामाजिक समीकरणों पर सीधे हमले के तौर पर देखा जा रहा है। योगी ने सपा पर आरोप लगाया कि वह परिस्थितियों के अनुसार अपनी राजनीतिक भाषा और मुद्दे बदलती रही है।

## जापानी प्रतिनिधिमंडल ने किया विधानसभा का भ्रमण

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रांत के बीच मैत्रीपूर्ण एवं संस्थागत संबंधों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली ऑफ जापान और उत्तर प्रदेश विधानसभा के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान के लिए शुक्रवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते का उद्देश्य दोनों विधानसभाओं के बीच नियमित संवाद, आपसी समझ और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने जापान के यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल को विधानसभा परिसर का भ्रमण कराया गया और सदन की कार्यप्रणाली, उसकी भूमिका तथा ऐतिहासिक एवं लोकतांत्रिक विरासत की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को स्मृति चिह्न भेंट कर मित्रता और सद्भाव का संदेश दिया।

एमओयू पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना और यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली के चेयरमैन हिदेनोरी मियामोतो ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश और यामानाशी के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को विकसित करने तथा दोनों क्षेत्रों के बीच करीबी और मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। एमओयू के तहत दोनों विधानसभाओं के बीच म्युचुअल विजिट्स, इनफॉर्मेशन एक्सचेंज और एक्सचेंज एक्टिविटीज को प्रोत्साहित किया जाएगा। दोनों पक्ष अपनी कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं और अनुभवों को साझा करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### देशभर में यूपी की राखियों की धूम

**लखनऊ।** इस रक्षाबंधन भाइयों की कलाइयों पर उत्तर प्रदेश की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हुनर और आत्मनिर्भरता का रंग नजर आएगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी करीब 5000 महिलाएं आकर्षक और हस्तनिर्मित राखियां तैयार कर रही हैं। प्रयागराज, वाराणसी, बागपत, बुलंदशहर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, उन्नाव, शामली, जौनपुर और मिर्जापुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में राखियों का निर्माण हो रहा है। महिलाओं द्वारा तैयार राखियों की स्थानीय बाजारों के साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी मांग बढ़ी है। ई-सरस समेत विभिन्न ई-कॉमर्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए इन उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जा रहा है। मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद और नोएडा के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार राखियों की ई-सरस पर लगातार अच्छी मांग मिल रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने के कारण ग्रामीण महिलाओं के उत्पाद अब स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं हैं। ई-कॉमर्स के माध्यम से उन्हें नए ग्राहक मिल रहे हैं। साथ ही पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद तैयार करने का अनुभव भी मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा राखी निर्माण से उनकी आय बढ़ने के साथ ग्रामीण संस्कृति और महिलाओं की रचनात्मकता को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे सरकार के 'लोकल फॉर लोकल' संकल्प को गति मिलेगी और महिला उद्यमिता तथा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की मुहिम मजबूत होगी।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**लखनऊ।** बंथरा गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव बंद कमरे में फंदे से लटका मिला। घर से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने उसके बड़े भाई को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मामले का पता चला। मृतक की पहचान संदीप साहू उर्फसोनू (30) के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने उसके बड़े भाई सुंदर साहू को बताया। सुंदर ने छत से झांककर देखा तो संदीप कमरे के अंदर पंखे के हुक से रस्सी के सहारे लटका हुआ था। सुंदर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक संदीप साहू उर्फसोनू पुताई का काम करता था। वह अपनी पत्नी जयश्री और तीन वर्षीय बेटी के साथ रहता था। करीब 12 दिन पहले उसकी पत्नी अपनी बेटी को लेकर हरदोई स्थित अपने मायके चली गई थी, जिसके बाद संदीप घर पर अकेला रह रहा था। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। आसपास के लोगों ने बताया कि संदीप को आखिरी बार बुधवार को देखा गया था, जिसके बाद वह नजर नहीं आया। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उसने बुधवार रात को ही फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### एटीएम काटकर लूट की कोशिश, एक गिरफ्तार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 12.30 बजे बदमाशों ने एटीएम लूटने की कोशिश की। बिना नंबर की सफेद कार से पहुंचे बदमाशों ने एटीएम को काटकर कैश निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान ग्रामीणों को आहट हुई तो उन्होंने शोर मचा दिया। ग्रामीणों को आता देख बदमाश एटीएम की स्क्रीन और कुछ सामान लेकर कार से भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस ने बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया। पुलिस ने एक बदमाश को कार समेत पकड़ लिया, जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि फरार साथी और घटना में शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। इंडिया वन एटीएम के फ्रेंचाइजी पार्टनर और आलमबाग के मवइया निवासी राहुल गुप्ता ने बताया कि मोहनलालगंज कस्बे में मौरावां रोड पर उनका इंडिया वन एटीएम लगा है। 20,21 अगस्त की रात करीब 12.30 बजे कार से आए कुछ बदमाशों ने एटीएम मशीन का ऊपरी हिस्सा तोड़ दिया। बदमाश स्क्रीन, की-पैड, कार्ड रीडर, मशीन का लोगो और अन्य पुर्जे अपने साथ ले गए। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने एटीएम में लगा कैमरा भी तोड़कर चोरी कर लिया। आसपास के लोगों से फोन पर सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे और नुकसान की जानकारी हुई। राहत की बात यह रही कि बदमाश एटीएम से नकदी चोरी करने में सफल नहीं हो सके।

### छात्राओं ने नशामुक्ति का लिया संकल्प

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज में शुक्रवार को नशामुक्ति को लेकर अभियान चलाया। यहां विज्ञान क्लब की इकाई ने 'नशामुक्त युवा विकसित भारत अभियान' के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कराई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने नशामुक्ति, स्वस्थ समाज और विकसित भारत की सोच को दर्शाते हुए नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे अनेक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी स्लोगन लिखे। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि न हम नशा करेंगे और न ही किसी को नशा करने देंगे।

# बुकिंग के बाद ड्राइवर नहीं पहुंचा तो 100 रुपये की पेनाल्टी

▸ उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 2026 लागू

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में ऐप आधारित कैब, टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं को लेकर सरकार ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब एग्रीगेटर कंपनियों की मनमानी पर निगरानी के साथ यात्रियों की सुरक्षा, किराये में पारदर्शिता और ड्राइवरों के कल्याण पर भी जोर रहेगा। सरकार ने उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक एवं वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 लागू करने के साथ यूपी माय फ्लीट एग्रीगेटर पोर्टल भी शुरू किया है।




नई नियमावली में डायनेमिक प्राइसिंग को लेकर अहम प्रावधान किया गया है। मांग बढ़ने पर एग्रीगेटर बेस फेयर से अधिकतम 50 प्रतिशत तक ही किराया ले सकेंगे। इससे पीक टाइम या ज्यादा मांग के दौरान किराये में होने वाली बेतहाशा बढ़ोतरी पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

नियमों के मुताबिक बुकिंग स्वीकार करने के बाद अगर निर्धारित समय तक चालक यात्री को पिकअप नहीं करता है तो 100 रुपये का अर्थदंड लगाया जा सकेगा। खास बात यह है कि इस पेनाल्टी से मिलने वाला लाभ यात्री को उसकी अगली ट्रिप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

यानी यात्रियों के लिए सबसे बड़ी राहत यह होगी कि ऐप कैब की बुकिंग के दौरान किराये में अत्यधिक उछाल पर सरकार की तय सीमा लागू होगी।

सरकार ने एग्रीगेटर से जुड़े ड्राइवरों की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर भी जोर दिया है। ड्राइवरों का चरित्र एवं पुलिस सत्यापन कराने के साथ मनोवैज्ञानिक परीक्षण का प्रावधान किया गया है

### ड्राइवरों के लिए पांच लाख का हेल्थ इंश्योरेंस

नई व्यवस्था में चालकों के लिए 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रत्येक यात्री के लिए बीमा कराना एग्रीगेटर के लिए अनिवार्य होगा। नई नियमावली के तहत एग्रीगेटर के लिए आवेदन शुल्क 25 हजार रुपये और लाइसेंस शुल्क 5 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा वाहन बेड़े के आकार के अनुसार सुरक्षा जमा राशि भी तय की गई है। नियमों या लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर दंड का भी प्रावधान किया गया है।

# खाद्य प्रसंस्करण में जापानी निवेशकों का उत्तर प्रदेश में स्वागत : केशव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में इन्वेस्ट यूपी द्वारा आयोजित जापान-भारत व्यापार नेटवर्किंग कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भारत और जापान के बीच भगवान तथागत बुद्ध की करुणा, शांति, मानव कल्याण एवं ज्ञान की शिक्षाओं से जुड़ा सदियों पुराना आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संबंध है। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध की पावन स्मृतियों से लेकर जापान की समृद्ध बौद्ध परंपराओं तक दोनों देशों के बीच साझा विरासत और आत्मीयता का मजबूत सेतु विद्यमान है। उप मुख्यमंत्री ने जापानी निवेशकों का आह्वान किया कि वे उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के बड़े उद्यमी जापानी कंपनियों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए तैयार हैं। उनका राज्य में स्वागत है और उन्हें हर स्तर पर पूरा सहयोग देने का कार्य राजय सरकार करेगी।

# उ.प्र. में सात दिन बारिश का दौर

▸ 15 जिलों में तीन घंटे के लिए ऑरेंज अलर्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां लगातार सक्रिय बनी हुई हैं। प्रादेशिक मौसम केंद्र, लखनऊ की ओर से जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में 21 से 27 अगस्त तक कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहने की संभावना है। वहीं, सचेत ऐप से प्राप्त ताजा सूचना के अनुसार अगले 03 घंटों के दौरान प्रदेश के 15 जिलों में मध्यम से तीव्र बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। हालांकि ताजा ऑरेंज अलर्ट में लखनऊ का नाम शामिल नहीं है, लेकिन आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय मौसम प्रणाली को देखते हुए स्थानीय स्तर पर सतर्कता जरूरी है। बारिश और वज्रपात के दौरान लोगों को खुले मैदान, पेड़ के नीचे, बिजली के खंभों और जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। किसान, यात्री और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग विशेष सावधानी बरतें।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 21 से 27 अगस्त तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बनी रहने की संभावना है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ आसपास के राज्यों में भी मौसम सक्रिय रह सकता है। लोगों को स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग की ओर से जारी ताजा चेतावनियों और अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी गई है। मौसम केंद्र के अनुसार, पूर्वानुमान एवं चेतावनी संबंधित दिन सुबह 08:30 बजे से अगले दिन सुबह 08:30 बजे तक प्रभावी रहती है। वहीं, सचेत ऐप की ऑरेंज अलर्ट सूचना अगले 03 घंटों के लिए है। स्थानीय स्तर पर मौसम तेजी से बदल सकता है।



### पूर्वी यूपी में बारिश की गतिविधियां बढ़ने का अनुमान

प्रादेशिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मौसम पूर्वानुमान के तहत पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की बहुत संभावना है। पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी यूपी में भी कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। 22 अगस्त को पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है। यहां अनेक स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की बहुत संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसके बाद 23 से 27 अगस्त तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश तथा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।

# तिरंगा यात्रा निकालकर सरकार से की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



अटेवा द्वारा आज पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर तिरंगा यात्रा निकालकर सरकार से पुरानी पेंशन की बहाली टीईटी की अनिवार्यता की समाप्ति, निजीकरण की समाप्ति की मांग की। शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्लेकार्ड,पोस्टर, बैनर पर एनपीएस गो बैक, पुरानी पेंशन बहाल करो, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करो, निजीकरण समाप्त करो, पुरानी पेंशन हक है, लेके रहेंगे आदि नारे लगाते हुए सरकार से अपनी मांगे दोहराई और कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक अटेवा द्वारा संघर्ष जारी रहेगा। तिरंगा यात्रा में शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपने मुद्दे पर एकजुटता दिखाई। सभी जनपदों में लगातार लोग शामिल होते रहे और अपने हक के लिए आवाज बुलंद किया। आज प्रदेश भर में ओटीएस का नारा और तिरंगा ही दिखाई पड़ रहा था।

लखनऊ में यह तिरंगा यात्रा कर्मचारी नेता स्व बीएन सिंह की प्रतिमा से निकाली गई। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा में विभिन्न कर्मचारी, शिक्षक संगठनों ने भी भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल न होने से आज शिक्षक, कर्मचारी का बुढ़ापा अंधेरे में है। टीईटी की अनिवार्यता हो जाने से आज शिक्षको के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। साथ निजीकरण होने से आम आदमी का नुकसान हो रहा है। इसलिए सरकार जब तक इन मुद्दों को हल नहीं करती है तब तक अटेवा का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश महामंत्री डॉ नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार उदार हृदय से शिक्षक और कर्मचारियों की मांगों को हल करे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता से लाखों शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ गई है। पंचायती राज सफाई कर्मचारी एसोसिएशन के वरिष्ठ कर्मचारी नेता रामेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार अब चुनाव के समय शिक्षकों, कर्मचारियों के मुद्दों को हल करे और इस वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाये। राजकीय नर्सेज संघ के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार ने भी बात रखी। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से विक्रमादित्य मौर्य, रजत प्रकाश, सुनील वर्मा, विजय विश्वास, नरेंद्र कुमार, विवेक, पंकज यादव समेत भारी संख्या में कर्मचारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

# सरकारें फायदे के लिए बदलती रहती हैं कानून : मायावती

▸ बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वंदे मातरम् गायन पर दी प्रतिक्रिया

▸ बेरोजगार युवाओं व बाढ़ जैसे अनेक मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वंदे मातरम् गायन पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस पर राजनीति करना ठीक नहीं है।

जनता का ध्यान बांटने के लिए नई सरकारें अपने फायदे के लिए पुरानी सरकारों के कानूनों को बदलती रहती हैं। मायावती ने शुक्रवार को कहा कि देश में वंदेमातरम् गायन को पूरा गाना है या शुरू के दो छंद (पैरा) गाना है। या नहीं गाना है, इसको लेकर जो इस समय में देश में राजनीति चल रही है, यह ठीक नहीं है। इस मामले में हमारी पार्टी का यही कहना है कि वंदेमातरम् गायन को लेकर अभी हाल ही में संसद में जो क़ानून पास किया गया है यह कोई पहली बार ऐसा नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्यों में भी सत्ता परिवर्तन के दौरान सभी पार्टियां अपने राजनीतिक स्वार्थ के हिसाब से या फिर अपनी कमियों पर से जनता का ध्यान बांटने के लिए यह सब करती रहती हैं। एक-दूसरे के बने क़ानूनों को बदलती रहती हैं।

उन्होंने कहा कि इस समय बेरोजगार युवाओं, जेन-जी, जी-अल्फा और बाढ़ जैसे अनेक मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। देश व जनहित में समय की सबसे जरूरी मांग यही है।

### पर्यटन मंत्री आज से सुलतानपुर, जौनपुर व वाराणसी दौरे पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज पूर्वाह्न 10 बजे से सुलतानपुर, जौनपुर तथा वाराणसी के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार अपराह्न 4 बजे होटल ताज गंगेज वाराणसी में 56वें एफएचआरएआई वार्षिक कन्वेंशन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरान्त सायं 7 बजे पं दीनदयाल उपाध्याय हस्थकला संकुल बड़ालालपुर वाराणसी में उड़ीसा पर्व पर आयोजित रोड शो में शामिल होंगे।

23 अगस्त को काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में दर्शन पूजन करेंगे और अपराह्न 1 बजे तक लखनऊ वापस आयेगे।

**तकनीकी**

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में परिवर्तन योजना लागू

# परिवर्तन योजना पर्यावरण व जन हितैषी है : दयाशंकर

▸ बीएस-06 वाहनों की खरीद पर वाहन स्वामियों को मिलेगा पंजीयन एवं मार्गकर में 100 प्रतिशत छूट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**






उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सड़क परिवहन एवं राजामार्ग मंत्रालय भारत सरकार (मोर्थ) द्वारा परिवर्तन योजना लागू की गयी है जो कि उ0प्र0 के मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर एवं शामली में भी प्रभावी होगी।

उन्होंने बताया कि योजना में बीएस-01, बीएस-02, बीएस-03 एव बीएस-04 श्रेणी के मालवाहनों में ट्रक एवं बस को बीएस-06 डीजल/सीएनजी अथवा विद्युत (इलेक्ट्रिक) वाहनों से प्रतिस्थापित किया जाना है। इससे स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल तथा आमजन के हित में परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि उक्त श्रेणी के बस एवं मालवाहन (ट्रक) स्वामियों द्वारा वाहनों को स्क्रैप किए जाने पर निक्षेप प्रमाण-पत्र (सीओडी) प्राप्त होगा। इससे नए बीएस-6 वाहन खरीदने पर वाहन कर एवं पंजीयन शुल्क में 100 प्रतिशत छूट तथा मार्ग कर में 10 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा पुराने बीएस-6 वाहनों को खरीदने पर मार्ग कर में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। साथ ही उक्त वाहनों को स्क्रैप कराकर उसके स्थान पर बीएस-6 वाहन खरीदने पर 01 वर्ष से पूर्व का बकाया राजस्व पूर्णतः माफ होगा। इसके साथ ही बीएस-6 वाहनों को खरीदने पर 05 प्रतिशत ऋण अनुदान एवं 05 वर्षों तक के लिए ईंधन वाउचर भी दिया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि ईवी वाहनों के खरीदने पर 64 हजार से लेकर 2 लाख 56 हजार की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था परिवर्तन योजना में शामिल है। योजना में बीएस-6 मानक के नए वाहनों की खरीद पर वाहन निर्माताओं द्वारा 08 प्रतिशत तक छूट दिए जाने की भी व्यवस्था की गयी है।

उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के वाहन स्वामियों से अपील की है कि जिन वाहन स्वामियों के पास बीएस-01, बीएस-02, बीएस-03 एव बीएस-04 श्रेणी के पुराने ट्रक एवं बसें है वे केन्द्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं और पर्यावरण अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहित करने में सरकार की मदद करें। भारत सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप ही प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र के लिए भी अधिसूचना जारी कर दी है, जिससे एनसीआर क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल बनाकर यहां रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य लाभ होगा।

# स्काउट-गाइड छात्राओं ने किया पौधारोपण

▸ बीकेटी इंटर कॉलेज में पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

स्काउट गाइड ने ठाना है, पर्यावरण हमको बचाना है इसी संदेश और संकल्प के साथ बक्शी का तालाब बीकेटी इंटर कॉलेज लखनऊ में स्काउट-गाइड छात्राओं द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने करौंदे के पौधों का रोपण कर उनकी सिंचाई की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

प्रधानाचार्य अशोक कुमार बाजपेई ने कहा यदि जीवन बचाना है तो पर्यावरण को बचाना होगा। पौधे हैं तो जीवन है, इसलिए सभी छात्र संकल्प लें कि सर्वप्रथम पर्यावरण की सुरक्षा करेंगे, तभी हम अपनी और समाज की जीवन रक्षा कर पाएंगे। पौधों की व्यवस्था प्रबंधन सहायक पन्नालाल गुप्ता द्वारा की गई, जो निरंतर वृक्षारोपण के लिए सभी को प्रेरित करते रहते हैं।

उनका मानना है कि बढ़ते प्रदूषण से जीवन की रक्षा केवल पौधे ही कर सकते हैं। कृषि प्रवक्ता स्काउट नेशनल ट्रेनर डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने छात्राओं को करौंदे के औषधीय व व्यावहारिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी। करौंदा आयरन, विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। यह रक्त की कमी दूर करता है, दांतों की बीमारियों में राहत देता है और इसके पत्तों का काढ़ा तेज बुखार को नियंत्रित करता है। इसकी जड़ अतिसार में लाभदायक है तथा इसके फल का दूध कैल्शियम से समृद्ध होता है जो हड्डियों को मजबूत बनाता है।



वृक्षारोपण करते विद्यार्थी

करौंदा एक कँटीला पौधा है, जिसे खेत या बाग के चारों तरफ लगाने पर यह एक सुरक्षित दीवार का काम करता है और अनचाहे पशुओं को अंदर आने से रोकता है। इसके फलों से चटनी, मुरब्बा और अचार भी बनाए जाते हैं। कार्यक्रम में स्काउट प्रभारी रविंद्र कुमार मौर्य, कुशल प्रशिक्षक विवेक श्रीवास्तव, डॉ0 नंदलाल एवं डॉ0 रीता मिश्रा मौजूद रही। प्रशिक्षक विवेक श्रीवास्तव ने बच्चों में उत्साह भरने के लिए पर्यावरण संबंधी नारे लगवाए।

डॉ0 नंदलाल ने सभी को पौधों की सुरक्षा व संरक्षण की प्रतिज्ञा दिलाई। पौधारोपण अभियान में इकरा, दिशा, मंजली, रीशा, मानवी, दुर्गेश कुमारी, महिमा, प्रियांशी, अंशिका, नैंसी, आलोक वर्मा, अमित, विशाल, अर्पिता, पीहू, अनन्या, लक्ष्मी, विधि, जानवी आदि मौजूद रहे।

# आलू लदे ट्रक ने कांवड़ियों को रौंदा, दो की मौत, चार घायल

## जलाभिषेक के लिए जा रहे 15 शिवभक्त हादसे का शिकार, ट्रक चालक हिरासत में

- घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे एसपी कार्रवाई का दिया भरोसा

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।**





कांवड़ लेकर शिव मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को रौंदने से शुक्रवार सुबह क्षेत्र के नवादा मोड़ के पास हादसा हो गया। जैतीपुर थाना क्षेत्र में आलू से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने कांवड़ियों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

बताया गया कि जैतीपुर के गांव वमिहाना निवासी प्रेमपाल के ट्रैक्टर से 15 शिवभक्त शुक्रवार सुबह दातागंज के बेलाडाढ़ी स्थित रामगंगा से जल लेकर शाहजहांपुर के मदनापुर के फिरोजपुर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने निकले थे। ट्रैक्टर में कलश रखे थे और ट्रैक्टर को जितिन चला रहा था। अन्य कांवड़िए मोहित, अंकित, शिवम, अमन, गुड्डू, राजू सहित पैदल चल रहे थे। कावड़ यात्रा जैतीपुर थाना की पुलिस चैकी नवादा मोड़ से आगे दातागंज मार्ग पर पहुंची थी कि तभी दातागंज की ओर से आ रहा आलू लदे ट्रक ने पीछे से सभी को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमन पुत्र प्रेमपाल 18 और गुड्डू पुत्र बेचेलाल 25 की मौके पर ही मौत हो गई। मोहित, अंकित, शिवम और ट्रैक्टर चालक जितिन गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चैकी पर खड़ा करा दिया और चालक को हिरासत में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सौरभ दीक्षित और सीओ विदुष सक्सेना मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने ट्रक को सीज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

> जैतीपुर क्षेत्र में हादसे में दो लोगों की मृत्यु और कुछ लोगों के घायल होने की सूचना पर पुलिस बल ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। आरोपित ट्रक चालक को पकड़ लिया गया हैं, आगे की कार्रवाई को किया जा रहा है।
> -विदुष सक्सेना
> सीओ तिलहर

# छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी के पास से तमंचा व कारतूस बरामद

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



रोजा पुलिस टीम द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को एक अदद तमन्चा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि थाना रोजा पुलिस टीम देखरेख शान्ति व्यवस्था डियूटी चैकिंग संदिग्ध वाहन व्यक्ति में रवाना होकर क्षेत्र में मामूर थी तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि आपके थाने क्षेत्र में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी इस समय अटसलिया रेलवे पुल के पास तमंचा लिए खडा है। इस सूचना पर थाना रोजा पुलिस द्वारा अटसलिया ओवरब्रिज के पास से आरोपी पप्पू पुत्र मेहदी हसन निवासी ग्राम सुतेनेरा थाना रोजा को एक अदद तमन्चा व एक कारतूस के साथ शुक्रवार की दोपहर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### रोजगार सेवक ने लगाया प्रधान पर मारपीट का आरोप

**कांट, शाहजहांपुर।** रोजगार सेवक ने ग्राम प्रधान पर गाली गलौज एवं मारपीट का आरोप लगाकर बीडीओ को दिया प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान ने कहा प्रधान हाजिरी लगाने जा रहा था कोई गाली गलौज एवं मारपीट नहीं की। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार ने कहा मामले की जांच करेंगे। गुरुवार को ग्राम पंचायत मीरवैशपुर के रोजगार सेवक रमन पाल ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गुरुवार को ग्राम पंचायत मीरवैशपुर में आपटर की पांच जिओ टेक करने शेष श्रमिकों की के वाई सी, वृक्षारोपण के लिए गड्ढा खुदान के लिए लेबर लेकर गया था इसी दौरान ग्राम प्रधान जसपाल सिंह वहां आए और उसे तथा लेबर राजपाल को गाली देते हुए मारपीट करने लगे। एससी कैटेगरी का हूं ग्राम प्रधान जसपाल सिंह हमेशा गाली देते हैं तथा योजना के तहत काम नहीं करने देते है। इस संबंध में ग्राम प्रधान जसपाल सिंह ने कहा कि मानदेय निकालने के लिए रोजगार सेवक लेबर की फर्जी हाजिरी लगाने पहुंचा था जबकि काम हो नहीं रहा है इसको सिर्फ मना किया गया कोई गाली गलौज अथवा मारपीट नहीं की आरोप पूरी तरह से निराधार है।

### पालिका ने रुकवाया पोटरगंज मंडी में अवैध निर्माण



**तिलहर- शाहजहांपुर।** नगर की पुरानी गल्ला मंडी में किए जा रहे भवन निर्माण को पालिका प्रशासन ने अवैध करार देते हुए स्वीकृत मानचित्र न पेश न किए जाने तक निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। गुरुवार को ईओ सुनील कुमार को शिकायत मिली कि पोटरगंज में मकान के आगे पिलर खड़े किए गए हैं। जिन पर लिंटर डाले जाने की तैयारी की जा रही है। इस दौरान उक्त मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ईओ ने मामले को संज्ञान में लेकर पालिका के संपत्ति लिपिक कमल दीप श्रीवास्तव को तत्काल मौके पर जाकर निर्माण कार्य को रुकवाने के निर्देश दिये। संपत्ति लिपिक ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य कराने वाले हिमांशु गुप्ता से मंडी के फड़ की भूमि पर पिलर लगाकर निर्माण किया जाना पाए जाने पर निर्माण संबंधी अभिलेख मानचित्र आदि उपलब्ध कराए जाने को कहा। जो उपलब्ध न कराने पर निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

### लोक दल की बैठक में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** लोक दल को मजबूत करने और संगठन के विस्तार को लेकर चक्कनरूऊ गांव में लोक दल के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की नीतियों और आगामी गतिविधियों पर चर्चा करते हुए बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस दौरान नरेंद्र यादव ने विमलेश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष तथा रामवती को महिला प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके साथ ही रामबेटी, सुनीता, पुष्पा देवी, शिवरानी, उर्मिला, सरिता, गीता देवी, विशरानी देवी, विमलेश कुमार, भाईलाल, श्यामलाल, सूरजपाल, रामरईस, मुनीश, इदरीश कुमार, बोझिल और सुखविंदर सहित अन्य लोगों ने लोक दल की सदस्यता ग्रहण की।

## स्कूलों के 111 वाहन चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण



**शाहजहांपुर।** मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 के अन्तर्गत सीएमओ, डीआईओएस, बीएसए से समन्वय करते हुए परिवहन विभाग ने सदर तहसील में स्कूली वाहन चालकों हेतु नेत्र,स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन दून इण्टरनेशनल स्कूल रौजा में सीएचसी भांवलखेडा के नेत्र परीक्षक आशीष कुमार सिंह द्वारा किया गया। शिविर में दून इण्टरनेशनल स्कूल, कर्नल एकेडमी ग्लोबल, सुदामा पब्लिक स्कूल, संजय कुमार सरस्वती आदि स्कूलों के 111 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त पुवायां में द सैक्रेट हार्ट स्कूल के 8 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जनपद के एआरटीओ प्रशासन ने समस्त विद्यालयों से अनुरोध किया है कि स्कूली बच्चों के लिए नियमानुसार मानक के अनुरूप ही वाहन संचालित करें, यदि वाहन मानक के अनुरूप संचालित नहीं पायी जाती है, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

# रोजा अड्डा से लेकर मालगोदाम तक जल्द बनेगी सड़क

- निगम व राजस्व विभाग टीम ने की नाप जोत लगाये लाल निशान

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



नगर निगम ने सड़कों के चैड़ीकरण और निर्माण काम में तेजी लाई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने भावलखेड़ा के रोजा से मालगोदाम तक सड़क चैड़ीकरण के लिए पैमाइश की। इस दौरान सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए भवनों और दुकानों पर लाल निशान लगाए गए। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जल्द ही रास्ते को चैड़ा करने का काम शुरू किया जाएगा। निगम अधिकारियों के अनुसार, रोजा मुख्य चैराहे से मालगोदाम तक सड़क निर्माण की योजना को तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहला हिस्सा रौजा अड्डा से वल्लिया प्राथमिक विद्यालय तक, दूसरा प्राथमिक विद्यालय से बड़े शिव मंदिर तक और तीसरा बड़े शिव मंदिर से मालगोदाम तक होगा। सड़क निर्माण शुरू होने से पहले रास्ते में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा। राजस्व विभाग और नगर निगम के अभिलेखों के आधार पर सरकारी जमीन का मिलान किया जा रहा है। इससे यह निर्धारित किया जा सकेगा कि किस स्थान पर कितनी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। इसी के अनुसार चिन्हित अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सड़क के साथ-साथ नाला और नाली निर्माण के लिए 1 करोड़ 96 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। निर्माण कार्य के लिए कार्यदायी संस्था को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण यह मार्ग लगातार संकरा हो रहा था, जिससे आवागमन में परेशानी होती थी। सड़क, नाला और नाली निर्माण पूरा होने से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम और राजस्व विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर असर पड़ा है।

# सालों से बदहाल सड़क, जिम्मेदार मौन

- गड्ढों में तब्दील रोड़ बारिश में ग्रामीणों का निकलना दुश्वार

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद शाहजहांपुर।**



क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटुउली के ग्राम कुंडरी ता. गुरुगवां में सड़क की बदहाली ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का खड़ंजा पिछले करीब पांच वर्षों से मरम्मत के अभाव में जर्जर पड़ा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से हालात और भी खराब हो जाते हैं। गांव की तस्वीर बयां करने वाली सड़क की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण किस तरह की परेशानी से गुजर रहे हैं। खड़ंजे की ईंटें कई स्थानों पर उखड़ चुकी हैं, जबकि सड़क के बीचोंबीच और किनारों पर गहरे गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। बारिश का पानी इन गड्ढों में जमा होने से सड़क पर कीचड़ फैल जाता है। ऐसे में पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव से बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाइक और साइकिल से गुजरते समय गड्ढों तथा कीचड़ के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में समस्या कई गुना बढ़ जाती है। कई स्थानों पर सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों को गड्ढों और पानी से बचते हुए किनारे से निकलना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह रास्ता विशेष रूप से परेशानी भरा है।

# चोरी के खुलासे को दो टीमें गठित



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर में घर में घुसकर नकदी और कीमती जेवरात चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 20/21 अगस्त की रात अज्ञात चोर कंधरापुर निवासी नितिन बाबू के घर में घुसकर 30 हजार रुपये की नकदी और कीमती जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित की सूचना के आधार पर थाना खुदागंज में मुअसं. 211/2026, धारा 305 बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक घनश्याम बहादुर द्वारा की जा रही है। घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन कर रवाना किया गया है। वहीं थाना प्रभारी एवं विवेचक की मौजूदगी में फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए हैं।

## बाईपास चैराहे पर हुए फसाद में दोनों पक्षों की ओर से क्रास केस दर्ज

**तिलहर- शाहजहांपुर।** पचड़ों पूर्व नगर के बाईपास चैराहे के समीप दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में दोनो पक्षों की ओर से पुलिस ने क्रास केश दर्ज कर लिया है।
दर्ज रिपोर्ट में एक पक्ष के नगर के मोहल्ला सितारगंज निवासी मो. हारून पुत्र मसीतउल्ला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी मशीनरी पार्ट की बाईपास चैराहा पर दुकान है। 15 अगस्त की दोपहर करीब एक बजे टेम्पो वाला धीरपाल उसकी दुकान के सामने टेम्पो मे जोर से गाने बजा रहा था। आरोप है कि मना करने पर धीरपाल पुत्र प्रताप गाली गलौज करने लगा। अचानक पहुंची डायल 112 ने बीच-बचाव कर दिया गया। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे वह प अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान धीरपाल , मुकेश व रविन्द्र पुत्र गण प्रताप व अनमोल पुत्र रविन्द्र 5-7 अजात लोग उसकी दुकान में घुस गये और प्रार्थी को लाठी डंडों व लोहे की रॉड से सिर पर वार कर घायल कर दिया। उधर दूसरे पक्ष के धीरपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 15 अगस्त को दोपहर करीब 11 बजे बाईपास के पास अपने ई रिक्शा पर भक्ति संगीत चला रहा था। इसी से नाराज होकर फारुक ने उसे लात-घूसों से मारा पीटा तो उसने 112 पुलिस बुला ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनो के नाम पते नोट कर थाने बुलाया। आरोप है कि 16 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे वह ई-रिक्शा चलाने बाईपास गया। वहां पहले से मौजूद शाहरुख ने अपने अज्ञात दो व्यक्तियों के साथ मिलकर हमला कर उसकी उगंली में काट लिया। और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि दोनों ओर सेमला दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# घर में घुसकर चोरों ने जेवरात और 30 हजार नकदी चोरी

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज शाहजहांपुर।**



खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात, घरेलू सामान और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित नितिन बाबू पुत्र देवसरन पाण्डेय ने थाना प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर घटना के खुलासे और कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक, वह 20द्21 अगस्त की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान चोर घर में घुस आए और सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर में रखा एक सोने का हार, दो मंगलसूत्र, एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी झुमकी, पांच पेंडल वाला एक मंगलसूत्र, तीन सोने की अंगूठियां, एक सोने का फूल और एक नाक का फूल चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोर चांदी की दो जोड़ी पायजेब, दो पंखे और 30 हजार रुपये की नकदी भी पार कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाना खुदागंज में मामले की शिकायत की। पीड़ित ने पुलिस से चोरी की घटना की जांच कर चोरों का पता लगाने और चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की है। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। इसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## 40 हजार एमटी यूरिया, 10,500 फास्फेटिक उर्वरक कृषकों को वितरण

### डीएपी की 2664 एमटी इफको डीएपी जनपद में आई



**शाहजहांपुर।** एआर कॉपरेटिव डा. गणेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध हैं। किसानों को किसी तरह की दिक्कतें न आए, इसके लिए निरंतर जिला स्तर से मानीटरिंग की जा रही है। सहकारिता विभाग द्वारा खरीफ अभिमान मे 1 अप्रैल से अब तक 40 हजार एमटी यूरिया, 10,500 फास्फेटिक उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है, जोकि गत वर्ष से अधिक है। साथ ही उल्लेखनीय है कि समितियों पर मौजूदा समय में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी की उपलब्धता बनी हुई है। 5 हजार एमटी से अधिक यूरिया व लगभग 3 हजार एमटी फास्फेटिक उर्वरक समितियों पर उपलब्ध है। बता दें कि जनपद में बफर स्टाफ के पर्याप्त मात्रा यूरिया व डीएपी उपलब्ध है, लगातार रैक प्राप्त हो यही है। दो दिन पहले डीएपी की 2664 एमटी इफको डीएपी जनपद में आई है, जिसका आवंटन समितियों पर किया जा रहा है।

# फर्जी दस्तावेज लगाकर करोड़ों का काम करने वाली फर्म होगी ब्लैकलिस्टेड

- नगरायुक्त का बड़ा एक्शन, एफआईआर कराकर मांगी रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

> एक शिकायत पर फर्म की जांच कराई गई थी। जिसमें पाया गया कि फर्म संचालक द्वारा फर्जी दस्तावेज लगाकर कार्य कराए गए थे। जिस पर एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज करा दी गई है। साथ ही फर्म को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस तरह के फर्जीवाड़े किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
> नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी



नगर निगम में एक बड़ा फर्जीवाड़ा निकलकर सामने आया है। जहां पर सालों से निगम अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर दो फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर अब तक 3 करोड़ रुपए के 17 काम किए जा चुके है। जिनमें से आधे से ज्यादा का भुगतान भी फर्म करा चुकी है। मामला तब तूल पकड़ा जब एक शिकायत कर्ता ने नगरायुक्त को शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद निगम अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जांच में पूरा फर्जीवाड़ा निकलकर सामने आया तो नगरायुक्त ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए नगर निगम के मुख्य अभियंता आशीष त्रिवेदी को कार्यवाही को आदेशित किया। जिस पर मुख्य अभियंता ने थाना सदर बाजार में आरोपी फर्म भदौरिया कंस्ट्रक्शन के संचालक सुनील कुमार सिंह पर एफआईआर दर्ज कराई है। अब ब्लैकलिस्टेड की कार्यवाही भी निगम ने शुरु कर दी है। मामले में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाने के बाद अब अन्य फर्मघे की जांच शुरू हो सकती है। हालांकि नगर आयुक्त का कहना है कि जब फर्म कोई कार्य करती है तो पहले ही निविदा प्रक्रिया में शपथ पत्र लिए जाते हैं, फिर भी यदि फर्जीवाड़ा किया जाता है तो जांच कर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# खुदा हुआ रास्ता दुरुस्त न किया गया तो नहीं निकाला जाएगा जुलूस-ए-मुहम्मदी

- कोतवाली में हुई पीस कमेटी बैठक

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन बारावफात के अवसर पर 26 अगस्त को नगर में निकलने वाले जुलूस- को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु कोतवाली में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम व सीओ की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार व कोतवाल प्रभाष चंद्र ने जुलूस के आयोजकों से जुलूस के संबंध में जानकारी ली। जिस पर जुलूस के आयोजकों द्वारा अपने-अपने रूट पर आ रही दिक्कतों के बारे में चर्चा की। नगर के मुख्य जुलूस के रूट पर रोड की खुदाई को लेकर आयोजकों में काफी आक्रोश नजर आया। जुलूस आयोजक इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां , तथा शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम ने एक स्वर में कहा कि मुख्य जुलूस के मार्ग की सड़क काफी टूटी हुई है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अपनी टीम के साथ निरीक्षण भी कर चुके हैं। परंतु अभी भी खुदाई जारी है। यदि 24 अगस्त तक रूट सही नहीं होता है। तो जुलूस को नहीं निकाला जाएगा जिस पर नायब तहसीलदार ने आश्वस्त किया की जुलूस का मार्ग प्रत्येक दशा में दुरुस्त कराया जाएगा कोतवाल प्रभास चंद्र ने कहा कि घ्जुलूस के दौरान किसी भी ठेले आदि पर अभद्र चिप आदि का प्रयोग न करें नबी की आमद की खुशी शांतिपूर्वक हर्षोल्लासके साथ मनाएं। घ्जुलूस में हरे झंडों के साथ -साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी लेकर चले, किंतु किसी भी प्रकार के स्टील रॉड या पाइप और हरे बांस का इस्तेमाल न करें। शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम ने कहा कि घ्माईक या बिना माईक के किसी भी अन्य विषय पर अनावश्यक भाषण , या तकरीर या कोइ नारा ना लगाये, मौजपुर चैकी इंचार्ज देवेश कुमार ने कहा घ्जुलूस में शामिल होने वाले सभी अंजुमन या मोहल्ले से टोली के आयोजक अपने साथ 10-10 सहयोगियों के आधार एवं फोटो 23 अगस्त तकजमा कर दें, जिससे उनके परिचय पत्र बना दिए और जुलूस में शामिल होने वाले बैंड टेली या चैपाइयां वाहन ई-रिक्शा का पास भी बनवाले जिससे जुलूस में पास वाले बाहर ही चल सके बैठक में हाफिज अदीब अली, हाफिज साजिद अली, हाफिज नसीम, हाफिज सोहेल, तनवीर अहमद, मोहम्मद शरीफ, खलील कादरी, इकबाल हुसैनउर्फ फूल मियां आदि मौजूद रहे।

## आगामी त्योहार को पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर।** थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए और संभ्रांत लोगों के सुझाव लिए गए। थानाध्यक्ष हरिकेश सिंह ने कहा सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रशासन का सहयोग देने का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए बनाए रखना पर जोर दिया। बैठक में बाहरबफात अपना भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया। टीम के साथ क्षेत्रीय लोग डभौरा, दुबला करीमनगर, शिवराजपुर, गढ़िया रंगीन, टटाराबाद आदि के स्थानों के लोग मौजूद रहे।

# ई-लॉटरी कार्यकारी समिति एवं कृषकों की उपस्थिति संपन्न

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यन्त्रीकरण योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के चयन हेतु ई-लॉटरी जनपद स्तर पर गठित कार्यकारी समिति एवं कृषकों की उपस्थिति में आयोजित की गयी। विकास खण्डों से 1634 कृषकों द्वारा अवेदन किया गया, जिनमें से लक्ष्यानुसार 183 कृषकों के चयन को ई-लॉटरी प्रक्रिया सम्पादित की गयी। ई-लाटरी में चयनित कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है। चयनित लाभार्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में यन्त्र क्रय कर बिल अपलोड न करने की दशा में उसका आवेदन स्वतः ही निरस्त हो जाएगा। ई-लाटरी प्रक्रिया में डीएम, उप कृषि निदेशक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रगतिशील कृषक, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि एवं अधिक संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

# सोमवार से नए भवन में नगर निगम कार्यालय का संचालन होगा शुरू

- डीएम ने नगरायुक्त के साथ नये नगर निगम भवन का किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ ककरा स्थित निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के धरातल एवं प्रथम तल पर स्थित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों तल के अधिकांश कक्षों का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण पाया गया। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि 24 अगस्त सोमवार से नए भवन में नगर निगम कार्यालय का संचालन प्रारंभ कर दिया जाए। उन्होंने शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय का संचालन भी इसी भवन से किए जाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को नगर निगम एवं प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई तथा अन्य आवश्यक कार्य भी नए कार्यालय भवन में प्रारंभ किए जाएं और संबंधित अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर जनसमस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से अर्बन हाट एवं ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में निर्माणाधीन नक्षत्रशाला, प्लैनोटोरियम एवं कार पार्किंग के कार्यों की भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाकर इन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा कराए जाने से शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शहरी विकास को गति मिलेगी।इस दौरान अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी, एसके सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के अभियंता उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाहजहांपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्र–छात्राओं को बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला कल्याण विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अमृता दीक्षित ने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के संबंध में जानकारी देते हुए बच्चों के अधिकारों एवं बाल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी प्रदान की तथा इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। र्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रधानाचार्य मुख्तार, छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीईओ ने परखी परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था, बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन



- सही जवाब देने पर बच्चों को किया पुरस्कृत

**निगोही, शाहजहांपुर।** विकास क्षेत्र निगोही में खंड विकास अधिकारी पुनीत पाठक ने परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। संविलियन विद्यालय पतराजपुर में निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी ने बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया। भोजन की गुणवत्ता सही पाए जाने पर विद्यालय स्टाफ की सराहना की। कक्षा एक के बच्चों से सवाल पूछने पर सही उत्तर दिए जाने पर बच्चों के लिए नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। खंड विकास अधिकारी ने शिक्षकों से संवाद करते हुए विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के मध्याह्न भोजन व्यवस्था हेतु एमडीएम शेड की माँग की गई जिस पर बीडीओ द्वारा तुरंत एडीओ पंचायत से कार्य को कराने हेतु कहा गया। एडीओ पंचायत अहिवरन सिंह के द्वारा संविलयन विद्यालय उदारा एवं एडीओ आईएसबी राधेश्याम आनंद के द्वारा प्राथमिक विद्यालय मिश्रीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक महेन्द्र सिंह, अनुराधा, श्वेता प्रताप, रामबहादुर, मीनाक्षी देवी, सुमनलता, बेलावती आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### आंदोलन में भाग लेने जा रहे युवा नेता नजरबंद



**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में यूजीसी कानून का विरोध कर रहे पूर्व ददरौल विधायक प्रत्याशी को गुरुवार की रात रोजा जंक्शन से हिरासत में लेकर शुक्रवार तक पुलिस ने उनके घर पर ही नजरबंद रखा। दिल्ली में नीट पेपर लीक को लेकर हुए छात्रों के आंदोलन के बाद अब श्आरक्षण हटाओ आंदोलनश जोर पकड़ रहा है। रिजर्वेशन हटाने की मांग करते हुए भावलखेड़ा के निवाजपुर निवासी पूर्व ददरौल विधानसभा के प्रत्याशी प्रदीप सिंह भी आंदोलन में भाग लेने के लिये रोजा रेलवे स्टेशन पहुंचे, इसकी भनक थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र को चल गई। आनन–फानन में पुलिस रेलवे जंक्शन पहुंच गई और प्रदीप सिंह को हिरासत में लेकर उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। वहीं, प्रदीप सिंह ने कहा कि हम सभी आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन सरकार को आरक्षण जातिवाद से नहीं, आर्थिक आधार पर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर उनका विरोध जारी रहेगा।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शाहजहांपुर शक्ति के द्वारा पराक्रम पार्क कैंट में निदान पैथोलॉजी टीम के द्वारा निस्शुल्क डायबिटीज हीमोग्लोबिन और बीपी जांच शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया शिविर में डा. दीप्ति और उनकी टीम द्वारा 50 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए और बीपी की जांच की गई इन सभी की रिपोर्ट व्हाटसएप द्वारा या पैथोलॉजी से प्राप्त कर सकते हैं। बीपी की जांच में कई लोगों का बीपी बढ़ा हुआ निकला उनको डाक्टर से परामर्श करने की सलाह दी गई। लायन ललिता यादव ने लोगों को जागरूक किया उन्होंने बताया डायबिटीज के कई कारण हो सकते हैं जैसे आनुवंशिकी मोटापा, व्यायाम की कमी और असंतुलित आहार से डायबिटीज हो सकती है। डायबिटीज की शुरुआती लक्षणों पर हमें ध्यान रखना चाहिए जैसे बार–बार पेशाब आना थकान और कमजोरी होना अचानक वजन घटना धुंधली दृष्टि होना यह मुख्य लक्षण है। अगर ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे है, तुरंत आप डॉक्टर से परामर्श करें। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव प्रियंका वियानी, कोषाध्यक्ष शुलायन, हिमानी बंस, लायन कमल नारंग, लायन सपना तथा जांच करने वाली बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

### किसान नेताओं को मिली नई जिम्मेदारी



**पीलीभीत।** किसान विश्राम गृह मंडी समिति में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आयोजित हुई। मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो ने सोनू शाह को जिला सचिव से पदोन्नत कर मंडल सचिव तथा शाहजाद खान को जिला उपाध्यक्ष से पदोन्नत कर बरेली मंडल सचिव मनोनीत किया। मंडल अध्यक्ष ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने की अपील की। पंचायत में प्रदेश सचिव वेद प्रकाश शर्मा, यशपाल सिंह उर्फ पिंटू ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश छिकतर सिंह काले, जिला सचिव नरेश मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सखावत हुसैन, तहसील उपाध्यक्ष सदर वसीम भाई, फैजान, शब्बीर अली, मुन्ने सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 25 को राज्य महिला आयोग की सदस्या करेंगी जनसुनवाई

**लखीमपुर–खीरी।** जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों की उपस्थित में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सुजीता कुमारी द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम में महिला जनसुनवाई, महिला बंदी गृह एवं जिला चिकित्सालय लखीमपुर एवं आंगनबाड़ी केंद्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर का निरीक्षण करेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य सुजीता कुमारी का एक दिवसीय कार्यक्रम जनपद में होना है दिनांक 25 अगस्त 2026 को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आंगनवाड़ी केंद्र (नगरीय /ग्रामीण) का निरीक्षण, प्रातः 11:00 बजे से 2:00 बजे तक महिला जनसुनवाई, 3:00 बजे से महिला बंदी गृह का एवं 3:35 बजे से जिला महिला चिकित्सालय निरीक्षण, 04:00 बजे से 05:00 बजे तक वन स्टाप सेंटर लखीमपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर का निरीक्षण करेंगी।

### बाढ़ प्रभावित शुकुलपुरवा पहुंचे डीएम, लापरवाही पर बिफरे

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित शुकुलपुरवा गांव पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जलस्तर और बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान डीएम ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करते हुए प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता समय से पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा आवश्यकता सामने आने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित तहसील प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखने तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों का हंगामा



**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हरदौरपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को छात्रों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। बिजली, पानी, खाने की गुणवत्ता और खेल मैदान की व्यवस्थाओं को लेकर नाराज छात्रों ने स्कूल परिसर में विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्रों ने खुद को विद्यालय की दूसरी मंजिल पर बंद कर लिया, जिससे स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि छात्रों का आरोप है कि विद्यालय में बिजली और पानी समेत कई समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। छात्र पिछले 2–3 वर्षों से इन समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं होने से उनमें नाराजगी बढ़ती गई। छात्रों ने भोजन की गुणवत्ता और खेल मैदान की व्यवस्थाओं को लेकर भी अपनी आपत्तियां जताईं। छात्रों के प्रदर्शन और दूसरी मंजिल पर खुद को बंद किए जाने की सूचना मिलते ही सीतापुर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. मौके पर पहुंचे। डीएम ने छात्रों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने छात्रों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम से बातचीत और समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद छात्रों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। फिलहाल विद्यालय परिसर में स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

# शिकायतों की फाइलें बढ़ती रहीं, मड़ोरा की मुसीबतें नहीं घटीं

- जनप्रतिनिधियों से अफसरों तक गुहार के बावजूद नहीं मिली राहत
- जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठे सवाल



**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।**

ग्राम पंचायत शाहाबाद के मजरा मड़ोरा में ग्रामीणों की समस्याएं अब सिर्फ परेशानी नहीं, बल्कि जिम्मेदारों की कार्यशैली पर बड़ा सवाल बनती जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के दरवाजे खटखटा चुके हैं, लेकिन हर बार शिकायतें आश्वासन के बोझ तले दबकर रह गईं। ग्रामीणों के मुताबिक समस्या कोई नई नहीं है। बार-बार शिकायत के बाद भी मौके पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों तक शिकायत पहुंचने के बावजूद समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए। हरिंदर, अमरपाल, हरचरन, धर्मेंद्र, सुरेश, नेमचंद, संतोष, किशनपाल, तुमसेठ, रघुवीर, कृष्णपाल और कप्तान समेत ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब शिकायतें लगातार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रही हैं तो आखिर कार्रवाई किस स्तर पर अटक रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजने, समस्या की वास्तविक स्थिति की जांच कराने और लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर कार्रवाई चाहिए। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द समस्या का समाधान नहीं कराया तो वे उच्चाधिकारियों के समक्ष सामूहिक शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे। मड़ोरा के ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होना अपने आप में व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

### जंगली जानवर का आतंक घास काटने गए व्यक्ति पर हमला, हालत गंभीर

**लखीमपुर खीरी।** पसगवां थाना क्षेत्र की बरवर चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम ककराही में जंगली जानवर के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार, ककराही निवासी शिवकरन अपने पिता केपी कुमार के साथ राजेश वर्मा के खेत में घास काटने गए थे। औरंगाबाद खीरी मार्ग पर स्थित गलरई भट्ठे के पास अचानक एक अज्ञात जंगली जानवर ने शिवकरन पर जानलेवा हमला कर दिया। पिता के शोर मचाने पर जानवर वहां से भागा, लेकिन तब तक शिवकरन बुरी तरह लहूलुहान हो चुका था। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस को दी गई। घायल शिवकरन को गंभीर हालत में एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी भेजा गया है, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद से ककराही और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जंगली जानवर को पकड़ने की मांग की है। घटना लखीमपुर खीरी के पसगवां थाना क्षेत्र की हैं। यहां के ग्राम ककराही के रहने वाले शिवकरन अपने पिता केपी कुमार के साथ राजेश वर्मा के खेत में घास काटने गए थे। तभी गलरई भट्ठे के पास घात लगाकर बैठे जंगली जानवर ने शिवकरन को अपना शिकार बना लिया। शिवकरन के चिल्लाने पर पास मौजूद पिता ने शोर मचाया, जिसके बाद जानवर जंगल की तरफ भाग निकला। आनन–फानन में घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी पहुँचाया गया है, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना पर पहुंचे रेंजर निर्भय प्रताप शाही, डी एफ ओ साउथ तापस मिहिर मौके पर पहुँच कर घटना की जानकारी ली और ग्रामीणों से सावधानी बरतने अकेले खेत जाने पर मना किया है और निगनारी के लिए कैमरे लगाए गए है। इस संबंध में जब डीएफओ से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने कोई भी पक्ष देने से मना कर दिया।

# डग्गामार वाहनों के आगे बेबस परिवहन विभाग अनुबंधित बस मालिक बर्बादी की कगार पर

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में डग्गामार और अवैध वाहनों का राज इस कदर हावी है कि वैध बस संचालकों का दम घुटता जा रहा है। हाल ही में अनुबंधित बसों की हड़ताल के बाद भी जमीनी हालात में कोई सुधार नहीं आया है। लखीमपुर से लखनऊ मार्ग पर रोजाना परिवहन निगम (रोडवेज) को लाखों रुपये के राजस्व की चपत लग रही है, जबकि अवैध डग्गामार वाहन धड़ल्ले से सवारियां भरकर मालामाल हो रहे हैं।

रोडवेज बसें चल रही खाली, मालिकों के छूटे पसीनेः अवैध बसों और टैक्सियों के कारण अनुबंधित रोडवेज बसें खाली दौड़ने को मजबूर हैं। बिना किसी आय के रोडवेज और अनुबंधित बस मालिकों को हर दिन लाखों का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि अनुबंधित बस यूनियन के पदाधिकारियों की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल हो गई है। बस मालिकों के लिए डीजल का खर्च निकालना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है।

**एलआरपी चौराहे पर खुलेआम अवैध वसूली, पुलिस मौन:** शहर के प्रमुख एलआरपी चौराहे पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध बसें और टैक्सियां सरेआम सवारियां भरती हैं। हैरानी की बात यह है कि यातायात पुलिस और परिवहन विभाग इन अवैध वाहनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता। स्थानीय बस मालिकों का आरोप है कि आरटीओ की जांच सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित है।
**वैध संचालकों पर चालान की मार, अवैध को खुली छूट:** अनुबंधित बस यूनियन के मालिकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जहां एक तरफ नियमों का पालन करने वाली वैध अनुबंधित बसों के लंबे–लंबे चालान काट दिए जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ अवैध रूप से चल रहे डग्गामार वाहनों को खुली छूट मिली हुई है। प्रशासन के इस दोहरे रवैये के कारण अनुबंधित बस यूनियन के मालिक बेहद परेशान हैं और क्षेत्र में एक बार फिर से बड़ी हड़ताल की सुगबुगाहट तेज हो गई है।अगर समय रहते परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ने इन अवैध डग्गामार वाहनों पर नकेल नहीं कसी, तो वैध परिवहन व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी और सरकार को मिलने वाले राजस्व का यह नुकसान और बड़ा रूप ले लेगा।

# बिहार के किसानों ने जाना गन्ना उत्पादन का वैज्ञानिक हुनर

- बिहार के किसानों हेतु चल रहें पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद में बिहार के 20 किसानों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। समापन सत्र के अवसर पर प्रशिक्षण की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.अरविन्द कुमार ने सभी किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने किसानों से आवाहन किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में आप सभी ने जो भी ज्ञान प्राप्त किया वो अपनी खेती में अपनायें तथा अन्य किसानों को भी लाभान्वित करें। किसानों द्वारा प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षण से सम्बन्धित अपने-अपने अनुभवों को भी साझा किया गया जिसमें जनपद भागलपुर के रंजन कुमार पाण्डेय ने कहा कि वैज्ञानिको द्वारा दिया गया प्रशिक्षण गन्ना उत्पादकता बढाने में सहायक होगा। जनपद पूर्वी चम्पारण के आनन्द कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हम सभी के लिए बहुत उपयोगी साबित हुआ। हम लोगों के पास इतना अनुभव नहीं था और हमने बहुत कुछ सीखा और इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किसानों हेतु होते रहना चाहिए। जनपद गोपालगंज के रतिकान्त पाण्डेय ने कहा कि यहां के वैज्ञानिकों द्वारा गन्ना खेती के सभी विषयों पर गहनता से चर्चा की गयी तथा सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान दिया गया, वह बहुत-ही सराहनीय है। प्रसार अधिकारी डा. संजीव पाठक ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर 25 वैज्ञानिकों द्वारा विस्तृत व्याख्यान देकर जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण में व्याख्यान के साथ-साथ प्रायोगिक जानकारी भी दी गयी जिस हेतु प्रयोगशाला भ्रमण एवं शोध प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया एवं प्रगतिशील कृषक के प्रक्षेत्र का भी भ्रमण कराया गया जहाँ पर वैज्ञानिकों द्वारा सम्बन्धित विषयों पर लाइव डेमों के माध्यम से किसानों को व्यापक तरीके से बताया गया जिससे कि किसान आसानी से समझकर ज्ञान प्राप्त कर सकें और उस तकनीकी ज्ञान को अपने खेतों मे अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण पश्चात कृषकों की परीक्षा ली गयी जिसमें कृषक रतिकान्त पाण्डेय को प्रथम, राज कुमार को द्वितीय एवं सुभाष प्रसाद यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। टीम का नेतृत्व कर रहे अमित कुमार ने सभी वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया। समापन सत्र में परिषद के वैज्ञानिक डा. अजय कुमार तिवारी, डा. प्रियंका सिंह, डा. सुजीत प्रताप सिंह, डा. जी.एन. गुप्ता, डा. एन.एन. सक्सेना, डा. अर्चना, श्रीमती नीलम कुरील, डा. एके. साहू आदि उपस्थित रहें।

# हादसे में जान गवाने वाले व घायलों के परिवारों को सपा ने दी मदद

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले में एनएच-719 पर 18 अगस्त को हुए भीषण सड़क हादसे में मोहम्मदी क्षेत्र के आठ मजदूरों की मौत और पन्द्रह से अधिक लोगों के घायल होने के बाद समाजवादी पार्टी ने पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद की। सरकारी सहायता पहुंचने से पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी की ओर से मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये तथा घायलों को दस-दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने मोहनलालगंज के सांसद आरके चौधरी और धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया को चेक देकर पीड़ित परिवारों तक तत्काल पहुंचने के निर्देश दिए। दोनों सांसदों ने क्षेत्र में पहुंचकर मृतकों के परिजनों और घायलों से मुलाकात कर सहायता राशि वितरित की। धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने बताया कि मोहम्मदी क्षेत्र के गरीब परिवारों के मजदूर मध्य प्रदेश में धान की रोपाई का काम करने गए थे। काम पूरा होने के बाद वे पिकअप से वापस मोहम्मदी लौट रहे थे। इसी दौरान भिण्ड जिले के एनएच-719 पर भीषण सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों से मिलने के लिए पसगवां के एक निजी अस्पताल पहुंचे और उनका हाल जाना। इसके बाद पसगवां, किशनपुर अजीत,हरनानारायनपुर और बैलातुरसिया सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर मृतकों एवं घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी गई तथा हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया। सांसद आर. के. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं होने के कारण मजदूरों को रोजी-रोटी के लिए परदेस जाना पड़ा। यदि सरकार ने स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया होता तो शायद इन मजदूरों को अपनी जान नहीं गंवानी पड़ती। सांसद आनंद भदौरिया ने बताया कि हादसे में मृत सभी मजदूर अत्यंत गरीब परिवारों से थे। मृतकों में उपदेश भार्गव, अमर सिंह भार्गव, सुखदेव भार्गव, रजनीश भार्गव, भूरे लाल भार्गव, गुड्डू भार्गव, सुभाष भार्गव और सर्वेश कुमार राठौर शामिल हैं। उनके परिवारों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि के चेक दिए गए।

वही घायल शिवकुमार भार्गव, देवेंद्र कुशवाहा, सोमपाल पासी, रामाकांत भार्गव, पिंकू भार्गव, आकाश भार्गव, रामकरन भार्गव, बलकिशुन भार्गव, अरविंद कुमार भार्गव, रामकुमार भार्गव, रामदास भार्गव, रंजीत भार्गव, नन्दलाल भार्गव,अखिलेश भार्गव, विकास भार्गव आदि को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समाजवादी पार्टी ने सरकार से मांग की है कि भिण्ड सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये तथा घायलों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए तथा समाजवादी सरकार में शुरू की गई कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ भी दिया जाए।

# चौराहे से चंद कदम दूर सर्राफा दुकान में लाखों की चोरी, गश्त पर उठे सवाल



**पीलीभीत।** थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त को चुनौती देते हुए महोफ रोड स्थित उवैस ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बना लिया। बेखौफ चोर रात के अंधेरे में दुकान के ताले तोड़कर तिजोरी और शोकेस में रखे करीब 12 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण समेट ले गए। खास बात यह है कि दुकान मुख्य चौराहे से करीब 200 कदम की दूरी पर स्थित है। ऐसे में पुलिस की सक्रियता और रात्रि गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे आसपास के लोगों की नजर दुकान के टूटे हुए तालों पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल दुकान स्वामी मुख्तार अहमद को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और दुकान के भीतर सामान बिखरा देखकर चोरी की जानकारी पुलिस को दी। मुख्तार अहमद के अनुसार, चोर दुकान में रखी तिजोरी और शोकेस को खंगाल ले गए। चोरी हुए सामान में करीब चार किलो चांदी के आभूषण और साढ़े तीन तोले सोने के नाक के फूल समेत अन्य जेवरात शामिल हैं। दुकानदार ने चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई है।

# राखी के धागे से जुड़ा सरहद के प्रहरियों का सम्मान, डीएम को बांधी हस्तनिर्मित राखी

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



रक्षाबंधन के पर्व पर पीलीभीत में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने भाई-बहन के स्नेह और देशभक्ति की अनूठी मिसाल पेश की। जिले के सभी नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की 18 छात्राएं शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचीं और जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की कलाई पर अपने हाथों से तैयार की गई राखियां बांधकर उन्हें रक्षासूत्र का पर्व मनाया। छात्राओं ने भारत-नेपाल सीमा पर देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए भी हस्तनिर्मित राखियां भेजीं। राखी बांधने के बाद छात्राओं ने जिलाधिकारी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बालिकाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं के हुनर और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि कस्तूरबा विद्यालयों की बेटियां शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर ये बेटियां भविष्य में उच्च पदों पर पहुंचकर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें बेहतर शैक्षिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीएम ने कहा कि जिले के सभी नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को प्रदेश स्तर पर सुंदर, सुरक्षित और सर्वसुविधायुक्त मॉडल विद्यालयों के रूप में विकसित किया जाएगा। विद्यालयों में छात्राओं की मूलभूत जरूरतों के साथ आधुनिक सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरहद पर तैनात सुरक्षा बल के जवानों के लिए राखियां भेजने की पहल ने कार्यक्रम को भावनात्मक और देशभक्ति के रंग से भर दिया। अधिकारियों और शिक्षकों ने भी बालिकाओं की इस पहल की सराहना की।

## अब निष्पक्ष जांच की उम्मीद

संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा और पुलिस कार्रवाई की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित पांच सदस्यीय समिति से निष्पक्ष और व्यापक जांच की उम्मीद की जानी चाहिए। समिति में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों तथा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है। ऐसे में उससे यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह पूरे घटनाक्रम के प्रत्येक पहलू की पड़ताल कर वास्तविक स्थिति सामने रखे। हालांकि समिति की रिपोर्ट कब तक आएगी, इसकी स्पष्ट समयसीमा अभी सामने नहीं है। बेहतर होगा कि सुप्रीम कोर्ट इस जांच के लिए एक निश्चित समयसीमा निर्धारित करे, ताकि लंबे समय तक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी न रहे। संसद मार्च का उद्देश्य अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाना और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराना हो सकता है, लेकिन संसद परिसर की ओर बढ़ती भीड़ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का प्रश्न अलग महत्व रखता है। संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थाओं में से एक है और जब सदन का सत्र चल रहा हो, तब उसकी सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। इसलिए यह सवाल भी जांच का हिस्सा होना चाहिए कि क्या बिना अनुमति निकाले गए मार्च को संसद परिसर की ओर बढ़ने दिया जाना संभव था। साथ ही यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि पुलिस को प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कितना बल प्रयोग करना चाहिए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, लाठीचार्ज या अन्य उपायों का इस्तेमाल परिस्थितियों के अनुसार किया जाता है। किसी घटना के बाद बैठकर यह तय करना आसान नहीं होता कि मौके पर मौजूद पुलिस के पास कौन-सा विकल्प बेहतर था। वास्तविक निर्णय उस समय की स्थिति, भीड़ के व्यवहार, हिंसा की आशंका और सार्वजनिक संपत्ति तथा संवेदनशील संस्थानों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लेना पड़ता है। इसी कारण जांच समिति को केवल पुलिस की कार्रवाई पर ही ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए। उसे प्रदर्शनकारियों के व्यवहार, भीड़ में मौजूद तत्वों की भूमिका, बैरिकेडिंग तोड़ने, पुलिस पर पथराव तथा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। यदि प्रदर्शन शांतिपूर्ण था तो इसकी पुष्टि भी तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों से होनी चाहिए और यदि भीड़ के किसी हिस्से ने हिंसा की तो उसकी जिम्मेदारी भी स्पष्ट रूप से तय की जानी चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध प्रदर्शन नागरिकों का महत्वपूर्ण अधिकार है। सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना, धरना देना और शांतिपूर्ण मार्च निकालना लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा है। लेकिन अधिकारों के साथ जिम्मेदारियां भी जुड़ी होती हैं। प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, पुलिस पर हमला करना या सुरक्षा घेरा तोड़ना किसी भी स्थिति में उचित नहीं माना जा सकता। इसी तरह पुलिस से भी अपेक्षा होती है कि वह संयम बरते और आवश्यक न्यूनतम बल का ही इस्तेमाल करे।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा सबक यह निकलता है कि देश में धरना-प्रदर्शन और बड़े राजनीतिक मार्च के लिए स्पष्ट प्रोटोकाल की आवश्यकता है। किन स्थानों पर प्रदर्शन की अनुमति दी जा सकती है, संवेदनशील संस्थानों से कितनी दूरी बनाए रखनी होगी, पुलिस और आयोजकों की क्या जिम्मेदारी होगी तथा नियमों का उल्लंघन होने पर किस स्तर पर कार्रवाई की जाएगी, इन सभी विषयों पर स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। इससे भविष्य में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति कम की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट की समिति को आरोपों और राजनीतिक दावों से अलग रहकर उपलब्ध वीडियो, पुलिस रिकॉर्ड, चिकित्सकीय रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालना चाहिए। समिति की रिपोर्ट ऐसी होनी चाहिए जिससे यह स्पष्ट हो सके कि हिंसा की शुरुआत कैसे हुई, पुलिस की कार्रवाई किन परिस्थितियों में हुई और क्या किसी पक्ष से नियमों का उल्लंघन हुआ। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस जांच का उद्देश्य किसी एक पक्ष को सही या गलत साबित करना नहीं, बल्कि तथ्य सामने लाना होना चाहिए। यदि पुलिस की कार्रवाई में कहीं आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग हुआ है तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए और यदि प्रदर्शनकारियों ने हिंसा की है तो उसके लिए भी जिम्मेदारी निर्धारित होनी चाहिए। निष्पक्ष जांच से ही भविष्य के लिए ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है जिसमें विरोध का अधिकार भी सुरक्षित रहे और संसद जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति इसी व्यापक उद्देश्य को पूरा कर सकती है। इसके लिए जरूरी है कि जांच समयबद्ध, पारदर्शी और तथ्य आधारित हो तथा उसकी सिफारिशों को गंभीरता से लागू किया जाए।

### दो टूक




# बरसात में जेन अल्फा का सैलाब


डॉ. अनिल मिश्र



बरसात में भीगी स्कूल-ड्रेस, हाथों में माँगों की तख्तियाँ और सड़कों पर बैठी किशोर आँखें– उत्तर प्रदेश में दिखाई पड़ा यह दृश्य कुछ विद्यालयों की अव्यवस्था का समाचार मात्र नहीं, शासन-प्रशासन का सार्वजनिक रिपोर्ट-कार्ड है। जिन बच्चों को कक्षाओं में पढ़ना चाहिए था, उन्हें शिक्षक, स्वच्छ भोजन, स्वास्थ्य-सेवा, साफ-सफाई और विद्यालय तक पहुँचने योग्य सड़क के लिए आंदोलन करना पड़ा। उनकी संख्या भले कुछ सौ रही हो, किंतु उनकी पीड़ा प्रदेश के लगभग 35 हजार सर्वोदय विद्यार्थियों की व्यवस्थागत समस्या की ओर संकेत करती है।

लखनऊ के मोहान रोड स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्र-छात्राएँ शिक्षकों की कमी, कथित रूप से घटिया भोजन, अपर्याप्त स्वास्थ्य-सेवा और छात्रावास की अव्यवस्थाओं को लेकर सड़क पर उतरे। विद्यार्थियों ने भोजन में कीड़े निकलने और बीमारी में समुचित उपचार न मिलने तक के आरोप लगाए। पहले छात्रों और फिर लगभग 250 छात्राओं ने बारिश में करीब ढाई किलोमीटर पैदल चलकर प्रदर्शन किया। परिस्थिति इतनी गंभीर हुई कि समाज कल्याण राज्यमंत्री–स्वतंत्र प्रभार–असीम अरुण और विभागीय प्रमुख सचिव को मौके पर पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद करना पड़ा। मंत्री ने बच्चों की माँगों को उचित मानते हुए समाधान का आश्वासन दिया। कानपुर के पुलिस आयुक्त रहे असीम अरुण मार्च 2022 से राज्य मंत्री स्वतंत्रत प्रभार के रूप में समाज कल्याण विभाग संभाल रहे हैं। चार वर्ष से अधिक का समय समस्याएँ पहचानने, शिक्षक-पद भरने और स्थायी समाधान विकसित करने के लिए कम नहीं होता। इसलिए प्रश्न अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विभागीय नेतृत्व से भी पूछा जाना चाहिए।

**महोबा में समस्या सड़क की, प्रश्न बच्चों से:** महोबा में विद्यार्थी और अभिभावक बरसात में जलमग्न एवं क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग बनवाने के लिए सड़क पर बैठे। बाद में जिलाधिकारी ने उनसे कहा कि प्रदर्शन करने से पहले उन्हें जिलाधिकारी अथवा पुलिस अधीक्षक के पास आना चाहिए था। यह बयान गैर-जिम्मेदाराना और प्रशासन की उलटी जवाबदेही का उदाहरण है। जिले के लगभग सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा और समन्वय में जिलाधिकारी की केंद्रीय भूमिका होती है। विद्यालय जाने वाली सड़क वर्षों से खराब हो और उसकी सूचना प्रशासन को बच्चों के प्रदर्शन के बाद मिले, तो प्रश्न बच्चों से नहीं, प्रशासन से पूछा जाना चाहिए। नागरिक को आवेदन और संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए, किंतु शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है। अधिक संवेदनशील शासकीय प्रतिक्रिया यह होती– आपको सड़क पर आने की नौबत क्यों पड़ी, हम इसकी जवाबदेही तय करेंगे।

**सामाजिक न्याय के आवासीय विद्यालय:** जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्ववर्ती राजकीय आश्रम-पद्धति विद्यालय हैं। इनका उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जातियों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभावान बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा देना है। प्रवेश-व्यवस्था में 60 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति- जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित हैं।

शिक्षा के साथ छात्रावास, भोजन, पाठ्य-पुस्तकें, यूनिफॉर्म और खेलकूद की सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है। इसलिए ये सामान्य विद्यालय नहीं, सामाजिक न्याय की प्रयोगशालाएँ हैं। यहाँ शिक्षक न होना साधारण रिक्ति और खराब भोजन केवल मेस-प्रबंधन की कमी नहीं– यह उन बच्चों से किए गए राजकीय वचन का उल्लंघन है, जिनके लिए आवासीय परिसर ही विद्यालय, घर और सुरक्षा-कवच है।

**35 हजार विद्यार्थी, 515 शिक्षक-पद रिक्त:** शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रदेश में 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, जिनमें लगभग 35 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत थे। इनमें 59 विद्यालय सीबीएसई और 44 यूपी बोर्ड से संबद्ध बताए गए हैं। छह नए विद्यालयों के निर्माण के बाद 2026-27 में संख्या 109 होने की सूचना है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इनमें कितने पूरी तरह क्रियाशील हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार कम-से-कम 515 शिक्षक-पद रिक्त हैं–235 प्रवक्ता, 231 सहायक अध्यापक और 49 शारीरिक शिक्षा अनुदेशक। इनमें गणित के 51, भौतिक विज्ञान के 42, रसायन विज्ञान के 30, अंग्रेजी के 28 तथा हिंदी और जीव विज्ञान के 25-25 प्रवक्ता-पद शामिल हैं। विज्ञान और गणित के शिक्षकों के बिना सीबीएसई संबद्धता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दावा कैसे सार्थक हो सकता है? कुल स्वीकृत पदों की अद्यतन संख्या सार्वजनिक नहीं है। प्रत्येक विद्यालय की छात्र-संख्या, स्वीकृत पद, कार्यरत शिक्षक और विषयवार रिक्तियाँ ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए। नियमित शिक्षकों की कमी पूरी करने के लिए करीब 500 अतिथि शिक्षक रखे गए थे, किंतु पुनर्विज्ञापन और न्यायिक विवाद से उनकी सेवाएँ बाधित हो गईं। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बाद उन्हें पुरानी शर्तों पर वापस बुलाने की प्रक्रिया शुरू हुई। स्थायी आवश्यकता को वर्षों तक अस्थायी नियुक्तियों के भरोसे रखना दूरदर्शी प्रशासन नहीं कहा जा सकता।

**बच्चों ने जगाया पूरा शासन-प्रशासन:** लगातार प्रदर्शनों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विभागीय मंत्री, प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा करनी पड़ी। उन्होंने शिक्षक-पद शीघ्र भरने, स्पष्ट संचालन नियमावली बनाने, आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराने और विद्यालयों के प्रबंधन के लिए अलग सोसाइटी गठित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने भी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को विद्यालयों से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट एवं शिकायतों की निगरानी, तथ्यात्मक जाँच और त्वरित निस्तारण के निर्देश जारी किए। जलभराव, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं तथा विद्यार्थियों-अभिभावकों से नियमित संवाद पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

**मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को नोडल अधिकारी भी बनाया गया:** यह सक्रियता स्वागतयोग्य है, पर विद्यालयों का निरीक्षण, भोजन की जाँच, शिक्षक की व्यवस्था और शिकायतों का निस्तारण शासनादेश की प्रतीक्षा करने वाले कार्य नहीं थे। यदि मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को विद्यालय की रसोई, शौचालय, सड़क और शिक्षक-रिक्ति तक के लिए हस्तक्षेप करना पड़े, तो मध्यवर्ती प्रशासनिक तंत्र की उपयोगिता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। अब प्रत्येक विद्यालय का समयबद्ध शैक्षिक-सामाजिक ऑडिट, विषयवार भर्ती कैलेंडर, भोजन की स्वतंत्र जाँच, नियमित चिकित्सा-व्यवस्था, ऑनलाइन शिकायत-पोर्टल, अभिभावक परिषद और जिलाधिकारी की त्रैमासिक समीक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। शिकायत पर सात दिन में कार्रवाई और उसका सार्वजनिक अनुपालन-विवरण भी उपलब्ध कराया जाए। जेन अल्फा ने विलासिता नहीं माँगी–उसने शिक्षक, भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सड़क माँगी है। मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप और मुख्य सचिव के निर्देश संवेदनशीलता के संकेत हैं; किंतु सुशासन की असली कसौटी शासनादेशों की संख्या नहीं, यह होगी कि अगली बरसात में बच्चे सड़क पर नहीं, शिक्षक के सामने अपनी कक्षाओं में दिखाई दें।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# आस्था के नाम पर शोषण सही नहीं

डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा की पहचान मेहनत, साहस, स्पष्टवादिता और सामाजिक स्वाभिमान से है। इस प्रदेश के लोगों ने समय-समय पर सामाजिक कुरीतियों, अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई है। इसलिए धर्म, आस्था और चमत्कार के नाम पर जनता को भ्रमित करने, डराने या आर्थिक-सामाजिक रूप से शोषित करने वाली किसी भी प्रवृत्ति के विरुद्ध सवाल उठना स्वाभाविक है। आज जरूरत किसी धर्म या आस्था के विरोध की नहीं बल्कि आस्था की स्वतंत्रता के साथ विवेक, कानून और जवाबदेही की रक्षा करने की है। हरियाणा में धार्मिक विश्वास का सम्मान होना चाहिए लेकिन ढोंग, पाखंड और अंधविश्वास को सामाजिक या राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए।

धर्म मनुष्य को सत्य, करुणा, संयम, सेवा और नैतिकता की ओर ले जाने का माध्यम है। इसके विपरीत पाखंड तब जन्म लेता है, जब धार्मिक प्रतीकों और भावनाओं का इस्तेमाल निजी स्वार्थ, प्रभाव, धन या सत्ता हासिल करने के लिए किया जाता है। जब कोई स्वयंभू धार्मिक व्यक्ति अपने बारे में असाधारण चमत्कारिक दावे करता है, खुद को सर्वज्ञ या कानून से ऊपर प्रस्तुत करता है अथवा अनुयायियों की भावनात्मक कमजोरियों का लाभ उठाता है, तब सवाल केवल आस्था का नहीं रह जाता। यह नागरिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और कानून के शासन का प्रश्न बन जाता है। किसी व्यक्ति की धार्मिक मान्यता का सम्मान किया जा सकता है लेकिन सार्वजनिक दावों की जांच प्रमाण और तर्क के आधार पर होनी चाहिए। बीमारी ठीक करने, भविष्य बताने, संतान प्राप्ति कराने या किसी गंभीर संकट को चमत्कार से दूर करने जैसे दावों के नाम पर यदि धन या अन्य लाभ लिया जाता है, तो उनकी वैधता और सत्यता की जांच होना जरूरी है। भारतीय संविधान नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आस्था रखने और उसका पालन करने का अधिकार है लेकिन यह अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता, स्वास्थ्य और अन्य नागरिकों के अधिकारों के अधीन है। इसलिए धार्मिक स्वतंत्रता का अर्थ कानून से छूट नहीं हो सकता। यदि किसी व्यक्ति या संस्था पर धोखाधड़ी, हिंसा, यौन अपराध, अवैध वसूली, संपत्ति संबंधी अपराध या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप लगते हैं तो उनकी जांच धार्मिक पहचान के आधार पर नहीं बल्कि उपलब्ध साक्ष्यों और कानून के अनुसार होनी चाहिए। यही संवैधानिक निष्पक्षता है।

हरियाणा में ढोंग और पाखंड के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार कानून का समान और निष्पक्ष शासन है। कोई बाबा, संत, धार्मिक संस्था, राजनीतिक नेता या सामाजिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि किसी के खिलाफ गंभीर शिकायत सामने आती है, तो पुलिस और प्रशासन को निष्पक्ष, समयबद्ध और प्रमाण-आधारित जांच करनी चाहिए। साथ ही शिकायतकर्ताओं और गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जहां सार्वजनिक दान और चंदे से बड़ी धार्मिक या सामाजिक संस्थाएं संचालित होती हैं, वहां वित्तीय पारदर्शिता का प्रश्न उठना स्वाभाविक है। आय-व्यय का व्यवस्थित लेखा-जोखा, स्वतंत्र ऑडिट, संपत्तियों और सामाजिक गतिविधियों की स्पष्ट जानकारी तथा दान के उपयोग में पारदर्शिता से ईमानदार संस्थाओं की विश्वसनीयता ही बढ़ेगी।

पारदर्शिता की मांग धार्मिक भावना का अपमान नहीं है। अंधविश्वास का स्थायी समाधान केवल पुलिस कार्रवाई नहीं है। समाज को ऐसा वातावरण बनाना होगा जिसमें व्यक्ति सवाल पूछ सके, प्रमाण मांग सके और असाधारण दावों को तर्क की कसौटी पर परख सके। संविधान नागरिकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और सुधार की भावना विकसित करने की जिम्मेदारी की ओर भी संकेत करता है।

स्कूलों और महाविद्यालयों में आलोचनात्मक चिंतन, वैज्ञानिक सोच और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषा के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए ताकि लोग चमत्कार, झूठे उपचार और भ्रामक दावों के बीच अंतर समझ सकें। वैज्ञानिक दृष्टिकोण धर्म का विरोध नहीं है। सोशल मीडिया के दौर में तथाकथित चमत्कार, झूठे उपचार, भविष्यवाणियां और अधूरी सूचनाएं बहुत तेजी से फैलती हैं। कभी-कभी मीडिया भी पर्याप्त सत्यापन के बिना ऐसी सामग्री को व्यापक मंच दे देता है। पत्रकारिता की जिम्मेदारी सनसनी पैदा करना नहीं बल्कि तथ्य सामने रखना है। किसी आरोप को रिपोर्ट करते समय पीड़ित की गरिमा और पहचान की रक्षा होनी चाहिए। वहीं, आरोपी के बारे में भी निष्पक्षता बरती जानी चाहिए और आरोप को सिद्ध अपराध की तरह प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए। जनता को भी वायरल वीडियो या धार्मिक दावों को तुरंत सत्य मानने के बजाय उनके स्रोत और प्रमाण की जांच करनी चाहिए। धार्मिक प्रभाव का राजनीतिक इस्तेमाल पाखंड को मजबूत करने वाली स्थितियां पैदा कर सकता है। राजनीतिक दलों और नेताओं को धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी स्वयंभू धार्मिक प्रभावशाली व्यक्ति को कानून से ऊपर का दर्जा न मिले। धर्म समाज में नैतिकता, सेवा और मानवीय एकता की प्रेरणा दे सकता है लेकिन राजनीति का प्राथमिक दायित्व शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है।

जनता को भी चुनावों में धार्मिक नारों और व्यक्तिपूजा के बजाय नीतियों, काम और जवाबदेही को प्राथमिकता देनी चाहिए। हरियाणा ने बाल विवाह, दहेज, नशा, कन्या भ्रूण हत्या और लैंगिक भेदभाव जैसी समस्याओं के खिलाफ लंबे समय से सामाजिक संघर्ष देखा है। ढोंग और अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता भी इसी सुधारवादी परंपरा का हिस्सा होनी चाहिए। ग्राम पंचायतों, शिक्षकों, महिला समूहों, युवाओं और नागरिक संगठनों को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा, स्वच्छता और कानून का पालन सुनिश्चित होना चाहिए। किसी भी गैरकानूनी गतिविधि की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाना नागरिक जिम्मेदारी है। लेकिन सामाजिक सुधार की भाषा भी संयमित होनी चाहिए। हरियाणा को ऐसा प्रदेश बनाना होगा जहां धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित हो लेकिन धार्मिक शोषण के लिए कोई जगह न हो। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, आश्रम और अन्य धार्मिक संस्थाएं सेवा, नैतिकता और मानवता के केंद्र बनें–भय, धोखाधड़ी या सत्ता के केंद्र नहीं। इसके लिए सरकार, प्रशासन, शिक्षण संस्थानों, मीडिया, धार्मिक संगठनों और नागरिक समाज–सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। जनता को भी किसी व्यक्ति को केवल वेशभूषा, भीड़ या चमत्कारिक दावों के आधार पर महान मानने के बजाय प्रश्न पूछने और प्रमाण मांगने की आदत विकसित करनी होगी। आस्था का सम्मान होगा, लेकिन अंधविश्वास नहीं। धर्म का आदर होगा, लेकिन शोषण नहीं। संतों और धार्मिक संस्थाओं का सम्मान होगा, लेकिन कानून से ऊपर कोई नहीं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## ई-अटेंडेंस का जमाना हैं...!

शिक्षक बोले–बारिश का बहाना है, ज़रा देर लगेगी,
प्राचार्य कहे–ये ई अटेंडेंस का जमाना एब्सेंट लगेगी।

छाता लेकर निकले गुरुजी, राहों में बादल घिर आए,
स्कूल पहुँचते-पहुँचते जूते भी कीचड़ में धँस जाएँ।

बोले-प्रकृति ने आज फिर मुश्किल बड़ी खड़ी की है,
प्राचार्य ने कहा–मगर मशीन ने हाजिरी पकड़ ली है!

कक्षा में बच्चे पूछें–आदरणीयजी, आज पढ़ाई होगी?
गुरुजी बोले–हमें बताओ, सबकी हाजिरी पूरी होगी?

किसकी ऑनलाइन उपस्थिति हैं और नेटवर्क गायब,
ज्ञान भले ही रहें अधूरा, अटेंडेंस रहनी चाहिए साहब!

बारिश हो चाहे आँधी हो या रास्ते में पानी बहता मिले,
रजिस्टर में बस वही अच्छा जो समय पे हाजिर मिले।

शिक्षा की गाड़ी चलती रहे, चाहे मौसम कैसा भी लगे,
गुरुजी देर से आएँ तो बहाना, बच्चे देर से एब्सेंट लगे!



# घर-मोहल्ले के बुजुर्गों के अनुभव से परहेज

संजय सक्सेना

मोहल्ले के नुक्कड़ पर बिछी वह लकड़ी की बेंच आज भी वहीं है, लेकिन उस पर बैठने वाले खादी के कुर्ते और सफेद धोती वाले वे बाबा अब कहीं दिखाई नहीं देते। वे बुजुर्ग, जिनकी आंखें पूरे मोहल्ले के लिए पहरेदार का काम करती थीं, आज आधुनिकता की चकाचौंध में कहीं खो गए हैं। दोपहर की चिलचिलाती धूप में जब मां-बाप घर के भीतर सो रहे होते थे, तब यही बुजुर्ग गली के मोड़ पर बैठकर हर आते-जाते बच्चे पर अपनी पैनी नजर रखते थे। किसी बच्चे का हाथ साइकिल के पैडल से फिसला नहीं कि उनकी तरफ से एक चीख गूंज उठती थी, संभलकर चल। स्कूल बंक करके कंचे खेलने वाले या किसी बाग से अमरूद चुराने वाले बच्चों के लिए वे साक्षात यमराज की तरह प्रकट हो जाते थे। गलती देखते ही वहीं डांट लगाना, कान उमठना और फिर शाम को सीधे उस बच्चे के घर पहुंचकर उसके मां-बाप को आगाह करना उनकी दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा था। वे इसे अपना अधिकार और सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी मानते थे। सबसे खूबसूरत बात यह थी कि जब वे घर पर शिकायत लेकर पहुंचते थे, तो कोई मां-बाप उनसे लड़ता नहीं था। समाज में एक अटूट विश्वास था कि अगर मोहल्ले के किसी बुजुर्ग ने बच्चे को टोका है, तो वह बच्चे के भले के लिए ही होगा। मां-बाप उनकी बातों को पूरे सम्मान के साथ सुनते, उनका आभार जताते और फिर अपने बच्चे को समझाते-बुझाते थे। पूरा मोहल्ला एक संयुक्त परिवार की तरह सांस लेता था, जहां हर बच्चा पूरे मोहल्ले का बच्चा होता था।

लेकिन आज समय का पहिया ऐसा घूमा कि मोहल्ले तो दूर, खुद घर के भीतर भी बच्चों को कुछ समझाने या टोकने की हिमाकत कोई नहीं कर पाता। आधुनिकता के नाम पर हमने जिस नई दुनिया का निर्माण किया है, उसने हमारे रहने के ढंग के साथ-साथ हमारी सोच को भी पूरी तरह बदल दिया है। पुराने आत्मीय मोहल्लों का स्वरूप अब तेजी से सिकुड़ रहा है और उनकी जगह चमचमाती कंक्रीट की कॉलोनियों और गगनचुंबी अपार्टमेंट्स ने ले ली है। इन बड़े-बड़े अपार्टमेंट्स के बंद फ्लैटों में लोग खुद को कैद कर चुके हैं। आज की स्थिति यह है कि एक ही मंजिल पर रहने वाला पड़ोसी सालों-साल दूसरे पड़ोसी का नाम तक नहीं जानता। हर घर के दरवाजे पर एक अदृश्य बोर्ड टंगा है, जिस पर लिखा है कि कृपया हमारे निजी जीवन में दखल न दें। इस तथाकथित प्राइवेसी या निजता की संस्कृति ने समाज के उस ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया है, जो कभी हमें एक सूत्र में बांधकर रखता था। जब पड़ोसी ही पड़ोसी से बेगाना हो गया, तो भला कोई किसी के बच्चे की गलती पर जुबान खोलने का जोखिम क्यों उठाएगा। आज अगर कोई बुजुर्ग किसी बच्चे को उसकी भलाई के लिए भी टोक दे, तो बच्चे के माता-पिता ही लाठी-डंडा लेकर या पुलिस की धमकी देते हुए बुजुर्ग के दरवाजे पर पहुंच जाते हैं कि आपने हमारे बच्चे को बोलने की हिम्मत कैसे की।

यह बदलाव किसी एक व्यक्ति, परिवार या मोहल्ले की निजी समस्या नहीं है, बल्कि यह एक गहरे सामाजिक पतन की शुरुआत है, जिसका खामियाजा आज देश और समाज दोनों को भुगतना पड़ रहा है। इसका सबसे जीवंत और डरावना प्रमाण हमें देश की राजधानी के जंतर-मंतर जैसे संवेदनशील स्थलों पर देखने को मिलता है। जंतर-मंतर पर जब युवा और बच्चे किसी आंदोलन या धरने के नाम पर इकट्ठा होते हैं, तो वहां से निकलने वाली गालियां और अमर्यादित भाषा सुनकर रूह कांप जाती है। वे धरने और प्रदर्शन चाहे समाज के जितने भी अच्छे और ऊंचे उद्देश्यों के लिए आयोजित किए गए हों, लेकिन वहां मौजूद युवाओं के मुंह से टपकती बदजुबानी और गाली-गलौज इस बात का साफ अहसास कराती है कि हमारी महान भारतीय संस्कृति किस तरह दूषित की जा रही है। जंतर-मंतर तो महज एक राष्ट्रीय मंच है, जो मीडिया की नजरों में आ जाता है, अन्यथा पूरे देश के हर शहर, हर गली और हर चौराहे पर आज ऐसा ही माहौल बन चुका है। स्कूल और कॉलेज की वर्दी पहने बच्चे सरेआम सिगरेट का धुआं उड़ाते हुए ऐसी गंदी भाषा का इस्तेमाल करते हैं कि वहां से किसी सभ्य राहगीर का गुजरना मुहाल हो जाता है।

इस सांस्कृतिक और नैतिक पतन के पीछे पाश्चात्य सभ्यता की वह अंधी नकल है, जिसने हमारे युवाओं को पूरी तरह से जेन जी यानी एक ऐसी नई पीढ़ी में बदल दिया है, जो जड़ों से कटी हुई है। पश्चिमी देशों की व्यक्तिवादी सोच को अपनाकर यह पीढ़ी मानती है कि वे पूरी दुनिया में सबसे अलग और सबसे होशियार हैं। इस पीढ़ी के व्यवहार में एक अजीब-सा उथलापन, अधीरता और अहंकार साफ देखा जा सकता है। खुद को अपने माता-पिता और दादा-दादी से ज्यादा बुद्धिमान समझना इन युवाओं की फितरत बन चुकी है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में गूगल को अपना गुरु मानने वाले इन युवाओं को लगता है कि जीवन का हर ज्ञान स्क्रीन स्क्रॉल करने से मिल सकता है। वे यह भूल जाते हैं कि ज्ञान और अनुभव में बहुत बड़ा फर्क होता है। जो अनुभव बुजुर्गों के माथे की झुर्रियों और सफेद बालों में छुपा होता है, उसे किसी सर्च इंजन से डाउनलोड नहीं किया जा सकता। बड़ों की सीख को ओल्ड स्कूल या दकियानूसी कहकर खारिज कर देना इस पीढ़ी का फैशन बन गया है, जिसके कारण वे एक वैचारिक और नैतिक शून्य में जी रहे हैं।



जब हम इस पूरे परिदृश्य का एक गंभीर और भावनात्मक अध्ययन करते हैं, तो इसके निष्कर्ष देश और समाज के भविष्य को लेकर गहरी चिंता पैदा करते हैं। एक ऐसा समाज, जहां बड़ों का सम्मान खत्म हो जाए और बच्चों को टोकने वाला कोई न बचे, वह समाज आत्मघाती रास्ते पर चल पड़ता है। जब बच्चों पर से बुजुर्गों की वह तीसरी आंख हट गई, तो युवा पीढ़ी पूरी तरह से निरंकुश हो गई। आज समाज में जो अपराध, नशाखोरी, मानसिक तनाव और डिप्रेशन की घटनाएं बढ़ रही हैं, उनके पीछे यही अकेलापन और मार्गदर्शन की कमी है। पुराने समय में जब कोई बच्चा रास्ता भटकता था, तो मोहल्ले का बुजुर्ग उसे डांटकर सही रास्ते पर ले आता था, जिससे वह बड़ी मुसीबतों से बच जाता था। आज का युवा अपनी गलतियों को सुधारने के लिए किसी टोकने वाले के न होने के कारण सीधे कानून की गिरफ्त में आता है या फिर खुद को तबाह कर लेता है।

कुल मिलाकर, राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया सिर्फ ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और बड़ी कंपनियां बनाने से पूरी नहीं होती, बल्कि इसके लिए नागरिकों के भीतर नैतिक मूल्यों और चरित्र का होना अनिवार्य है। यदि देश की युवा शक्ति संस्कारविहीन, उच्छृंखल और अमर्यादित हो जाएगी, तो आर्थिक रूप से समृद्ध होने के बाद भी हम एक खोखले राष्ट्र के रूप में खड़े होंगे। बुजुर्ग समाज की वह नींव होते हैं, जो अदृश्य रहकर भी पूरे मकान का बोझ संभाले रखते हैं। उनकी डांट में कोई दुश्मनी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को तराशने की ममता छुपी होती थी। अगर हमें अपनी संस्कृति, अपने देश और अपने समाज को इस गर्त में गिरने से बचाना है, तो हमें कॉलोनियों और अपार्टमेंट्स की बंद दीवारों को तोड़कर फिर से उस मोहल्ला संस्कृति को पुनर्जीवित करना होगा। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि बड़ों का टोकना उनकी आजादी पर हमला नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा का कवच है। जब तक समाज में बुजुर्गों को उनका वह पुराना पहरेदार वाला हक वापस नहीं मिलेगा, तब तक जंतर-मंतर से लेकर देश के कोने-कोने तक मर्यादाएं ऐसे ही तार-तार होती रहेंगी और हम असहाय होकर अपने ही भविष्य को बिखरते देखते रहेंगे।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### वृद्धजनों की समस्याएं सुनीं, दी विधिक अधिकारों की जानकारी

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव वंदना अग्रवाल ने मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं जानीं तथा भोजन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, आवास समेत अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। वृद्धाश्रम प्रबंधक बद्री नारायण मिश्र व लेखाकार जितेंद्र सिंह परमार ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पीएलवी पवन तिवारी भी मौजूद रहे। इस दौरान वृद्धजनों को विधिक अधिकारों, वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण एवं भरण-पोषण संबंधी प्रावधानों तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। सचिव ने समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही प्रबंधन को वृद्धजनों की सुविधाओं, सम्मान और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

### धरती बचाओ अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**हमीरपुर।** शुक्रवार को धरती बचाओ अभियान के तहत जनपद हमीरपुर में एग्री जंक्शन प्रभारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इफको के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें एग्री जंक्शन प्रभारियों को उर्वरक की नवीन तकनीकी के विषय में जानकारी दी गई। इफको के क्षेत्रीय वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार ने भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही धरती बचाओ अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को रासायनिक उर्वरकों का कम प्रयोग करने एवं रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, सागरिका नेचुरल पोटाश, जल विलय उर्वरक, जैव उर्वरक आदि उर्वरकों के विषय में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। साथ ही किसानों को ज्यादा से ज्यादा मिट्टी परीक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया। संतुलित उर्वरक के प्रयोग से होने वाले लाभ एवं लागत को कम करने के तरीकों के विषय में भी विधिवत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में एसएफए संदीप कुमार साहित सभी एग्री जंक्शन प्रभारी मौजूद रहे।

### सिसोलर मार्ग में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक की मौत

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात सिसोलर मार्ग में पचखुरा खुर्द के समीप ट्रैक्टर-ट्राली असंतुलित होकर सड़क किनारे नाली में जा गिरी। इस घटना में ट्रैक्टर चालक की दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने रात में चालक को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बीती रात करीब 11.30 बजे भौनिया निवासी प्रदीप कुशवाहा 30 वर्ष पंधरी गांव से ट्रैक्टर लेकर भौनिया जा रहा था। पचखुरा खुर्द के समीप ट्रैक्टर ट्राली अचानक असंतुलित हो गया और सड़क किनारे नाले में जाकर पलट गया। इस घटना में चालक प्रदीप कुमार की दबकर मौत हो गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और चालक को निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। प्रदीप की मौत से उसके पुत्र एवं पुत्री के सिर से एक वर्ष के अंदर मां-बाप का साया उठ गया है। मृतक की पत्नी प्रियंका ने एक वर्ष पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। ग्राम प्रधान अरविंद पाल ने बताया कि मृतक पंधरी गांव में संचालित लकड़ी की अड्डी में मजदूरी करता था। रात में वह अड्डी से ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। उसके दोनों बच्चे बेसहारा हो गए हैं।

### सपा नेता की संदिग्ध मौत में चार पर हत्या का मुकदमा

**सुमेरपुर।** सपा के पूर्व नगर उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ भूरे चंदेल की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आया है। मृतक की पुत्री आयुषी सिंह चंदेल की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में आरोप लगाया गया कि 15 अगस्त को पिता को इंगोहटा निवासी छोटू सिंह उर्फ योगेंद्र परिहार अपने साथ ले गया था। बाद में शिवानी ढाबे पर छोटू सिंह के साथी कुंवर बहादुर व रज्जू कुशवाहा भी मिले। आरोप है कि तीनों ने मारपीट कर सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या कर दी और शव छोटू सिंह के घर की सीढ़ियों के पास फेंक दिया। पुत्री ने ज्ञान सिंह पर साजिश का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### पूर्व विधायक की माता के निधन पर शोक की लहर



**बांदा।** शहर के प्रतिष्ठित स्वायत्तशासी महाविद्यालय राजा देवी डिग्री कालेज की संस्थापिका और सदर विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक रहे राजकुमार शिवहरे की माता राजा देवी शिवहरे का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार की शाम 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपाइयों समेत समूचे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। खबर सुनकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। शुक्रवार की सुबह राजादेवी शिवहरे की पार्थिव यात्रा शहर के महेश्वरी देवी मंदिर चौक से शुरू होकर राजघाट पहुंची, जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र जगदीश शिवहरे ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, पुष्कर द्विवेदी, बालमुकुंद शुक्ला, मोहन साहू समेत विभिन्न सियासी दलों के लोग, चिकित्सक, व्यवसायी शामिल रहे।

### सावन उत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



**गुरसराय (झांसी)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया पीजी महिला महाविद्यालय में सावन उत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रकृति के पावन पर्व को सृजन, संस्कृति एवं संस्कार के साथ मनाते हुए प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने प्रतिभाग किया और आकर्षक मेहंदी डिजाइनों का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में भगवती ने प्रथम, मोहिनी और रोशनी ने द्वितीय तथा सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य निर्णायक शारदा सिंह चौहान, प्रीति अर्जरिया एवं पूजा सोनी रहीं।प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के साथ मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। मेहंदी केवल परंपरा नहीं, बल्कि इसके धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों पहलू हैं।इसके बाद नवप्रवेशित छात्राओं का दीक्षा समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा महाविद्यालय के नियमों एवं पठन-पाठन व्यवस्था की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शारदा सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भाजपा-सपा छोड़कर कई लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**गरौठा (झांसी)।** बजरंग धर्मशाला में कांग्रेस के संगठन सतर्कता अभियान के तहत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हिना कावेरे रहीं। बैठक में संगठन को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा नए जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर मंथन किया गया। पत्रकार वार्ता में हिना कावेरे ने कहा कि नए जिलाध्यक्ष के चयन के लिए कार्यकर्ताओं से अलग-अलग संवाद कर उनकी राय जानी जाएगी। शीर्ष नेतृत्व की मंशा है कि सक्रिय एवं जमीनी कार्यकर्ताओं की सहमति से ऐसे व्यक्ति का चयन हो, जो संगठन को मजबूती प्रदान कर सके। बैठक के दौरान भाजपा और सपा से जुड़े करीब एक दर्जन लोगों ने कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा की। इनमें नितिन मिश्रा, नीलू तिवारी, बलराम वर्मा, पप्पू वर्मा एवं प्रभात प्रजापति उर्फ रही सहित अन्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन बामौर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र यादव 'वीरू नाटा' ने किया।

## सिविल जज ने स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**





जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव वंदना अग्रवाल ने मुख्यालय स्थित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। सेंटर मैनेजर श्रीमती श्यामा ने कार्यप्रणाली एवं सहायता सेवाओं के संबंध में जानकारी दी। पीएलवी पवन तिवारी भी उपस्थित रहे।

सचिव ने निर्देश दिए कि जरूरतमंद महिलाओं एवं बालिकाओं को विधिक सहायता, परामर्श और सहयोग समयबद्ध एवं संवेदनशील तरीके से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनकी सुरक्षा, गरिमा एवं गोपनीयता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक सेवाएं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## विधायक ने कंपोजिट विद्यालय पारा का किया औचक निरीक्षण



**हमीरपुर।** सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने विकासखंड मौदहा के ग्राम पंचायत पारा स्थित कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पठन-पाठन, साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। विधायक ने बच्चों के साथ संवाद कर पढ़ाई, भोजन और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता व स्वाद को संतोषजनक पाया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर, किचन शेड व शौचालय का निरीक्षण कर स्टाफ को स्वच्छता बनाए रखने तथा निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शिक्षा, पोषण और मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।

## सुमेरपुर-मौदहा में बाल श्रम के खिलाफ अभियान, सात बालक एवं किशोर मुक्त





**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन को लेकर सुमेरपुर व मौदहा क्षेत्र में संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। श्रम विभाग, सीडब्ल्यूसी, चाइल्ड लाइन और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने ढाबों, रेस्टोरेंट, कैंटीन, हलवाई की दुकानों, शादी घरों समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान सात बाल एवं किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया और संबंधित सेवायोजकों के खिलाफ निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई। प्रभारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी दामोदर प्रसाद अग्रहरि ने बताया कि बाल श्रम कराने वाले सेवायोजकों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। टीम ने व्यापारियों को बाल श्रम के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### इंदिरा नगर में जलभराव और गड्ढे, स्कूली बच्चे चलने को मजबूर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नगर पंचायत सुमेरपुर के वार्ड नंबर 14 इंदिरा नगर में बदहाल सड़क, टूटी नालियों और जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। उन्हें रोजाना कीचड़ और गंदे पानी से होकर विद्यालय जाना पड़ता है। सड़क के गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भरने से हादसे का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय सभासद और मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। सभासद रामकिशोर सैनी सहित लालू यादव और सियाराम शर्मा ने अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे व अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मुख्य सड़क लंबे समय से बदहाल है। बारिश में रास्ता दलदल में बदल जाता है और बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं। लोगों ने सड़क की मरम्मत के साथ जल निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग की है।

## बेतवा सेतु निर्माण में ढिलाई पर डीएम सख्त, एक्सईएन व ठेकेदार को फटकारा



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के निरीक्षण में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने कड़ी नाराजगी जताई। पर्याप्त संसाधन न होने और केवल एक लॉन्चर से काम संचालित मिलने पर उन्होंने सेतु निगम के अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार को फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। करीब 302 करोड़ रुपये की लागत से बेतवा व यमुना नदियों पर बन रहे पुलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार पर पेनल्टी लगाने और भुगतान में कटौती के आदेश दिए। पुल के पहुंच मार्ग पर पड़े मलबे और निर्माण सामग्री को एक सप्ताह में हटाने तथा सड़क मरम्मत कराने को कहा। श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता और समयसीमा से समझौता नहीं होगा।

### विकास कार्यों में देरी पर डीएम सख्त, ठेकेदारों पर होगी पेनाल्टी

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने सिंचाई, पेयजल, सड़क और विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल संबंधित विभागों को हैंडओवर कराने तथा निर्माणाधीन कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन से खोदी गई सड़कों की तत्काल मरम्मत और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट न होने देने को कहा। बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्त कराने तथा टूटे विद्युत पोल बदलने के निर्देश भी दिए। विद्यालयों व प्रमुख मार्गों के आसपास लटक रहे 11 केवी तारों को दुरुस्त कराने को कहा। डीएम ने अनावश्यक देरी और भ्रामक प्रगति रिपोर्ट पर कार्रवाई की चेतावनी दी तथा समयसीमा में काम पूरा न करने वाले ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

## जिले में आभा आईडी बनाने का 70 फीसदी काम पूरा

▶ **सरकार जिले में बदल रही स्वास्थ्य व्यवस्था की सूरत**

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। सरकार की इस दूरदर्शी योजना के तहत जिले में अब तक लगभग 70 प्रतिशत लोगों की श्आभा आईडीश् बनाई जा चुकी है। इस बड़ी उपलब्धि से अब मरीजों को अस्पतालों में पुराने पर्चे और भारी-भरकम मेडिकल फाइलें लेकर भटकने से हमेशा के लिए आजादी मिल जाएगी। आभा आईडी पांच वर्ष से अधिक उम्र के हर नागरिक की बनाई जा रही है। इसमें 14 अंकों का एक खास यूनिक नंबर होता है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की पूरी मेडिकल हिस्ट्री (बीमारी, डॉक्टर की पर्ची, जांच रिपोर्ट और दवाइयों का विवरण) को हमेशा के लिए डिजिटल और सुरक्षित करना है। जब भी कोई मरीज अस्पताल जाएगा तो



डॉक्टर सिर्फ इस आईडी के जरिए उसकी पुरानी सभी बीमारियों और इलाज का डेटा एक क्लिक पर देख सकेंगे। इससे कागजात खोने का डर खत्म हो जाएगा और सही समय पर सटीक इलाज मिलने में बहुत सहूलियत होगी। जिले में इस योजना को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर मरीज का पर्चा बनते समय ही आभा आईडी बनाई जा रही है। वर्तमान में शहर के आठ अस्पतालों में पर्चा काटने का काम पूरी तरह से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के जरिए ही ऑनलाइन किया जा रहा है। सीएमओ डा.विजेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में आभा आईडी बनाने की प्रगति 70 फीसदी हो गई है।

### रोडवेज कर्मियों व चालकों-परिचालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर सघन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत रोडवेज बस स्टैंड परिसर में आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में कर्मचारियों के साथ चालकों और परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रोडवेज बस स्टैंड परिसर में आयोजित शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी डा.विजेंद्र सिंह एआरएम देशराज, जिला एड्स कार्यक्रम प्रबंधक बृजेंद्र कुमार व जिला टीकाकरण अधिकारी डा.विजय केसरवानी ने संयुक्त रूप से किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने क्यूआर कोड के जरिए सेल्फरिस्क एसेसमेंट (एसआरए) से एचआईवी व सिफलिस की जानकारी दी। साथ ही एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 और एचआईवी, एड्स के फैलाव व बचाव के बारे में बताया। शिविर में परिवहन निगम कर्मचारियों के साथ चालकों व परिचालकों ने बढचढ़ कर भागीदारी की।

### गहोई समाज महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया सावन तीज उत्सव



**बांदा।** गहोई समाज महिला मंडल टीम ने सावन तीज उत्सव उल्लास और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम में करीब 50 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सावन गीतों, नृत्य और मनोरंजक प्रतियोगिताओं के जरिए महिलाओं ने समां बांधा। कालू कुआं स्थित एक होटल में गहोई समाज महिला मंडल टीम ने धूमधाम और उत्साह से सावन तीज उत्सव मनाया। कार्यक्रम में रोचक खेल, हाऊजी एवं नृत्य प्रस्तुत करते हुए महिलाओं ने समां बांधा। समाज की महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। सावन के पारंपरिक गीतों पर महिलाओं ने जमकर मस्ती की और उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलका रावत, मंजू नगरिया, बबीता ददरिया व आस्था सेठ का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर अलका, मीरा दमेले, अंजू दमेले, वर्षा सेठ, स्मिता सेठ, ऋचा रावत, मंजू रूसिया, ममता गुप्ता, वंदना सेठ, सोनम बड़ौनिया, संध्या रावत, गौरी रावत, विधि रूसिया सहित तमाम महिलाएं शामिल रहीं। महिला मंडल के इस आयोजन ने सावन की उमंग, आपसी प्रेम और सामाजिक एकजुटता को और भी मजबूत किया। सभी महिलाओं ने हंसी-खुशी और उत्साह के साथ यादगार तीज उत्सव का आनंद लिया।

## रिटायर्ड सचिव का फांसी के फंदे से लटका शव मिला

▶ **बनियान से मिला सुसाइड नोट बरामद पुलिस जांच में जुटी**

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



शहर कोतवाली के पस्तोर गली स्थित शिव मंदिर में एक सेवानिवृत्त सचिव का शव फाँसी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान मृतक की बनियान से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। श्याम सुंदर त्रिपाठी (75) वर्ष पुत्र स्व सियाराम मूल रूप से गंज गांव के रहने वाले थे। वह झांसी जनपद में खाद-बीज भंडार के सेवानिवृत्त सचिव थे। परिजनों के अनुसार, वह दोपहर करीब 2 बजे रोजाना की तरह शिव मंदिर में पूजा करने पहुंचे थे। शाम को जब मंदिर के पंडित और श्रद्धालु वहां पहुंचे तो शटर बंद और ताला लगा मिला। काफी प्रयास के बाद भी शटर नहीं खुला तो मंदिर परिसर में लगे CCTV कैमरों की फुटेज देखी गई। फुटेज में श्याम सुंदर फंदे पर लटके दिखाई दिए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## वृद्धाश्रम का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

▶ **वृद्धजनों से संवाद कर फल एवं मिष्ठान वितरित किए**

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। वर्ष 2018 से संचालित इस वृद्धाश्रम में निराश्रित एवं असहाय वृद्धजनों को आश्रय दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं सीडीओ ने वृद्धजनों से आत्मीयता से संवाद कर उनका हालचाल जाना तथा फल एवं मिष्ठान वितरित किए। वृद्धाश्रम में निवासरत महिलाओं ने जिलाधिकारी का टीका लगाकर स्वागत किया और उन्हें पुष्प भेंट किए। सार्वजनिक शिक्षोनयन संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने रसोईघर, भोजन कक्ष, शयन कक्ष, शौचालय एवं परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों से भोजन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शीघ्र स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति एवं दवा वितरण पंजिका सहित अन्य अभिलेखों का भी अवलोकन किया। डीएम ने कहा कि वृद्धजनों के साथ संवेदनशीलता एवं सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। कोई भी निराश्रित वृद्धजन असहाय न रहे, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। वृद्धाश्रम में सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ललिता यादव ने बताया कि वृद्धाश्रम में वर्तमान में 108 वृद्धजन निवास कर रहे हैं, जिनमें 58 महिलाएं एवं 50 पुरुष हैं।

### सुबह-सुबह मरीजों का हाल जानने डीएम पहुंचे जिला महिला व पुरुष अस्पताल



**उरई।** डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार कि सुबह जिला महिला व पुरुष अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं व अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजय खरे, स्त्री रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. सुनीता बनोधा, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. संजीव प्रभाकर, प्रियम यादव स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंशिका जायसवाल आदि अनुपस्थित मिले। इस पर डीएम ने सीएमएस को चिकित्सकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल की व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण में शिथिलता पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सीएमएस महिला अस्पताल से स्पष्टीकरण तलब किया। इसके उपरांत डीएम ने जिला पुरुष अस्पताल का निरीक्षण किया, जहां सभी चिकित्सक उपस्थित मिले। इस दौरान मरीज सत्येंद्र कुमार ने एक्स-रे न होने की जानकारी दी।

## ब्राह्मण महिला समाज ने धूमधाम से मनाया सावन तीज उत्सव



**झांसी।** सावन माह के पावन अवसर पर ब्राह्मण महिला समाज द्वारा नटराज पोर्टिको होटल में हरियाली तीज के अंतर्गत 'सावन तीज उत्सव' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राधिका पांडे एवं विशिष्ट अतिथि ज्योति शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता डॉ. रचना बिमल दुबे ने की।मुख्य अतिथि राधिका पांडे ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक सौहार्द बढ़ाने के साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और नई पीढ़ी तक परंपराओं को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। डॉ. रचना बिमल दुबे ने कहा कि महिलाएं ठान लें तो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने परिवार में युवा बच्चों से निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मंगलाचरण एवं देवी गीतों के सामूहिक गायन के साथ धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं की महिला पात्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। निधि समाधिया ने सीता, आरती दुबे ने द्रौपदी, रीना ने पद्मावती, नेहा शर्मा ने रानी लक्ष्मीबाई तथा कल्पना दीक्षित ने अहिल्याबाई का स्वरूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

## छात्रों से अभद्रता पर थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी हुए लाइन हाजिर

▶ **एसपी की कार्रवाई से पुलिस में हड़कंप**

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



शहर कोतवाली क्षेत्र के रैपुरा कलां गांव में स्कूली बच्चों के साथ अभद्रता और मारपीट के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी मनीष पांडेय समेत चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। आरोप है कि खराब सड़क के विरोध में प्रदर्शन कर रहे बच्चों के साथ पुलिसकर्मियों ने दुर्व्यवहार और मारपीट की थी। गांव को जोड़ने वाला रास्ता लंबे समय से जर्जर है। इससे स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। अपनी मांग को लेकर बच्चों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू किया था। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बच्चों की समस्या समझने के बजाय उनके साथ अभद्रता की और मारपीट की। घटना के बाद बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की तस्वीरें और खबरें सामने आने पर मामला अधिकारियों तक पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को रैपुरा कलां गांव पहुंचकर पीड़ित बच्चों से सीधे बातचीत की। अधिकारियों ने बच्चों से पूरी घटना की जानकारी ली और उनकी शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने बच्चों और ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद पुलिस विभाग ने मामले में जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एसपी ने कोतवाली प्रभारी मनीष पांडेय, हेड कॉन्स्टेबल उमाशंकर शुक्ला, कॉन्स्टेबल अरुण कुमार और कॉन्स्टेबल अभिषेक पटेरिया को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

## विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचाएं: सांसद



**उरई।** सांसद नारायणदास अहिरवार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई साथ ही उनके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सांसद ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ पात्र व जरुरतमंद लोगों तक पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचना चाहिए। कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या-यूपी 76 20160001830 में मेरा नाम भूलवश अखिलेश (AKHILESH) अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अखिलेश कुमार दर्ज है, जो सही है। यह दोनों नाम मेरे ही है। मेरे डीएल में मेरा सही नाम अखिलेश कुमार दर्ज किया जाये। **अखिलेश कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम फरीदपुर मंगलीपुर, रोशनाबाद, फर्रुखाबाद।**

# अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग का अभियान, नौ वाहन निरुद्ध

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

बच्चों के सुरक्षित परिवहन को लेकर चलाए जा रहे 'मिशन सेफ फ्यूचर 2.0' के तहत शुक्रवार को जिले में अनफिट एवं अनाधिकृत रूप से संचालित स्कूली वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने व्यापक अभियान चलाया। कार्रवाई में नौ वाहनों को निरुद्ध किया गया, जबकि चार अन्य वाहनों का चालान किया गया। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 11 से 25 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), अयोध्या संजय कुमार झा के नेतृत्व में जिले में कार्रवाई की गई। इस दौरान यश कान्वेंट स्कूल, शेम्फोर्ड इंटरनेशनल स्कूल और स्टेला मॉरिस कान्वेंट स्कूल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अनाधिकृत रूप से संचालित नौ स्कूली वाहनों को निरुद्ध करने के साथ चार अन्य वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी ने एआरटीओ कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) को दोनों प्रवर्तन टीमों की ब्लॉकवार ड्यूटी लगाकर अनफिट और बिना परमिट संचालित स्कूली वाहनों के खिलाफ नियमित रूप से चालान एवं निरुद्ध करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कार्रवाई के दौरान एआरटीओ (प्रशासन) अलका शुक्ला, एआरटीओ (प्रवर्तन) भूपेश कुमार गुप्ता, यात्री कर अधिकारी शैलेन्द्र तिवारी, संभागीय निरीक्षक पंकज तथा प्रवर्तन दल के राघवेंद्र, ओमप्रकाश और अफजाल मौजूद रहे।



विद्यालय में पहुंचकर स्कूली वाहनों को जांच करते आरटीओ अयोध्या

# स्काउट गाइड का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

राणा प्रताप पीजी कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वाधान में कब-बुलबुल लीडर, स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन का सात दिवसीय बेसिक एवं एडवांस आवासीय प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण में जिले के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के चयनित करीब 100 प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। कॉलेज के मीडिया प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं कब-बुलबुल लीडर को दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने-अपने विद्यालयों में स्काउटिंग एवं गाइडिंग की गतिविधियों का प्रभावी संचालन कर सकें।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड की विभिन्न गतिविधियों के साथ नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, शिविर संचालन तथा प्रशिक्षण की तकनीकों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। गाइड कैप्टन बेसिक का प्रशिक्षण नौशाद अली सिद्दीकी, स्काउट मास्टर का धर्मेन्द्र प्रताप सिंह तथा कब लीडर का प्रशिक्षण अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कराया जा रहा है।सहायक प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार, संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, डॉ. वीना सिंह और गौरव सहित अन्य लोग प्रशिक्षण में सहयोग कर रहे हैं। प्रशिक्षण का समापन 24 अगस्त को होगा।



प्रशिक्षण प्राप्त करते स्काउट गाइड

### बोरी में शराब का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** जिले के करौंदी कला कस्बे में एक दुकान के सामने बोरी में रखी देशी दारू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।वीडियो वायरल होने के बाद भी सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा जांच न करके मामले ने लीपापोती की जा रही है। बता दे कि शुक्रवार को करौंदी कला कस्बे में एक दुकान के सामने बोरी में रखे देशी दारू की पैकेटों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद जब इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए कादीपुर आबकारी इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया है।जब आबकारी इंस्पेक्टर कादीपुर बृज राज सिंह से जांच पड़ताल के बारे में पूछ गया तो लीपापोती करते हुए कहा कि अनुज्ञापी से जब पूछा गया तो उसने कहा कि उसकी दुकान बंद थी।

# 120 किशोरियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



- महिला सुरक्षा व सरकारी योजनाओं की मिली जानकारी

**समृद्धि न्यूज, सोनभद्र।**

द हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित 'हंस सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम' के अंतर्गत ग्राम बिल्ली-मारकुंडी स्थित संकुल स्तरीय संघ परिसर में 'किशोरी आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की 120 किशोरियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने किशोरियों को विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय, महिला एवं बाल सुरक्षा अधिकार, आपातकालीन सहायता नंबरों तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। किशोरियों को प्रेरित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में चुप रहने की बजाय तुरंत संबंधित विभागों व सहायता सेवाओं से संपर्क करें। कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किशोरियों ने स्वयं महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा पर आधारित रचनात्मक जागरूकता पोस्टर तैयार कर संदेश दिया। इस अवसर पर द हंस फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक शफुद्दीन, परियोजना समन्वयक विदेह राज, खंड समन्वयक विजय कुमार पटेल, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह, सीमा शर्मा, साधना मिश्रा, चाइल्डलाइन समन्वयक मुकेश कुमार सिंह, उड़ान प्रेरणा महिला संकुल समिति की अध्यक्षा पूनम देवी, रिंकी देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी जी तथा हंस सखी शीला देवी, प्रभा कुमारी, हीरावती, चंद्रावती व आरती देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने किशोरियों के सर्वांगीण विकास व सुरक्षित भविष्य के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# सीएचसी अधीक्षक का बाहर की दवा लिखते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

अखंडनगर सीएचसी पर हुए अधीक्षक पर हुए हमले मामले में नया मोड़ आ गया है।जेल गए युवक के भाई ने अधीक्षक पर बाहर की दवा लिखने के आरोप में हुए विवाद में जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए उसके भाई को जेल भेजवाने का आरोप लगाया है।साथ ही अधीक्षक का पर्ची पर बाहर की दवा लिखते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दे कि बुधवार को अखंड नगर थाना क्षेत्र के प्राणनाथपुर बछेड़िया गांव निवासी सचिन गौड़ पुत्र विनोद गौड़ को अखननगर पुलिस ने सीएचसी अधीक्षक डॉ सतेंद्र सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में जेल भेज दिया था।मामले में जेल गए सचिन गौड़ के भाई आकाश गौड़ का आरोप है कि बुधवार को उसे बुखार था वह भाई सचिन के साथ दिखाने सीएचसी गया था।सीएचसी में अधीक्षक द्वारा बाहर की दवा लिखी गई जब उसके भाई सचिन ने चिकित्सक से अंदर की दवा देने को कहा तो चिकित्सक भड़क गए और उसका पर्चा फेंकते हुए कहा कि अब नहीं देखेंगे जाओ बाहर दिखा लो। जब उसके भाई ने दुबारा पर्चा रखा तो उन्होंने पर्चा फाड़ दिया और उसके भाई सचिन को बाहर ले जाकर अपने साथियों के साथ मारपीट की।उसके बाद फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनाकर उसके भाई को जानलेवा हमले के अपराध में जेल भेजवा दिया। आरोप लगाने के साथ ही आकाश गौड़ ने एक वीडियो भी वायरल करवाया है जिसमें चिकित्सक द्वारा सरकारी पर्चे के अलावा छोटी पर्ची पर बाहर की दवा लिखी जा रही है।

# ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत में 6.88 लाख की वित्तीय अनियमितता, अंतिम जांच में तत्कालीन प्रधान व सचिव दोषी

- दोषी पाए गए निवर्तमान प्रधान को प्रशासक पद से हटाया गया
- सहायक विकास अधिकारी पंचायत होंगे नए प्रशासक

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिला मैजिस्ट्रेट सरनीत कौर ब्रोका ने बताया है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की याचिका समिति के निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायत ऊंचाहार देहात, विकास खण्ड ऊंचाहार से संबंधित शिकायतध्याचिका संख्या-1011/2019 की विस्तृत जांच कराई गई। प्रकरण में संयुक्त आयुक्त, मनरेगा, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश द्वारा 07 फरवरी 2025 को गठित जांच समिति तथा मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ के 06 जनवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में गठित अंतिम जांच समिति द्वारा उपलब्ध अभिलेखों, स्थलीय निरीक्षण एवं तकनीकी परीक्षण के आधार पर जांच की गई। जांच में ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 104 कार्यों से संबंधित पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण इन कार्यों की जांच नहीं हो सकी। उपलब्ध अभिलेखों एवं स्थलीय सत्यापन में विभिन्न इंटरलॉकिंग एवं खड़ंजा निर्माण कार्यों में माप पुस्तिका तथा मौके पर पाए गए निर्माण के बीच अंतर पाया गया।

छह निर्माण कार्यों में कुल 1,99,532.24 का अधिक भुगतानध्वित्तीय अनियमितता पाई गई। इसके अतिरिक्त ह्यूम पाइप स्थापना, इंडिया मार्का हैंडपंपों के रीबोर एवं प्लेटफार्म निर्माण तथा स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत से संबंधित कार्यों में भी अनियमितताएं सामने आईं। जांच के अनुसार इन कार्यों में कुल 4,88,679.16 का अधिक भुगतानध्दुरुपयोग पाया गया।

इस प्रकार अंतिम जांच आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत ऊंचाहार देहात में कुल 6,88,211.40 की वित्तीय अनियमितता पाई गई। अंतिम जांच में तत्कालीन ग्राम प्रधान प्रशासक धनराज यादव तथा ग्राम पंचायत सचिव ग्राम विकास अधिकारी रूद्र प्रताप सिंह को वित्तीय अनियमितताओं के लिए उत्तरदायी पाया गया। ग्राम प्रधान को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण में आरोपों के निराकरण के लिए ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए।

## खबरें एक नजर में

### युवक पर कुल्हाड़ी व लाठी से हमला, पांच आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के धरौली चौराहे पर 13 अगस्त को युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने शुक्रवार देर रात पांच वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार धरौली निवासी दिलीप कुमार पुत्र ढोढेराम 13 अगस्त की सुबह घर से सब्जी लेने चौराहे की ओर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद एक राय होकर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में दिलीप के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि बाएं कान की लट कटकर लटक गई। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सिकंदर, राजेश, जितेंद्र पुत्रगण भगेलूराम, सृजल पुत्र सिकंदर, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार और कुलदीप कुमार पुत्रगण योगेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस ने शुक्रवार रात करीब 1:10 बजे धरौली-सुल्तानगंज मार्ग पर नसीम भट्ठे के पास से प्रदीप कुमार, कुलदीप, राजेश, सिकंदर और सृजल कुमार निवासी धरौली को गिरफ्तार किया। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### ओवर लोड ट्रकों के खिलाफ चलाया गया अभियान

**सलोन-रायबरेली।** परिवहन विभाग के एआरटीओ द्वारा ओवरलोड ट्रकों के खिलाफलगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले ओवरलोड ट्रकों को सीज कर लाखों रुपये का जुर्माना किया जा रहा है। सलोन प्रतापगढ़ मेन रोड पर परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रकों को पकड़ा। प्रवर्तन टीम ने इन पर एक लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सलोन में दो ओवरलोड ट्रक को सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन विक्रांत सिंह ने बताया कि दो ओवरलोड वाहनों पर 1 लाख 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया और वाहन सीज कर दिया गया है। और एआरटीओ ने कहा कि वाहन चालक व ट्रांसपोर्ट संचालक अपने वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संचालित करें। उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेजकपरमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र और ड्राइविंग लाइसेंसकूहमेशा साथ रखने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और कहा कि ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### स्मार्ट मीटर फटने से तीन झुलसे, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**सुलतानपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बघराजपुर आवास विकास कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर स्मार्ट मीटर फटने से एक ही परिवार की दो महिलाएं और तीन वर्षीय बच्ची झुलस गईं। हादसे के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां इलाज चल रहा है। शुक्रवार को घर में लगा स्मार्ट मीटर अचानक फट गया। इससे शॉर्ट सर्किट होने के साथ आग जैसी स्थिति बन गई। हादसे में प्रीति अग्रहरि (30), उनकी तीन वर्षीय बेटी राजवी और कंचन अग्रहरि (27) झुलस गईं। कंचन के सिर में भी चोट लगने की जानकारी है।परिजनों के मुताबिक हादसे के बाद तीनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए परिजन जसलोक अस्पताल लेकर चले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर में आई खराबी के कारण यह हादसा हुआ।

# रानीगंज में बिना सर्जन चल रहा ऑपरेशन का खेल

## फर्जी क्लिनिक व दलालों के जाल में फंसी मरीजों की जिंदगी

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

तहसील क्षेत्र में निजी क्लिनिकों और नर्सिंग होम संचालकों की मनमानी चरम पर है। मोटी कमाई के चक्कर में मरीजों की सेहत और जिंदगी को खुलेआम दांव पर लगाया जा रहा है। स्थिति यह है कि कई अस्पतालों में विशेषज्ञ सर्जन तक मौजूद नहीं हैं, फिर भी धड़ल्ले से बड़े-बड़े ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

प्रसव के नाम पर तगड़ी वसूली और डराने का खेल

प्रसव (डिलीवरी) के मामलों में इन सेंटरों का रवैया सबसे ज्यादा खतरनाक है। सामान्य मरीजों को भी केस 'क्रिटिकल' बताकर डराया जाता है और जबरन ऑपरेशन की मेज पर ले जाया जाता है। सामान्य प्रसव के नाम पर 10 से 20 हजार रुपये, तो वहीं ऑपरेशन के नाम पर 40 से 50 हजार रुपये तक ऐंठे जा रहे हैं। इस पूरे नेटवर्क को चलाने के लिए गांव-गांव में दलाल सक्रिय हैं, जो सीधे-साधे ग्रामीणों को झांसा देकर इन फर्जी क्लिनिकों तक पहुंचाते हैं।

दुर्गागंज से लेकर रानीगंज कस्बे तक अवैध क्लिनिकों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की भरमार है। इनमें से कई के पास न तो लाइसेंस है और न ही कोई वैध डिग्री-डिप्लोमा। कुछ सेंटर दूसरों की डिग्री पर चल रहे हैं, तो कइयों पर नामी डॉक्टरों और एमडी सर्जनों के बड़े-बड़े बोर्ड लगे हैं, जबकि उन डॉक्टरों को इसकी जानकारी तक नहीं है। यही हाल अल्ट्रासाउंड सेंटरों का है, जहां बिना किसी रेडियोलॉजिस्ट या विशेषज्ञ के फर्जी रिपोर्ट तैयार कर पैसे बटोरे जा रहे हैं।

जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग अमूमन इस ओर से अनजान बना रहता है, लेकिन शिकायत होने पर ही कार्रवाई की खानापूरी होती है। हाल ही में गाजी का बाग स्थित 'प्रतिभा क्लिनिक' की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई। सोमवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. आजाद अहमद और जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह ने जब क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया, तो संचालक कोई भी वैध अभिलेख पेश नहीं कर सके। इसके बाद टीम ने क्लिनिक को सील कर दिया और संचालकों को अभिलेखों के साथ प्रतापगढ़ तलब किया।

### पत्नी की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने में पति गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के विंध्यवासिनी नगर अहिमाने में 12 अगस्त को किरन पांडेय की संदिग्ध मौत का मामला हत्या में बदल गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने पति अरुण पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कथित घटना में प्रयुक्त लाठी भी बरामद की है। घटना के दिन किरन का शव घर में फंदे से लटका मिला था। मृतका के पिता राम लखन मिश्रा निवासी कपिसा मिश्र का पुरवा ने उसी दिन दामाद पर बेटी की हत्या कर शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव को 13 अगस्त को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने 19 अगस्त को हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

# प्रयागराज में पुलिस विभाग में बड़ा बदलाव सागर जैन को डीसीपी सिटी की जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**

कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया ने पुलिस महकमे में अहम बदलाव किया है। 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी सागर जैन को प्रयागराज में डीसीपी सिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अब तक डीसीपी सिटी का दायित्व संभाल रहे मनीष कुमार शांडिल्य को डीसीपी क्राइम बनाया गया है। दोनों अधिकारियों की जिम्मेदारियों में यह बदलाव तत्काल प्रभाव से किया गया है। सागर जैन अब शहर की कानून-व्यवस्था, पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण की निगरानी करेंगे। शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिसिंग को प्रभावी बनाए रखना, अपराध की रोकथाम



तथा संवेदनशील मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल होगी। सागर जैन 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। मूल रूप से मध्य प्रदेश के होशंगाबाद के रहने वाले सागर जैन की प्रयागराज में तैनाती अप्रैल 2026 में हुई थी। प्रयागराज आने के बाद उन्हें डीसीपी क्राइम की जिम्मेदारी दी गई थी।

# बूथ अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह के घर पर भंडारे की पूर्व संध्या पर लव सिंह गहलौत



**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

शुक्रवार को भगवान शिवजी के भंडारे का भव्य आयोजन तवक्कल बूथ अध्यक्ष तेजबहादुर सिंह द्वारा अपने जज निवास सुजानपुर में सनातनी लोगों के सहयोग से किया गया है। 20 अगस्त को ही शाम को देल्हूपुर मंडल अध्यक्ष लव सिंह गहलौत एडवोकेट पहुंचकर भगवान शिव जी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक अंकित सरोज, राम सिंह, बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव, महेश धुरिया, विनोद गौतम, विनय सिंह, विकास, रामकिशोर,महेंद्र कुमार, दसरथ लाल, हीरालाल सरोज,राम सिंह, राजू कुमार, अमित, दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

# नवांगतुक सहायक आयुक्त 'खाद्य' से व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की शिष्टाचार भेंट

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।**

व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरी अपने व्यापारियों के साथ गुरुवार को रायबरेली में नवांगतुक सहायक आयुक्त (खाद्य)मलिक चंद्र से शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डीह व्यापार मंडल (मुरारका) गुट के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि के साथ रायबरेली पहुंच कर खाद्य विभाग के नवांगतुक सहायक आयुक्त मलिक चंद्र को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और डीह ब्लॉक क्षेत्र के व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही व्यापारियों की समस्याओं के समाधान करने की अपील की। नवांगतुक सहायक आयुक्त ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर पप्पू अग्रहरि प्रताप यादव विवेक अग्रहरी राकेश अग्रहरी जितेंद्र यादव अरमान इमरान अशोक नाई आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



नवांगतुक सहायक आयुक्त खाद्य को पुष्पगुच्छ देते व्यापारी

### बालिका से अश्लील हरकत का आरोपी गिरफ्तार सीसीटीवी से हुई पहचान

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** कोहंडौर नगर पंचायत क्षेत्र में एक 9 वर्षीय मासूम बालिका को समोसा खिलाने और रुपये का लालच देकर बहला-फुसलाकर ले जाने और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक बालिका को साइकिल पर बैठाकर कटारी प्राथमिक विद्यालय के पीछे जंगल की ओर ले गया था। स्थानीय लोगों की नजर पड़ने पर उन्होंने युवक को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान बिजरा गांव निवासी आनंद सिंह के रूप में हुई। पीड़ित बालिका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रांसफार्मर न बदलने पर नाराज उपभोक्ताओं ने घेरा उपकेंद्र



**समृद्धि न्यूज, अमावां-रायबरेली।** अमावा विकासखंड के सिधौना स्थित बिजली उपकेंद्र पर शुक्रवार को बिजली उपभोक्ताओं ने विभागीय कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने उपकेंद्र का घेराव कर नारेबाजी करते हुए जले ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलवाने और बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइन में खराबी आने पर शिकायत के बावजूद लाइनमैन बिना सुविधा शुल्क लिए काम नहीं करते हैं। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि लाइन ठीक कराने के नाम पर उनसे 200 से 500 रुपये तक लिए जाते हैं। रसेहता गांव का ट्रांसफार्मर करीब एक सप्ताह से जला पड़ा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने चंदा जुटाकर विभागीय कर्मचारियों को रुपये भी दिए, इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

# गौशाला के चारागाह की जमीन पर खड़ी धान की फसल जुतवाई

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज रायबरेली।**

कान्हा गौशाला की चारागाह भूमि पर धान की फसल बोए जाने के मामले में प्रकाशित खबर के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम के निर्देश पर नगर पंचायत ने चारागाह की भूमि पर लहलहा रही धान की फसल को जुतवा दिया। लेकिन कार्रवाई के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि सरकारी जमीन पर फसल बोने वाले कर्मी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। बताते चले की कान्हा गौशाला के गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था के उद्देश्य से गढ़ी मजरे अतरहटा में उपलब्ध चारागाह की जमीन पर धान की फसल खड़ी होने का मामला सामने आया था। सवाल उठे थे कि जिस जमीन का इस्तेमाल गोवंश के चारे के लिए होना चाहिए, वहां आखिर धान की खेती किसके इशारे पर और किसकी अनुमति से की गई। जिस पर मामले की शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम से भी की गयी। प्रशासन ने खेत में खड़ी फसल तो जुतवा दी, लेकिन जिस व्यक्ति द्वारा कथित रूप से चारागाह की सरकारी भूमि पर खेती की गई, उसके खिलाफ कार्रवाई न होने से पूरी कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। क्या फसल जुतवा देना ही पूरी कार्रवाई है? या फिर सरकारी जमीन पर कब्जे व खेती के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर भी कानून का शिकंजा कसेगा? यह देखने वाली बात है।




### उपलब्ध कराएं फैमिली आईडी राशन कार्ड संख्या

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों से अनुरोध है कि जिन लाभार्थियों का किसी कारणवश राशन कार्ड नहीं बन पाया है, वे जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से फैमिली आईडी बनवाकर फैमिली आईडी राशन कार्ड संख्या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 25 अगस्त 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक फैमिली आईडी राशन कार्ड संख्या उपलब्ध न कराने की स्थिति में वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही की पेंशन का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

# राना बेनी माधव की जयंती के उपलक्ष्य में कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय एक होटल में संपन्न हुआ। कला प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एनटीपीसी ऊंचाहार के मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार रहे। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के 735 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनटीपीसी ऊंचाहार के मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयु में बच्चे विभिन्न तरह के रंग भरना सीख जाते हैं जिनका उनके आने वाले भविष्य में काम आता है। उन्होंने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत अच्छे मन से तस्वीरों को उकेरा है ये सब प्रशंसा के पात्र हैं उन्होंने समिति को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की कला में निखार आता है। बच्चों की चित्रकला की प्रशंसा करते हुए कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे जिस तरह से अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं वह काबिले तारीफ है यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य बनेंगे। समिति द्वारा आयोजित कला प्रतियोगिता में जनपद के कंपोजिट विद्यालय मधुपुरी राही, आदि रायबरेली के लगभग समस्त विद्यालयों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# एचटी लाइनों को हटवाने को लेकर सपा का प्रदर्शन

- स्कूलों के ऊपर से जा रहे थे हाईवोल्टेज तार
- एसडीएम को सौंपा सपा नेताओं ने ज्ञापन



समृद्धि न्यूज,तिर्वा/कन्नौज।

तिर्वा विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन बिजली लाइनों और जलभराव की समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा।

बताते चलें कि, शुक्रवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अंशू पाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा के महिला पुरुष पदाधिकारी और कार्यकर्ता तिर्वा तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शन स्वरूप नारेबाजी करते हुए तहसील स्तरीय अधिकारियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। सलोवा जिलाध्यक्ष और अन्य सपा नेताओं का कहना था कि, तिर्वा विधानसभा में कई स्कूल ऐसे हैं जिनके ऊपर से हाई टेंशन बिजली लाइनें गुजरी हैं। जिससे हमेशा स्कूली बच्चों और शिक्षकों को जान का खतरा बना रहता है। इसके अलावा कई स्कूलों में मामूली बरसात में भी जलभराव की समस्या हो जाती है, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है और परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से लेकर मरम्मत कार्य को लेकर भी सपा ने अपनी बात रखी। कंपोजिट विद्यालय कनौली, कंपोजिट विद्यालय भखरौली, प्राथमिक विद्यालय महसीनापुर, की बिजली समस्या (हाई टेंशन तार)को उठाया गया। इसके अलावा सिंगरी, बिहारीपुर, हमीरपुर, जिंदापुर्वा, हरचंदपुर, निस्तौली, अशोक नगर के सरकारी स्कूलों में जलभराव की समस्या भी सपाई नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान उठाई।

समस्याओं के निदान को लेकर तिर्वा एसडीएम वैशाली को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सपा नेताओं ने सौंपा।

इस दौरान अंशू पाल के नेतृत्व में पूर्व ब्लॉक प्रमुख इंद्रेश यादव, कुक्कू चौहान, अंगुरी दहाड़िया,अन्नपूर्णा राजपूत, दिनेश बाथम, अवधेश यादव, दिलशाद हुसैन, स्वदेश प्रधान, सर्वेश कठेरिया, सरिता दुबे, अनिल यादव, राधेश्याम, रवी पाल, अरुण कुमार, सहित कई सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खोया पाउडर से बन रही रंग-बिरंगी मिठाइयां, उठे सवाल

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज, कन्नौज।

नगर में त्योहारों के सीजन से पहले खोया पाउडर से छेना और विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी मिठाइयां तैयार किए जाने की चर्चा से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार नगर के एक कारखाने में प्रतिदिन कुंतलों मिठाई तैयार की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ मिठाई दुकानों और प्रतिष्ठानों में तैयार खोया अथवा खोया पाउडर का इस्तेमाल कर छेना, मिठाइयां और अन्य खाद्य सामग्री बनाई जा रही है।



आकर्षक दिखाने के लिए मिठाइयों में रंगों का भी प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष दीपावली पर लगभग 5 से 6 कुंतल मिठाई और छेना जब्त कर जमीन में गड्ढा खोदकर दबाया गया था। यदि निर्धारित मानकों के विपरीत सिंथेटिक रंग या घटिया गुणवत्ता वाले कच्चे माल का इस्तेमाल हो रहा है तो यह उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है।खाद्य विभाग से जांच की मांग लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से नगर की मिठाई दुकानों और निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर खोया पाउडर, छेना और रंग-बिरंगी मिठाइयों के नमूने लेने की मांग की है।

## सावन में सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का विशेष महत्व

**गुरसहायगंज कन्नौज।** सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के साथ शक्ति उपासना के लिए भी विशेष माना जाता है। नगर के सर्विस रोड़ पानी की टंकी के पास स्थित नर्मदेशवर मंदिर में इन दिनों सिद्ध कुंजिका स्तोत्र के पाठ को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था देखने को मिल रही है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह स्तोत्र देवी दुर्गा की उपासना से जुड़ा है और इसे दुर्गा सप्तशती के महत्वपूर्ण पाठों में से एक माना जाता है। पंडित बलराम त्रिपाठी ने बताया कि मान्यता है सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का संबंध भगवान शिव और माता पार्वती के संवाद से है। इसमें देवी उपासना के बीज मंत्रों का उल्लेख मिलता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि नियमित श्रद्धा और नियमपूर्वक पाठ करने से मन को शांति, आत्मबल और सकारात्मकता प्राप्त होती है। नगर के व्यापारी प्रमुख समाजसेवी पंकज गुप्ता व कल्पना गुप्ता द्वारा किये जा रहें शिव पुराण का पाठ प्रत्येक सोमवार कों भक्ति भाव से हो रहा है।

# डीआईजी ने किया वाहन गैराज, सीसी फुटपाथ का निरीक्षण



जिला कारागार का निरीक्षण करते जेल डीआईजी प्रदीप गुप्ता साथ में प्रभारी जेल अधीक्षक

- जेल पहुंचे डीआईजी
- गुणवत्ता, उपयोगिता का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

जिला कारागार में फरवरी माह से चल रहे सीसी फुटपाथ व वाहन गैराज स्थित गुणवत्ता के विषय में विभिन्न बिंदुओं पर जायजा लिया ।

शुक्रवार को जिला कारागार अनौगी में पहुँचे डीआईजी जेल कानपुर परिक्षेत्र प्रदीप गुप्ता ने जेल में चल रहे नव निर्मित वाहन गैराज व दीवार के अंदर चारों ओर कराए गए सीसी फुटपाथ का निरीक्षण किया नवनिर्मित कार्यों की गुणवत्ता स्थिति एवं उपयोगिता का जायजा लिया जबकि वहीं संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारियां ली गई जबकि वही समिति के द्वारा निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, और कारागार की सुरक्षा व्यवस्था व बंदियों के रखरखाव एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। वहीं बंदियों से संवाद कर समस्याओं, आवश्यकताओं के विषय में जानकारी प्राप्त की जबकि कारागार की व्यवस्थाओं को और अधिक शुद्ध व प्रभावी बनाए रखने के लिए प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र नाथ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# नवोदय विद्यालय से टेबल टेनिस टीम असम रवाना



समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ संभाग की टेबल टेनिस टीम शुक्रवार सुबह जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी कन्नौज से तिनसुकिया, असम के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 26 अगस्त तक किया जाएगा। टीम मैनेजर एवं उप प्राचार्य फिरोज अहमद, पीटी सुशील कुमार, महिला पीटी सुषमा पाल तथा जवाहर नवोदय विद्यालय गोंडा से आए पीटी नागेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण से रवाना हुई। टीम के कोच अमित कुमार एवं अमीषा वर्मा ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन और टीम की जीत की उम्मीद जताई। विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडेय ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। टीम के रवाना होने के दौरान विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# बाबूजी के सपनों को साकार करना ही श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।



शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर परिसर में लोधी क्षत्रिय उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल पद्म विभूषण बाबू कल्याण सिंह को उनकी पंचम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रो. रामबक्स वर्मा ने कहा वे न केवल उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे, बल्कि राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल के रूप में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। विशिष्ट अतिथि रामानंद वर्मा ने कहा राम मंदिर के लिए बाबूजी ने अपनी सरकार कुर्बान कर दी थी। इसके लिए वह हमेशा याद किए जाएंगे। उनके सपनों को साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रामप्रकाश वर्मा ने कहा उनका जीवन समाज और प्रदेश के लोगों की तरक्की के लिए समर्पित रहा। श्रीपाल वर्मा व श्याम सिंह ने बाबूजी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा जब तक सूरज चांद रहेगा बाबूजी का नाम रहेगा। संचालन कर रहे राष्ट्रपति से सम्मानित पूर्व प्रधानाध्यापक भारत सिंह वर्मा ने कहा राम मंदिर की नींव रखने वाले, करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत, बाबूजी कल्याण सिंह हमेशा याद रहेंगे। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे से बाबूजी के नाम पर पार्क का निर्माण शीघ्र कराने की मांग की। इसके अलावा भारत सिंह प्रजापति, आसाराम यादव, रामप्रकाश वर्मा, डॉ रजनीश राजपूत व रामचंद्र वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। सभी ने बाबूजी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम में गमा देवी मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री, विनोद कुमार वर्मा, सियाराम वर्मा, सत्यप्रकाश राजपूत, ब्रजकिशोर वर्मा, अंशुल राजपूत व हर्ष राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बिजली के पोल में उतरा करंट, मजदूर की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कुंदन नगला गांव में एचटी लाइन के पोल में आए करंट से एक मजदूर बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में परिजन उसे निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल ब्लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम कुंदन नगला, गढिया निवासी रामवीर वर्मा (36) पुत्र स्व. सोनेलाल वर्मा के घर में प्लास्टर का काम चल रहा था। उसके मकान के पास में ही एचटी लाइन का पोल लगा है, जिसमें करंट आ रहा था। मजदूर रामवीर भी एचटी लाइन में आ रहे करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। करंट लगते ही उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में उसे निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि रामवीर की शादी वर्ष 2014 में कमालगंज निवासी नीरज वर्मा से हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें बेटियां उपासना और आस्था तथा बेटा आयुष है। रामवीर मूल रूप से किसान थे और परिवार के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करते थे। उनकी मौत से पत्नी नीरज, बच्चों और मां गंगा देवी समेत अन्य परिजनों का बुरा हाल है।

### एचटी लाइन की चपेट में आया मोर, मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी बाईपास स्थित बिजली घर द्वितीय के पास 33 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। घटना के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही एसएसओ सुजल प्रताप कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। लाइन मैन विक्रम, अरुण, प्रवीण कुमार, ललित कुमार तथा सरकारी लाइनमैन आलोक दुबे मौजूद रहे।

### पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध युवक ने गला व हाथ काटे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध युवक ने चाकू या ब्लेड से अपना गला और हाथ काट लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज, तिर्वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बैजूरामपुर, विशुनगढ़ रोड निवासी रविंद्र राजपूत के 18 वर्षीय पुत्र गौतम राजपूत की शादी मई 2025 में कन्नौज जिले के बगिया, पोस्ट पैनाबाद निवासी अर्चना के साथ हुई थी। करीब आठ दिन पहले अर्चना ने एक बेटे को जन्म दिया था। इसके बाद पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद अर्चना अपने मायके चली गई। परिजनों के अनुसार पत्नी के मायके जाने से गौतम मानसिक रूप से परेशान था। उसने घर में रखे किसी धारदार चाकू अथवा ब्लेड से अपना गला और हाथ काट लिया। इससे काफी रक्तस्राव होने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन तत्काल उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### राम कथा आयोजन को लेकर तैयारियां तेज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री गोविन्द सत् साहित्य प्रचार समिति के तत्वावधान में 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तक प्रस्तावित नौ दिवसीय श्रीराम कथा महा-महोत्सव एवं प्रवचन के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन को व्यवस्थित एवं भव्य रूप देने के लिए समिति की ओर से विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां अलग-अलग पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सौंपी गई हैं। अध्यक्ष सुशील पांडेय की अध्यक्षता व महामंत्री उमेंद्र सिंह यादव के संचालन हुई बैठक में तैयार की गई सूची में मंच व्यवस्था, कलश यात्रा, संगीत, झांकी, संतों के आवागमन एवं ठहरने, प्रसाद वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। आयोजन के तहत कलश यात्रा के संचालन, यात्रा में जलपान एवं भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी भी तय की गई है। मंच और स्टेज की व्यवस्था के लिए अलग-अलग कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। कथा के दौरान प्रतिदिन प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई है।

# डबल पोल की स्टे ने ली भैंस की जान, गरीब का उजड़ा सहारा

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।

सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम म्यासपुर में गुरुवार रात बिजली विभाग की घोर लापरवाही ने एक गरीब किसान की कमर तोड़ दी। खेत में चर रही भैंस उस समय अचानक मौत के मुंह में समा गई, जब वह डबल पोल की स्टे में दौड़ रहे खतरनाक करंट की चपेट में आ गई। देखते ही देखते बेकसूर जानवर ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। गांव निवासी रामप्रकाश कमल की आंखों के सामने उनकी मेहनत और आजीविका का एकमात्र सहारा खत्म हो गया। भैंस की मौत से किसान का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक यही भैंस उनके घर की रोजी-रोटी का जरिया थी, जिसके चले जाने से परिवार पर आर्थिक संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और औपचारिकता निभाते हुए भैंस का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल अभिनव चंदेल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की। प्रधान प्रतिनिधि अवनीश सिंह बैस ने प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए पीड़ित किसान को जल्द मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बिजली के खंभों और स्टे में अक्सर करंट उतरता रहता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है। गांव वालों का कहना है कि अगर समय रहते इन खतरनाक खामियों को ठीक नहीं किया गया, तो आने वाले समय में कोई बड़ा हादसा इंसानी जान भी ले सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस घटना के बाद जागता है या फिर किसी बड़े नुकसान का इंतजार करता है।

# स्कूल में गंदगी पर हुई कार्रवाई की संस्तुति

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।



बीडीओ का औचक निरीक्षण

ग्राम कल्यानपुर स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में नियमित सफाई न होने और परिसर में गंदगी का अंबार लगे होने की शिकायत पर बीडीओ दीपांकर आर्य ने औचक निरीक्षण किया। परिसर में गंदगी और अव्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा लापरवाह सफाई कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को संस्तुति पत्र भेज दिया है।

प्रधानाध्यापिका पूजा पांडेय ने शिकायत की थी कि तैनात सफाईकर्मी नियमित रूप से सफाई नहीं करता। जब उसे झाड़ू लगाने और कचरा हटाने को कहा जाता है, तो वह टालमटोल करता है और रुपये की मांग करता है। एक वीडियो में सफाईकर्मी काम करने के बजाय रुपये मांगते तथा अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कहते हुए दिख रहा है। उधर ग्राम प्रधान का प्रतिनिधि नितेश कुमार भी विद्यालय पहुंचा और सफाई कर्मचारी का पक्ष लेकर शिक्षकों से अभद्रता करने लगा। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एडीओ पंचायत मृदुल दुबे के साथ बीडीओ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण में विद्यालय प्रांगण और शौचालयों के आसपास गंदगी व कचरे के ढेर मिले। बीडीओ ने साक्ष्य जुटाए और बताया कि सफाई व्यवस्था ठप होने के मामले में जांच रिपोर्ट तैयार कर डीपीआरओ को कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दी गई है।

## लेखपाल संघ करेगा थाना समाधान दिवस का बहिष्कार

**कन्नौज।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) की कथित अनुचित ट्रैप कार्रवाई के विरोध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने 22 अगस्त को थाना समाधान दिवस के बहिष्कार का एलान किया है। संघ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लेखपाल संवर्ग के लिए भयमुक्त और निष्पक्ष वातावरण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार और जिलामंत्री अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश में फील्ड में कार्यरत लेखपालों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से संवर्ग में आक्रोश और असुरक्षा की भावना है। संघ ने अयोध्या की सोहावल तहसील में लेखपाल उत्कर्ष दीप के प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। संघ का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज में रिश्वत मांगने का स्पष्ट तथ्य दिखाई नहीं देता। संघ के अनुसार, 22 अगस्त को सुबह 10 से शाम चार बजे तक सभी तहसीलों में लेखपाल उपस्थित रहकर धरना देंगे।

# पोषाहार वितरण में कार्यकर्ता लापरवाही न बरतें : सीडीपीओ



समृद्धि न्यूज, समधन।

शासन के सख्त दिशा निर्देशों के चलते चौपाल में प्रभारी सीडीपीओ ने कार्यकर्ताओं की ओर से पोषाहार वितरण प्रणाली को और पारदर्शिता लाने की हिदायत दी है उन्होंने कहा लापरवाही किसी कार्यकर्ता की बर्दाश्त नहीं की जायेगी क्षेत्र के ग्राम इन्दुयागंज में सचिवालय परिसर में शुक्रवार को एक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से तालग्राम विकास खंड की प्रभारी सीडीपीओ नेहा गुप्ता ने कहा कि सरकारी पोषाहार पात्र लाभार्थियों को समय से कार्यकर्ता मुहैया कराने का काम करें साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्रतिदिन खोलकर नौनिहालों में शिक्षा के प्रति जागरूक करें। वाद में चार नवविवाहिताओं की गोदभराई की रस्म अदायगी की गई व एक बच्चे को अन्न प्राशन कराया गया सचिव अजय मिश्रा ने ग्राम प्रधान सरला यादव की मौजूदगी में पंचायत में हुऐ विकास कार्यों की जानकारी दी गई। उधर ग्राम गंगागंज गुरौली स्थित पंचायत सचिवालय में प्रधान अंजली ठाकुर की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम शुभारंभ किया गया जिसमें सचिव विमल दुबे ने कहा कि गांव मजरो में जलभराव की समस्या है उसकी ग्रामीण जानकारी दे जिसका निदान कराया जा सके चौपाल के दौरान गुरसहायगंज आर्युवेदिक चिकित्सालय के डाक्टर दीपिका सिंह ने बारिश के मौसम के चलते लोगों में फैल रही बीमारियों के बारे में जानकारी दी साथ ही लोगों को बचाव के लिये समय उपचार कराने की सलाह दी।

## वैश्य समाज भारत के कन्नौज जिलाध्यक्ष बने ऋषभ गुप्ता

**कन्नौज।** वैश्य समाज भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैश्य पवन कुमार गुप्ता ने मिरुअन उमर्दा निवासी ऋषभ गुप्ता पुत्र महेश चंद्र को संगठन का कन्नौज जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन पत्र जारी कर उन्हें जिले में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने उम्मीद जताई कि ऋषभ गुप्ता समाज के आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक विकास के लिए लोगों को एकजुट करेंगे।



उनके मनोनयन पर समाज के लोगों ने खुशी जताते हुए बधाई दी और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद व्यक्त की।

# छात्रवृत्ति न मिलने पर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का हंगामा

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

तिर्वा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रवृत्ति न मिलने से नाराज सैकड़ों छात्रों ने गुरुवार को जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप था कि पांच माह बीतने के बाद भी उन्हें छात्रवृत्ति की धनराशि नहीं मिली है। कॉलेज प्रशासन ने छात्रवृत्ति के लिए जरूरी डेटा समय से नहीं भेजा, जिसके कारण उनकी छात्रवृत्ति अटक गई है। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे की सूचना पर तहसील प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में करीब 710 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। छात्रों के मुताबिक, छात्रवृत्ति उनकी पढ़ाई के खर्च में काफी मददगार होती है। इस बार पांच माह से धनराशि नहीं मिलने पर उन्होंने कॉलेज प्रशासन से कई बार जानकारी की, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिलता रहा। गुरुवार को छात्रों का सब्र जवाब दे गया। सैकड़ों छात्र बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए कॉलेज के मुख्य गेट पर पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। कॉलेज प्रशासन की ओर से निदेशक मनोज शुक्ला और प्रबंधन ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दो हादसे, दो की मौत, आठ घायल

समृद्धि न्यूज, तिर्वा,कन्नौज।



लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। पहला हादसा तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में किलोमीटर 190 पर हुआ। दिल्ली से लखनऊ जा रही बस कंटेनर को ओवरटेक करने के प्रयास में उससे टकरा गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। हादसे में आठ लोग घायल हुए, जिन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उपचार के दौरान लखनऊ निवासी अंकित (34) की मौत हो गई। दूसरा हादसा तालग्राम थाना क्षेत्र में किलोमीटर 166.850 पर हुआ। लखनऊ जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार भिवानी, हरियाणा निवासी ओमवीर (45) की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि प्रदीप (42) का इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# तीस घंटा बिजली रही गुल, पानी को तरसे लोग

- न.पं. अध्यक्ष ने पानी टैंकर से घर- घर पहुंचाया पानी

समृद्धि न्यूज, समधन।



उमस भरी गर्मी के बीच गुरुवार को समधन नगर में अचानक बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। लाइन में आई खराबी के चलते पूरे दिन बिजली नहीं आई और देखते ही देखते रात भी अंधेरे में गुजर गई। बाद में दूसरे दिन दोपहर बाद तक बिजली गुल रहने से जहां लोग गर्मी और उमस से बेहाल रहे, वहीं बिजली के अभाव में पानी की समस्या ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण घरों में लगे पंखे और कूलर बंद रहे। गर्मी से परेशान लोग हाथ के पंखे और अन्य साधनों का सहारा लेते नजर आए। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को उठानी पड़ी। पानी की मोटरें नहीं चल पाने से कई घरों में पेयजल और रोजमर्रा के इस्तेमाल के पानी की समस्या भी खड़ी हो गई।

**नगर पंचायत अध्यक्ष ने टैंकर भेजकर पहुंचाई राहत:** लगातार बिजली गुल रहने से उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए, नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने तत्काल पहल की। उन्होंने टाउन कार्यालय के पानी के टैंकर विभिन्न मोहल्लों में भिजवाकर लोगों को पानी उपलब्ध कराया।

टैंकरों के माध्यम से किदवई नगर, लोहिया नगर, गोरी नवादा, आजाद नगर सहित अन्य मोहल्लों में पानी पहुंचाया गया। घर-घर पानी मिलने से परेशान लोगों को काफी राहत मिली। बिजली आने की उम्मीद में लोग लगातार मोबाइल फोन के जरिए बिजली विभाग के कर्मचारियों और परिचितों से संपर्क कर जानकारी लेते रहे। लोग बार-बार यह पूछते नजर आए कि आखिर बिजली आपूर्ति कब तक बहाल होगी। बिजली न आने से लोगों का धैर्य भी जवाब देने लगा।

लगभग पूरे नगर में 30 घंटा लगातार बिजली गुल रही पूरी रात घरों के साथ-साथ सड़कें और गलियां अंधेरे में डूबी रहीं। अंधेरा होने के कारण लोगों को आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ा समाचार लिखे जाने तक शुक्रवार दोपहर बाद तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी थी।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर उलेमा व जिम्मेदारों की बैठक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** 12 रबीउल अव्वल शरीफ यौमे विलादत हजरत मुहम्मद मुस्तफा के मुबारक मौके पर निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर तकिया वाली मस्जिद में उलेमा, इमाम, जुलूस के जिम्मेदारों और मोज्जिज हजरात की बैठक हुई। बैठक में प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जुलूस शांतिपूर्ण व अनुशासित तरीके से निकालने की अपील की गई। हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने बताया कि जुलूस 26 अगस्त, बुधवार को सुबह नौ बजे मदरसा दारुल उलूम गौसिया, आवास विकास से शुरू होगा। जुलूस सय्यदवाड़ा, लाहौरी टोला और बिरतिया होते हुए मोहल्ला ऊंचा स्थित मरहूम हाजी अमानुल्लाह खान के घर पहुंचेगा। यहां सलाम के बाद अस्पताल रोड होते हुए मुख्य मार्ग पर पहुंचेगा। बैठक में निर्धारित मार्ग व यातायात व्यवस्था का पालन करने, आपत्तिजनक नारे व गतिविधियों से बचने, आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता खाली रखने तथा अनावश्यक भीड़ न लगाने की हिदायत दी गई।


## सूचना

मैंने अपने अविवाहित पुत्र शिवदीप कुमार के गलत चाल चलन के कारण उससे संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके किसी भी कृत्य, लेनदेन, खरीद-फरोख्त से हमारा व परिवार के शेष सदस्यों से कोई संबंध नहीं होगा।

**करन लाल पुत्र भोजराज निवासी ग्राम गहरा मौजा पूराराय, थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज।**

## सूचना

मेरे भतीजे विकास पुत्र रामसिंह ने जालसाजी करके मेरी सम्पत्ति को हड़पने की नियत से अपने आधार कार्ड में विकास पुत्र रामलखन दर्ज करवा लिया है। जो कि गलत है। मेरी कोई भी संतान नहीं है। विकास मेरा भतीजा है।

**रामलखन पुत्र जयराम निवासी ग्राम नन्दपुर मौजा अहेर तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

# डीएम ने सीतापुर आई हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

## जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल को अभिलेखों का अवलोकन कर आख्या देने के दिये निर्देश

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनन्द उपाध्याय के साथ सीतापुर आई हॉस्पिटल फतेहगढ़ का निरीक्षण किया। संज्ञान में आया है कि 15-20 वर्षों से यह अस्पताल क्रियाशील नहीं है, जिसको लेकर जनता ने भी डीएम को कई बार शिकायत की है। उसके स्थलीय निरीक्षण के दौरान कृष्णकान्त महाजन, जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल को बुलाकर उसके भूमि अभिलेखों का अवलोकन करते हुए विवरण सहित आख्या देने का निर्देश दिया गया। मुरलीधर अधिशासी अभियन्ता, पी.डब्लू.डी.ए को निर्देश दिये गये कि इसका पूर्ण भौतिक स्थलीय निरीक्षण करते हुए विस्तृत आख्या करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि अन्तर्विभागीय समन्वय करते हुए आई रिलीफसोसाईटी के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही कर सीतापुर आई हॉस्पिटल को क्रियाशील करायें। डीएम आई रिलीफ सोसाईटी की अध्यक्ष एवं सीएमओ उपाध्यक्ष है। पूर्व में शासन से भी इसका अनुवर्ती अनुदान मिलता रहा है, जो कि वर्ष 2022 से बन्द है। 1963 में यह जमीन जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहीत की गयी थी, जो जनता के दिए हुए सहयोग एवं शासकीय अनुदान से इसका निर्माण हुआ। जिसका बीच में कुछ वर्ष तक सीतापुर आई हॉस्पिटल ने इसका संचालन किया। विगत 15-20 वर्ष से उसका उचित प्रकार संचालन नहीं किया जा रहा है। इस समय यह बिल्डिंग जर्जर एवं क्षीर्ण हो चुकी है, जिसका लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। डीएम ने तत्परता से संज्ञान में लेकर इसके पुर्नद्धार की शुरूआत की दी है। निश्चित तौर पर डीएम व सीएमओ के सक्रिय प्रयासों से जनपद ही नहीं, आसपास की जनता को भी इस नेत्र चिकित्सालय का लाभ मिलेगा।


सीएमओ से जानकारी लेती डीएम

# भटासा के कंपोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर सामान चोरी

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज/ कायमगंज।**

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव भटासा स्थित कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार रात चोरों ने कमरों के ताले और सेंटरलॉक तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार सुबह विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक ने कमरों के ताले टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कंपोजिट विद्यालय भटासा में अनिल कुमार प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार सुबह करीब पौने आठ बजे वह विद्यालय पहुंचे। विद्यालय परिसर में पहुंचते ही उन्होंने कमरों के ताले और सेंटरलॉक टूटे हुए देखे। अनहोनी की आशंका पर उन्होंने कमरों के अंदर जाकर देखा तो वहां रखा सामान अस्त-व्यस्त था और कई सामान गायब थे। प्रधानाध्यापक के अनुसार चोर विद्यालय से दो ट्यूबलर बैटरियां, एक सीलिंग फैन, एक भट्ठी, एक सिलेंडर, करीब 30 किलो दाल, पांच पैकेट गेहूं, करीब पांच किलो पिसा हुआ मसाला, एक गत्ता विम साबुन और एक बोरी घड़ी पाउडर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर विद्यालय में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने थाना पुलिस को घटना की तहरीर दी और चोरी हुए सामान की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके की जांच कर चोरी की घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्यालय में चोरी की घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


चोरों द्वारा फैलाया गया सामान

## थाने के निकट से पूर्व प्रधान की कार चोरी

**समृद्धि न्यूज,कंपिल।** पर्यटन धर्मशाला के सामने खड़ी पूर्व प्रधान की कार को चोर चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरों में कार चोरी की घटना कैद हो गई। थाने के निकट से चोरी की इस घटना से पुलिस के गश्त की पोल खुल रही है। जिससे नगरवासियों में रोष व्याप्त है। क्षेत्र के गांव शाहपुर गंगपुर निवासी पूर्व प्रधान मेघसिंह थाने के निकट कंपिल स्थित मकान में रहते हैं। चार दिन पूर्व नगर में निकली यात्रा के दौरान उन्होंने अपनी कार घर के सामने से हटाकर थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित पर्यटन धर्मशाला के निकट खड़ी कर दी। 17 अगस्त की रात चोर कार चोरी कर ले गए। जबकि धर्मशाला के निकट स्थित ग्रामीण बैंक के गेट पर रात भर पुलिस पिकेट का पहरा रहता है। पीड़ित को चोरी की जानकारी 20 अगस्त की शाम करीब पांच बजे हुई। इसके बाद मेघसिंह ने आसपास लगे सीसी कैमरे खंगाले। फुटेज में एक व्यक्ति कार चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने शुक्रवार को थाना कंपिल पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान और चोरी हुई कार की तलाश की जा रही है।

## सांप पकड़ते समय सपेरे के दोनों हाथों में डसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड के गांव महसोना में शुक्रवार को घर में निकले सांप को पकड़ने पहुंचे सपेरे को सांप ने दोनों हाथों पर डस लिया। सांप के डसने के बाद भी सपेरे ने हिम्मत नहीं छोड़ी और अपनी जान की परवाह किए बिना सांप को बोरी में बंद कर दिया। उसकी हालत बिगड़ने लगी। सूचना पर पहुंचे साथी ने एंबुलेंस बुलाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। यहां उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव महसोना में शुक्रवार को गांव निवासी राम नक्षत्र के घर में अचानक एक सांप निकल आया। घर में सांप दिखाई देने के बाद परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सांप को पकड़ने के लिए नाथपुरी निवासी बाबा खरती नाथ पुत्र मछर नाथ को सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर बाबा खरती नाथ मौके पर पहुंचे और घर में मौजूद सांप को पकड़ने का प्रयास करने लगे।

# टीईटी अनिवार्य समाप्त करने को लेकर शिक्षकों ने भरी हुंकार

**निजीकरण के विरोध में अटेवा ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

अटेवा (ऑल टीचर्स एंड एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) पेंशन बचाओ मंच की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रेषित कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्य समाप्त करने तथा सरकारी संस्थाओं के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि वर्ष 2005 के बाद लागू की गई नई पेंशन व्यवस्था से प्रदेश के लगभग 15 लाख शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

वर्षों से सेवारत शिक्षकों के लिए लागू की गई टीईटी अनिवार्यता को अव्यावहारिक बताते हुए कहा गया कि इससे देशभर के 25 लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। संगठन का कहना है कि निजीकरण से सरकारी विभागों की जवाबदेही समाप्त हो जाती है, जिसका नुकसान आम जनता और युवाओं को भुगतना पड़ता है।

मांगें पुरानी पेंशन व्यवस्था को तत्काल बहाल किया जाए। सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की बाध्यता को समाप्त किया जाए। सरकारी संस्थाओं और विभागों का निजीकरण बंद किया जाए। ज्ञापन भेजने के दौरान अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, फूल सिंह शाक्य, विमलेश शाक्य, प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, अखिलेश पाण्डेय, मजहर मोहम्मद खां, भूपेश प्रकाश पाठक, प्रमोद दीक्षित, रमनप्रकाश सचान, सुजीत कुमार, जितेन्द्र सिंह, अनुराग पाण्डेय, सर्वेश त्रिपाठी, प्रवेश कटियार, आलोक द्विवेदी, पीयूष कटियार, प्रवेश सिंह राठौर, पंकज यादव, डॉ. वीरेन्द्र त्रिवेदी, डॉ. मनोज कुमार दुबे, राकेश प्रसाद, विजेन्द्र मथुरिया, हिमांशु शुक्ला, देवेन्द्र कुमार, तनुजा सरकार, सहित विभिन्न संगठनों के लोग बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते शिक्षक

# लूटकांड में वांछित नगदी व तमंचे संग गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

पुलिस ने 19 अगस्त को मोहम्मदाबाद क्षेत्र में हुई व्यापारी के कर्मचारियों से लूट की घटना का अनावरण करते हुए मुख्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए 1,03,490 एक लाख तीन हजार चार सौ नब्बे रुपये नगद, एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

वृन्दावन मथुरा निवासी नवीन कुमार अग्रवाल पुत्र राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी कि मोटरसाइकिल सवार 3 अज्ञात बदमाशों ने उनकी फर्म के कर्मचारियों को घेरकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त कुंवर बहादुर सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि उसका भाई शिवकुमार जीबीए स्टील कम्पनी शिकोहाबाद में चालक है और मुनीम संदीप गौतम के साथ नगदी लाने-ले जाने का काम करता है। 18 अगस्त को संदीप के साथ फर्रुखाबाद से बड़ी रकम लाने की जानकारी मिलने पर चालक शिवकुमार ने अपने भाई सोनू, विशाल उर्फसैंडी और उमेश उर्फ ततैया के साथ मिलकर लूट की साजिश रची। योजना के मुताबिक, बेवर रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास सुनसान जगह पर चालक शिवकुमार ने हॉर्न चेक करने के बहाने कार रोक दी, तभी मोटरसाइकिल से पहुंचे सोनू, विशाल और उमेश ने मुनीम संदीप पर तमंचा तान दिया और रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने लूटा हुआ बैग वीरपुर गांव की झाड़ियों में छिपा दिया था। 19 अगस्त को चारों आरोपियों ने मिलकर बैग खोला, जिसमें कुल 30 लाख मौजूद थे। चारों ने आपस में रकम बांट ली, जिसमें सोनू के हिस्से में 6 लाख आए। सोनू ने घर जाकर 4,76,500 अपने भाई मोनू को दे दिए थे। मामले में पहले ही गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से बरामदगी के आधार पर धारा 317;2 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद साथियों की गिरफ्तारी की खबर सुनकर फर्रुखाबाद पहुंचे फरार अभियुक्त कुंवर बहादुर सिंह उर्फसोनू को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी के पास से लूट की घटना में इस्तेमाल 315 बोर का तमंचा और कारतूस मिलने पर मुकदमे में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# खबरें एक नजर में

## चकबंदी विवाद के बाद नगला जब्ब में पसरा सन्नाटा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** नगला जब्ब में चकबंदी के दौरान कानूनगो और लेखपालों के साथ हुई मारपीट की घटना के दूसरे दिन गांव में माहौल पूरी तरह शांत नजर आया। शुक्रवार को गांव पहुंचकर जब हालात का जायजा लिया गया तो गलियों में सन्नाटा पसरा था। चकबंदी से जुड़ी राजस्व टीम का कोई कर्मचारी गांव में नजर नहीं आया। ग्रामीण जगह-जगह बैठकर गुरुवार को हुई घटना को लेकर आपस में चर्चा करते दिखाई दिए। गुरुवार को चकबंदी की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों और राजस्व कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर कानूनगो और लेखपालों के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई थी। इसी दौरान राजस्व टीम के कर्मचारी भागकर नगला जब्ब निवासी सुरेंद्र सिंह यादव के घर में घुस गए थे। शुक्रवार को सुरेंद्र सिंह ने घटना के बारे में बताया कि गुरुवार को लेखपाल भागते हुए उनके घर की तरफआए। सुरेंद्र सिंह के अनुसार, लेखपाल का पीछा करते हुए कुछ महिला और पुरुष भी उनके घर तक पहुंच गए। उन्होंने घर में हंगामा किया और तोड़फोड़ शुरू कर दी। सुरेंद्र सिंह का आरोप है कि भीड़ ने घर में रखी कुर्सी, टेबल और पंखे पर लाठियों से वार कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। उनका कहना है कि घटना के दौरान लेखपाल करीब एक घंटे तक उनके घर के अंदर ही रहे। बाद में पुलिस बल के मौके पर पहुंचने के बाद लेखपाल को सुरक्षित घर से बाहर निकाला गया। सुरेंद्र सिंह के मुताबिक, लेखपाल को घेरने के लिए बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने भीड़ की संख्या करीब 100 से 150 से अधिक होने का दावा किया। घटना के समय राजस्व विभाग की टीम में दो कानूनगो और तीन लेखपाल मौजूद थे। घटना के बाद शुक्रवार को गांव में चकबंदी की कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के बीच दिनभर गुरुवार की घटना को लेकर चर्चा होती रही। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सीडीओ ने किया उच्च प्रा.वि महरूपुर सहजू का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी ने शुक्रवार को विकास खण्ड बढ़पुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय, महरूपुर सहजू का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अवस्थापना संबंधी व्यवस्थाएं, स्वच्छता और पठन-पाठन का माहौल संतोषजनक पाया गया। विद्यालय में कुल 148 छात्रों का नामांकन पाया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक शबनम शहाना प्रवीन, सहायक अध्यापक प्रशान्त कुमार कटियार, ऋचा गंगवार, शीलू यादव एवं अनुदेशक मंजेश्वरी व आभा उपस्थित मिलीं। विद्यालय भवन की रंगाई-पुताई पूर्ण पाई गई तथा परिसर साफ सुथरा मिला। कक्षा-कक्षों के फर्श का टाइलीकरण पूर्ण है तथा विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर, डेस्क-बेंच, विद्युत संयोजन एवं उपकरण क्रियाशील पाए गए। दिव्यांग विद्यार्थियों के सुगम आवागमन हेतु रैम्प और रेलिंग की व्यवस्था उपलब्ध पाई गई। रसोई घर में मेन्यू के अनुसार टहरी का निर्माण किया गया था, जिसकी गुणवत्ता जांच में संतोषजनक पाई गई।

## निरीक्षण में खुली पोल, समय से पहले बंद मिले कई विद्यालय

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों की कार्यशैली और शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। डीसी शिक्षा द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के कई विद्यालय निर्धारित समय से पूर्व ही बंद पाए गए। इस मनमानी पर अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया है। डीसी शिक्षा जितेंद्र कुमार जब दोपहर 1:25 बजे कंपोजिट विद्यालय हथोड़ा पहुंचे, तो स्कूल समय से पहले ही बंद मिला। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र के कई अन्य विद्यालयों का भी जायजा लिया, जिनमें से अधिकांश समय से पूर्व बंद पाए गए। निरीक्षण के दौरान उजागर हुई इस गंभीर लापरवाही पर डीसी शिक्षा जितेंद्र कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था बिल्कुल चौपट हो चुकी है। उन्होंने मामले की पूरी जानकारी और निरीक्षण रिपोर्ट शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी है, ताकि दोषी शिक्षकों व कर्मचारियों के खिलाफसख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सके।

# 25 दिनों से अंधेरे में ज्योनी गांव, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

नवाबगंज ब्लॉक के ज्योनी गांव में पिछले 25 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण हाहाकार मचा हुआ है। गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद जब विभाग ने कोई सुध नहीं ली, तो शुक्रवार को अक्रोशित ग्रामीणों ने नवाबगंज स्थित बिजलीघर पर जोरदार प्रदर्शन किया। लंबे समय से बिजली गायब रहने के कारण गांव में पेयजल का गहरा संकट पैदा हो गया है और लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसका सीधा असर उनकी पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। शुक्रवार दोपहर प्रेम सिंह, सुधीर कुमार, तारा सिंह, किशनपाल, जयकिशोर, धर्मेंद्र, रोशन लाल, मोहम्मद इसरार, राजीव सिंह और अमित कुमार सहित करीब 50 ग्रामीण ट्रैक्टरों पर सवार होकर नवाबगंज बिजलीघर पहुंचे। उन्होंने विद्युत विभाग की लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बिजलीघर पर एसडीओ मौजूद नहीं थे। इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी शिकायत का पत्र विभाग के लिपिक नंदकिशोर को सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, तो वे दोबारा उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में एसडीओ विद्यासागर ने बताया कि विभागीय स्टोर में ट्रांसफार्मर उपलब्ध न होने के कारण यह देरी हुई है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि स्टोर में नया ट्रांसफार्मर आते ही उसे जल्द लगवाकर ज्योनी गांव की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## अधिवक्ता महासभा ने की तहसील सदर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** तहसील सदर की अधिवक्ता महासभा ने बैठक की विचार विमर्श करने के बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। तहसील सदर एल्डर्स कमेटी ऑफअधिवक्ता महासभा के अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी ने चुनाव कार्यक्रम की जानकारी दी है। 22 अगस्त को मतदाता सूची का का प्रकाशन होगा। 24 अगस्त को मतदाता सूची पर आपत्ति सायं 3 बजे तक, 25 अगस्त को मतदाता सूची की आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। 27 अगस्त को अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 29 व 31 अगस्त व 1 सितम्बर को नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन प्रातः ।। बजे से सायं 3 बजे तक प्रतिदिन, 2 सितम्बर को नामांकन पत्रों की जांच, 3 व 5 सितम्बर को नाम वापसी, 10 सितम्बर को मतदान प्रातः 10:30 बजे से 3:45 बजे तक होगी। 10 सितम्बर को ही सायं 4 बजे से मतगणना व परिणामों की घोषणा की जायेगी।

## डीसीएम की टक्कर से टूटी पेड़ की डाल, सिक्योरिटी गार्ड पर गिरी, मौत

**परिवार में कोहराम**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में एक डीसीएम में लदे पाइपों के टकराने से आम के पेड़ की भारी भरकम डाल टूटकर साइकिल सवार गार्ड के ऊपर गिर पड़ी, जिसके बाद वह डीसीएम की चपेट में आ गया। परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी कैलाश चंद अग्निहोत्री के 49 वर्षीय पुत्र मुकेश अग्निहोत्री पेशे से सिक्योरिटी गार्ड थे। वह अपनी साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। जब वह थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम दिलावल चौराहा और रेलवे अंडरपास के बीच स्थित शर्मा फर्नीचर गोदाम के सामने पहुंचे, तभी ढिलावल की ओर से पाइप लदी एक अन्य डीसीएम नाला बघार की ओर जा रही थी। संकरे रास्ते से गुजरते समय डीसीएम में लदे पाइप सड़क किनारे लगे आम के पेड़ की डाल से टकरा गए। टक्कर से डाल टूटकर सीधे नीचे से गुजर रहे मुकेश पर आ गिरी। पेड़ की डाल के नीचे दबने और डीसीएम की चपेट में आने से मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एंबुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद सड़क किनारे खड़ी डीसीएम का चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है और आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बच्चों में निस्वार्थ सेवाभाव पैदा करना मेरा उद्देश्य: डॉ. समीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विश्लेषण समाचार के अंक में शिक्षा के प्रहरी बने भारतीय

## शिक्षा के प्रहरी

महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. समीर गुप्ता ने बताया कि बच्चों को शिक्षित करना और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना एवं उन्हें

नाम- डॉ. समीर कुमार गुप्ता
पद- असिस्टेंट प्रो0, अर्थशास्त्र भारतीय महाविद्यालय, फर्रु0
पिता- राममनोहर गुप्ता
योग्यता- बीकॉम, पीएचडी
प्रेरणा स्रोत- माता-पिता
हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना
आदर्श- प्रोफेसर विवेक निगम
पहली तैनाती- 2007 एन.एस.एस.ओ., दूसरी तैनाती 2009 लेक्चरर, अर्थशास्त्र बाला प्रसाद कुशवाहा इंटर कालेज, बरेठी, इलाहाबाद
कार्य- बच्चों को शिक्षित करना एवं समाजिक कार्यों में रुचि रखना और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना को धरातल पर क्रियान्वयन करना


**डॉ. समीर कुमार गुप्ता**
**असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र, भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद**


स्वच्छता अभियान में भाग लेते डॉ. समीर कुमार गुप्ता

## हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना आदि

सही दिशा देना मेरा प्रथम उद्देश्य है। बच्चों की शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े और वह आगे चलकर देश के विकास में अहम योगदान दें। प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक की शिक्षा को धरातल पर उतारना मेरा उद्देश्य है। जिसके लिए मैं कक्षा के अलावा घर व फोन पर भी पढ़ने के लिए प्रेरित करता रहता हूं। समय-समय पर सही विषयों के प्रश्नों के उत्तर समझाता रहता हूं। जिससे वह परीक्षा में अच्छे नम्बर से उत्तीर्ण हो। देश के शिक्षा मंत्री एवं राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का उद्देश्य था कि हर बच्चा शिक्षित हो, उसी सोच के साथ विद्यार्थी के अंदर पढ़ने की क्षमता समझकर उन्हे सही ज्ञान देना मेरा उद्देश्य है। मैंने हाईस्कूल 1994 में रणजीत पंडित इंटर कालेज लोहगरा इलाहाबाद से किया। इसी विद्यालय से 1996 में इंटर किया। यूजी 1999 में यूनिवर्सिटी इलाहाबाद से की। पीजी 2001 में यूनिवर्सिटी इलाहाबाद से की। नेट यूजीसी 2012 में किया। बीएड 2012 में इलाहाबाद से किया। 2007 में एनएसएसओ में सांख्यिकी अधिकारी पद पर 2008 तक कार्यरत रहे। 2009 में बाला प्रसाद कुशवाहा इंटर कालेज बरेठी इलाहाबाद में प्रवक्ता अर्थशास्त्र पद पर तैनात हुए। तीसरी तैनाती 2018 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर भारतीय महाविद्यालय फर्रुखाबाद में हुई। अर्थशास्त्र एक ऐसा तार्किक विषय है जिसको समझना आसान है। मेरे पढ़ाये हुए चार विद्यार्थी आज लेक्चरर पद पर तैनात है। लगभग 100 विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी व व्यवसाय कर रहे है। अभी तक 2 हजार बच्चों को पढ़ाया है। 11 रिसर्च पेपर पब्लिकेशन हुए है। 14 नवम्बर 2022 से यूपीआरटीओयू के अध्ययन केंद्र भारतीय महाविद्यालय में समन्वयक के पद पर कार्यरत हूं। 10 किताबों में अध्याय लिखे है। मेरी सभी से अपील है कि स्वच्छता को अपनाये और पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखें जिससे हम स्वस्थ रहे।

**शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।**

# शमशाबाद में पाइप लाइन बिछाने से उखड़ी सड़कें


**आगामी गणेश महोत्सव और रामलीला पर संकट**

**समृद्धि न्यूज,शमशाबाद।**

नगर पंचायत शमसाबाद में पेयजल योजना के तहत जल निगम द्वारा बिछाई जा रही पाइपलाइन से सड़कें गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे आगामी गणेश महोत्सव और रामलीला कार्यक्रमों की शोभायात्राओं के मार्ग में बड़ी बाधा उत्पन्न हो गई है। नगर पंचायत ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए जल निगम के अधिकारियों से तत्काल सड़क मरम्मत की मांग की है। आगामी 14 सितंबर से शमसाबाद में श्री सिद्धिविनायक समिति द्वारा गणेश महोत्सव और उसके पश्चात रामलीला कमेटी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। ये दोनों महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम गुमटी महादेव प्रांगण में आयोजित किए जाते हैं। गुमटी महादेव जाने वाले मुख्य मार्ग पर निर्माण खण्ड, उप्र जल निगम नगरीय द्वारा पाइपलाइन डालने और जल संयोजन का कार्य किया गया है। खुदाई के कारण सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है, जिससे इन दोनों धार्मिक कार्यक्रमों की यात्राओं का इस मार्ग से निकल पाना संभव नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने जल निगम नगरीय के अधिशाषी अभियन्ता को पत्र लिखा है।

# ई-लॉटरी से छह लाभार्थियों का हुआ चयन

**मिलेगा 11.80 लाख का अनुदान**


बैठक लेते सीडीओ

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत संचालित श्मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के लाभार्थियों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। जनपद में योजना के तहत कुल 189 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। विभागीय जांच के बाद इनमें से 104 आवेदन मानकों पर सही पाए गए। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ई-लॉटरी के जरिए 6 लाभार्थियों का पारदर्शी तरीके से चयन किया गया। इनमें 3 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी व जिला समन्वयक नन्द बाबा दुग्ध मिशन ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चयनित प्रत्येक लाभार्थी को प्रदेश के बाहर से साहीवाल, गिर, थारपारकर या गंगातीरी जैसी उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायें खरीदनी होंगी। प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 23.60 लाख रुपये है। मानकों को पूरा करने वाले लाभार्थियों को सरकार की ओर से कुल 11.80 लाख रुपये की धनराशि अनुदान स्वरूप दी जाएगी।

यह धनराशि 5.90-5.90 लाख रुपये की दो समान किस्तों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

# अवैध बूचड़खाने का भंडाफोड़, जड़ा ताला

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

लिंजीगंज अस्पताल के सामने एक अवैध बूचड़खाने के संचालन की खबर मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों और संगठनों द्वारा पुलिस से इसकी शिकायत की गई, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही बूचड़खाने का मालिक वहां ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उस कमरे पर अपना ताला लगा दिया है और कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

इस घटना को लेकर काफी देर तक राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के कार्यकर्ता कोतवाली में एकत्रित रहे। फर्रुखाबाद कोतवाली के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गहलोत ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि अभियुक्त पर निश्चित रूप से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद से पुलिस लगातार फरार आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के इस ठोस आश्वासन के बाद सभी कार्यकर्ता कोतवाली से बाहर आए। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष अंगद पाण्डेय कोमल ने तुरंत कार्यवाही की मांग करते हुए एक प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि सरफुद्दीन पुत्र कल्लू निवासी नालिया नामक व्यक्ति सावन के इस पवित्र मास में भी कानून-व्यवस्था को ताक पर रखकर लगातार जानवरों को काटकर उनकी बिक्री कर रहा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज पाण्डेय ने बताया कि कानून-व्यवस्था और समाज में सामंजस्य बनाए रखने के उद्देश्य से ही संगठन ने यह कदम उठाया है। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा, रजत वर्मा, कार्तिक शुक्ल, प्रशांत मिश्रा, राम मिश्रा, मुनीश यादव, अतुल मिश्रा, फरमान खान, विनीत शाक्य मौजूद रहे।


कोतवाली में मौजूद हिन्दू संगठन के लोग

# प्रा. शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की। प्रोन्नत वेतनमान तथा चयन वेतनमान की प्रक्रिया जो लंबे समय से लंबित है, उसे तत्काल प्रारंभ कर पात्र शिक्षकों के लिए शुरू किया जाए। शिक्षिकाओं के बाल देखरेख अवकाश को शासनादेश के अनुसार समय से स्वीकृत किया जाए। एक दिन का रोका गया वेतन, वेतन वृद्धि तथा अन्य अवरुद्ध वेतन उपलब्ध आख्या के अनुसार अतिशीघ्र बहाल किए जाएं। अवकाश के दौरान शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों से लिए जाने वाले अतिरिक्त कार्य के बदले उन्हें उपार्जित अवकाश स्वीकृत किया जाए। मिड-डे-मील के संचालन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चले। सरप्लस समायोजन प्रक्रिया शासनादेश के अनुरूप की जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि नियम विरुद्ध किसी भी शिक्षक/शिक्षिका या प्रधानाध्यापक को हटाया गया तो संगठन धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। जनपद के स्कूलों में सफाई कर्मचारी नहीं जा रहे हैं, जिससे स्वच्छता बाधित हो रही है। आगामी त्योहारों को देखते हुए रसोइयों का मानदेय अविलंब भेजा जाए, ताकि उन्हें आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन देने के दौरान संघ के पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।


वार्ता करते शिक्षक

## गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गंगा घाट पांचाल घाट पर किया गया। सावन माह के दृष्टिगत जिला गंगा समिति की टीम द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में निहारिका पटेल ने गंगा योद्धाओं ने मिलकर घाट पर स्वच्छता अभियान चला कर घाट पर फैली प्लास्टिक पॉलीथिन, खंडित मूर्तियां, कपड़े इत्यादि एकत्रित कर उनका निस्तारण किया। गंगा तट पर प्रतिदिन हजारों कांवड़िये गंगा जल लेने पहुंच रहे हैं, इसके दृष्टिगत जिला गंगा समिति के द्वारा प्रतिदिन सुबह व शाम को जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गंगा स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। कई लोगों के द्वारा गंगा नदी में पूजा की सामग्री विसर्जित करने एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री छोड़ने के लिए रोका गया।

## नेशनल कराटे प्रतियोगिता लखनऊ के लिए टीम रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में 22 और 23 अगस्त को आयोजित होने जा रही तीसरी नेशनल कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम उत्साह के साथ रवाना हुई।

टीम के कोच पारस भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करने के लिए खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। जिसमें अर्पिता भारद्वाज, उमंग तिवारी, पाखी सक्सेना, आदित्य चतुर्वेदी, कैरेन, श्रेष्ठ, अभ्या मिश्र, श्रुति राठौर, आरव राठौर, आरव रस्तोगी, तनिष्का दीक्षित, नैतिक यादव, आदित्य पाल, आर्य दुबे के नाम शामिल है। रवाना होने से पूर्व सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी गई। खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह है और सभी से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

# चीनी की बढ़ती कीमतों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय हिन्दू सेना ने खोला मोर्चा


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

आगामी त्यौहारों के सीजन के बीच चीनी की आसमान छूती कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू सेना ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर बढ़े हुए दामों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। बाजार में चीनी के दाम अचानक 32 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 65 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। चीनी हर घर में सुबह से रात तक इस्तेमाल होने वाली बुनियादी सामग्री है। त्यौहारों के समय अचानक हुई इस वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। प्रदेश सरकार से अपील की गई है कि जनहित में बाजार की तत्काल समीक्षा की जाए, प्रभावी नियंत्रण व निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि जमाखोरी और मूल्य वृद्धि पर लगाम लगाई जा सके। इस दौरान प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी, अमित कुमार शर्मा, आशुतोष दुबे, अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे।

# राजकीय पॉलीटेक्निक में तकनीकी प्रशिक्षण का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में क्यू प्लस एजूकेशन एंड ट्रेनिंग संस्थान व इन्फोसिस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुमित मिश्रा ने किया।

उन्होंने कहा कि राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में छात्र-छात्राओं को बेहतर ज्ञान व तकनीकी प्रशिक्षण के लिए समय समय पर विभिन्न संस्थानों के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते रहेंगे। जिससे भविष्य में संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं बेहतर रोजगार प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण की मास्टर ट्रेनर शिखा सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, प्रोफेसनल कम्युनिकेशन, कम्प्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान, एवं रीजनिंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालन कर रहे विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि क्यू प्लस एजूकेशन एंड ट्रेनिंग संस्थान द्वारा देश भर में तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को इन्फोसिस फाउंडेशन द्वारा जो तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है वह क्यू प्लस एजुकेशन एंड ट्रेनिंग संस्थान के प्रयासों से संभव हुआ है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण किट का वितरण प्रधानाचार्य सुमित मिश्रा ने किया। इस अवसर पर यांत्रिकी व्याख्याता आशुतोष कुमार, रामकेश, कल्याणी सिंह, कृष्णा मिश्रा, अनिल पाल आदि उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद विद्यार्थी

# नदी में छलांग लगाने वाले युवक तीसरे दिन भी नहीं पता चला

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

नगर के मोहल्ला सराय निवासी एक युवक द्वारा बुधवार को देर रात बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल से गंगा नदी में छलांग लगाने वाले युवक का आज तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। जबकि कोतवाली पुलिस और पीएसी 32 वाहिनी की कम्पनी लखनऊ तथा बाढ़ राहत की टीम गोताखोरों की मदद से गंगा में काफी दूर तक खोजबीन की जा रही है।

लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिल सकी स जिससे परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला सराय निवासी नीलेश जायसवाल 25 वर्ष पुत्र रामेंद्र जायसवाल बीते बुधवार को देर रात घर से बिना बताये बाइक से गंगा नदी पुल पर जा पहुंचा स जहां निलेश ने पुल पर बाइक खड़ी कर अपने मोबाइल फेन से वीडियो बनाया, वीडियो में कहां की मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। इसके बाद यह वीडियो अपने भाई कुणाल जयसवाल के मोबाइल पर भेज दिया और पुल पर बाइक खड़ी कर वहीं मोबाइल व चप्पल छोड़कर गंगा नदी में छलांग लगा दी ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है स नीलेश के घर नही आने पर उसके भाई विशेष ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी और पुलिस से युवक की तलाश कराने की मांग की। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की सहायता से गंगा नदी में गुरुवार को पूरे दिन युवक की तलाश शुरू कराई। लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने बताया कि तलाश लगातार जारी है।

# खबरें एक नजर में

## दुष्कर्म की कोशिश करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**फतेहपुर।** जाफ़रगंज थाना अंतर्गत एक गांव की रहने वाली एक मासूम बच्ची के साथ गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने दुष्कर्म की कोशिश किया। पीड़ित माता–पिता ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उनकी 10 वर्षीय मासूम बेटी घर के बाहर खेल रही थी तभी गांव का ही दबंग व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर आया और उनकी नाबालिक पुत्री को टाफी देकर बहला फुसलाकर अपने घर में बने कमरे में ले गया। इस दौरान उनकी बच्ची के साथ खेल रहे बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और बाहर से दरवाजा खटखटाने लगे। इस आवाज को जब प्रार्थनी के देवरानी ने सुना तो वह भी जाकर तेज तेज दरवाजा खटखटाने लगी तो वह दबंग व्यक्ति दरवाजा खोलकर भाग खड़ा हुआ। माता–पिता ने उस दबंग व्यक्ति के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई की मांग किया है। इस दौरान पीड़ित माता–पिता ने यह भी आप बताया कि उनकी बेटी मानसिक रूप से बचपन से ही विक्षिप्त है।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**उन्नाव।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। 21.08.2026 को उ.नि. मुकल कुमार दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाद सं0 16535,24 धारा 457,380,411 भादवि थाना अजगैन के वारण्टी मोतीलाल पुत्र हीरालाल निवासी शीतलगंज कस्बा नवाबगंज थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष को गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## तीन स्टंटबाज अभियुक्त गिरफ्तार

**उन्नाव।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस 03 स्टंटबाज अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उ.नि. जगसेन सोनकर मय हमराह पुलिस बल द्वारा तीन अलग अलग मोटर साइकिलों से स्टंटबाजी करते हुए लखनऊ से कानपुर जाते समय लखनऊ–कानपुर हाइवे से गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध मु.अ.सं. 362,2026 धारा 281,125 पंजीकृत किया गया तथा बरामद अपाचे सीज किया गया।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**उन्नाव।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। 21.08.2026 को उ.नि. अनिल कुमार राजपूत मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाद सं. 1639,23 अ0सं0 323६504६506 भा0द0वि0 से संबंधित वारण्टी अभियुक्त नरेश पुत्र महावीर निवासी ग्राम पनपथा मजरा मरौंदा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष को ग्राम पनपथा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

## तीन अभियुक्तों को 07-07 वर्ष का सश्रम कारावास

**उन्नाव।** पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय 01 द्वारा 03 अभियुक्तों को 07–07 वर्ष का सश्रम कारावास व 15000–15000 रु. के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस महानिदेशक उ.प्र. द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत उन्नाव पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में आज दिनांक 21.08.2026 को न्यायालय के द्वारा देहज हत्या के अभियोग में 03 अभियुक्तो को दंडित किया गया है।

## वाहन ने फल बेचने वाले युवक के मारी टक्कर, मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के संडीला रोड स्थित बंगाली क्लीनिक के सामने तेजरफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से ठेलिया पर फल बेचने वाला युवक सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुँचे भाई उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे। जहां डॉक्टर ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया स युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक दोपहर में घर खाना खाने के बाद पैदल तिकोनिया पार्क के पास खड़ी ठेलिया के पास जा रहा था। नगर के संडीला रोड काशीराम गाली निवासी सुनील कुमार 38 वर्ष पुत्र स्व 0 रामखेलावन हरदोई उन्नाव रोड तिकोनिया तिराहे के पास फल का ठेला लगाकर फल बेचने का धंधा कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वह आज भी ठेलिया लगाकर फल बेच रहा था। दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे वह खाना खाने के लिए घर गया था।

# जाति-धर्म नहीं, विकास की हो राजनीति : बीरप्रकाश सिंह

समृद्धि न्यूज, हरदोई।

पंवाया में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक की बैठक आयोजित हुई। इसमें क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा के साथ आगामी महापंचायत की तैयारियों और वृहद सदस्यता अभियान को गति देने की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह 'बीरू' ने कहा कि राजनीतिक दल जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि किसान और जवान की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने कहा कि किसान एकजुट होकर 'बांटो और राज करो' की नीति का मजबूती से विरोध करेंगे। उन्होंने क्षेत्र में जल्द बड़ी महापंचायत आयोजित करने की रणनीति पर भी चर्चा की।



जिलाध्यक्ष ने तहसील अध्यक्ष कृष्णमूर्ति उर्फ रोहित सिंह को संगठन के वृहद सदस्यता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष रोहित सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत तिवारी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण पाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष जसकरन लाल समेत संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक नहर कॉलोनी में संपन्न हुई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने किया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं को गांव गांव जाकर एकत्रित किया जाएगा, इसके बाद सितंबर माह में संबंधित विभागों को अवगत कराया जाएगा फिर भी समाधान ना हुआ तो अक्टूबर माह में सतनरैनी रेलवे स्टेशन पर विशाल किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मोहम्मद नदीम निवासी सरांय खरगू को युवा विंग का जिला महामंत्री और सत्यम सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष विजयीपुर नियुक्त किया गया। इस दौरान इनका माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया और संगठन हित में कार्य करने की बात कही गई तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बने कृषि फीडरों से किसानों को रात्रि में नलकूपों में बिजली नहीं मिल रही है इससे परेशानी हो रही है खाद प्राइवेट दुकानदारों से निर्धारित मूल्य पर दिलाया जाए। इस अवसर पर अंकित सिंह चौहान, पुत्तन द्विवेदी, प्रीतम सिंह, छोटे सिंह, महेंद्र सिंह, बबलू सिंह, दीपक गुप्ता, मोहम्मद मुस्ताक, नरसिंह यादव, अजय प्रजापति, आजम, सोनू सिंह, शैलेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, शिव बदन सिंह, माता प्रसाद, उमेश सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# एक दिन के सांसद, विधायक को पेंशन तो जवानों को क्यों नही

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वाधान में, भारत के सैनिकों के सम्मान में, ओपीएस तिरंगा यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम शिक्षक एवं कर्मचारी नहर कॉलोनी में एकत्रित होकर पटेल नगर चौराहे पर एक साथ जन गण मन एवं वंदे मातरम का गान किया। तत्पश्चात पुरानी पेंशन बहाली व सैनिकों के सम्मान में भारत माता की जयघोष के नारों के साथ अपने हाथों में तिरंगा छाता व झंडा लिए वर्मा चौराहा, ज्वालागंज, सदर अस्पताल, पत्थरकटा चौराहा व विद्यार्थी चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जहां पर उन्होंने सीमा पर डटे जवानों की पुरानी पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को संबोधित कर ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए मान सिंह यादव स्नातक विधायक झांसी खण्ड ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन बान शान का प्रतीक है तिरंगे की हिफाजत में भारत के अनेकों वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान किया है। आज भी सीमा पर डटे जवान अपनी जान से ज्यादा तिरंगे का सम्मान करते हैं। वह देश के लिए हंसते-हंसते कुर्बान हो जाते हैं। मगर दुख तब होता है जब सरकार एक दिन के सांसद/विधायक को पांच-पांच पेंशन देती है, लेकिन सीमा पर मर मिटने वाले बीएसएफ पैरामिलिट्री, सीआरपीएफ के जवानों व 60- 62 वर्ष की सेवा करने वाले शिक्षक एवं कर्मचारियों को एक भी पेंशन नहीं देती। यह कैसा सम्मान है। विनोद सिंह अध्यक्ष उ.प्र.प्रा.शिक्षक संघ ने कहा कि भारत की सरकार खुद को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करती है किंतु अपने ही शिक्षक कर्मचारियों की बुढ़ापे की लाठी छीन लेती है।ऐसी अर्थव्यवस्था किस काम की जो अपने देश को बढ़ाने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा न कर सके? राजकुमार मौर्य (एड) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद फतेहपुर ने यात्रा में शामिल होकर कहा कि सही मायने में अटेवा ने ही तिरंगा यात्रा निकालकर सैनिकों की पुरानी पेंशन की बहाली की मांग कर उन्हें सम्मान दिया है।

निधान सिंह जिला अध्यक्ष अटेवा ने कहा कि 2004 -05 से लागू एनपीएस व्यवस्था में शिक्षक कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहा है. यदि सरकार सच में कर्मचारियों की हितैषी है तो एनपीएस, यूपीएस ओपीएस तीनों विकल्प दे दे। शिक्षक कर्मचारी जिसे बेहतर समझेंगे ले लेंगे।



# जमीन व रुपयों के विवाद में युवक की मौत, पत्नी ने बहन पर लगाए आरोप

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

चकेरी थाना क्षेत्र के कृष्णापुरम में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब आईटी सेल में कार्यरत 38 वर्षीय रवि दीक्षित की मौत की सूचना सामने आई। पत्नी ज्योति ने रवि को कमरे में फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया गया कि रवि अपनी पत्नी और छह वर्षीय बेटे के साथ रहते थे। पत्नी के अनुसार, वह पिछले कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। आरोप है कि 15 अगस्त को बहन के घर आने के बाद रुपये और जमीन को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद रवि की परेशानी और बढ़ गई।



मृतक की पत्नी ने रवि की बहन पर कथित तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है और कहा कि इसी तनाव के चलते रवि ने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच और साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगी।

# टाइटन वर्ल्ड का राकेश सचान ने किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज,कानपुर नगर।

साकेत नगर में आज टाइटन वर्ल्ड स्टोर का भव्य शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर स्टोर के आयोजक गौरव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान पूर्व मंत्री राम आसरे कुशवाहा का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं माल्यार्पण कर किया।

शुभारंभ के दौरान बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग एवं ग्राहक उपस्थित रहे। साकेत नगर में टाइटन का नया स्टोर खुलने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि कानपुर व्यापारिक नगरी है और यहां टाइटन जैसा भरोसेमंद ब्रांड का नया शोरूम खुलना स्वागत योग्य कदम है। टाइटन ने हमेशा गुणवत्ता और भारतीय ग्राहकों के भरोसे को बनाए रखा है। योगी सरकार व्यापारियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे नए प्रतिष्ठान खुलने से रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं और कानपुर के विकास को गति मिलती है। मैं गौरव अग्रवाल को इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आयोजक गौरव अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य कानपुर के लोगों को विश्वस्तरीय घड़ियों और प्रीमियम कलेक्शन की पूरी रेंज एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। टाइटन वर्ल्ड स्टोर में टाइटन, फास्टट्रैक, सोनाटा और रागा टॉमी हेल्फायर केनेथ कोल की लेटेस्ट डिजाइन के साथ-साथ विशेष ऑफर भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर मुख्य संरक्षक विनोद अग्रवाल तथा हर्षित अग्रवाल मौजूद रहे।



## भारत मे चित्र नही चरित्र की पूजा होती: प्रभात त्रिपाठी

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** महाशिवपुराण कथा के सातवें दिन रात्रि बेला में कथा व्यास आचार्य प्रभात त्रिपाठी ने भगवान शिव की महिमा के साथ भारतीय संस्कृति और रामायण से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारत में चित्र की नहीं, बल्कि चरित्र की पूजा होती है। भारतीय संस्कृति में आदर्श चरित्र और मर्यादा को सदैव सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। कथा के दौरान आचार्य ने रामसेतु और पुष्पक विमान से जुड़े प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रावण का वध करने के बाद प्रभु श्रीराम माता सीता के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या की ओर प्रस्थान कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े आदर्शों और मर्यादा का संदेश श्रद्धालुओं को दिया। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि लंका जाने से पूर्व प्रभु श्रीराम ने समुद्र तट पर भगवान शिव की स्थापना कर पूजा–अर्चना की थी। इसी प्रसंग से रामेश्वरम धाम की महिमा जुड़ी हुई है। आचार्य ने रामसेतु निर्माण का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि वानर सेना ने समुद्र पर सेतु का निर्माण कर लंका पहुंचने का मार्ग तैयार किया था। कथा के दौरान श्रद्धालु धार्मिक प्रसंगों में भाव–विभोर नजर आए। रात्रि तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाशिवपुराण का श्रवण किया। कथा स्थल भगवान शिव और श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा। कथा के समापन अवसर पर आयोजक पप्पू रस्तोगी ने कन्या भोज कराया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का विधिवत समापन हुआ। इस मौके पर समाजसेवी एडवोकेट अमित कुमार कश्यप ने आचार्य प्रभात त्रिपाठी को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। कथा में अनिल रस्तोगी, अंकित द्विवेदी, कैलाश चंद्र शुक्ला, अमित तिवारी और विकास कश्यप मौजूद रहे।



# 49 में छात्राएं देखेंगी यूपी टी-20 का रोमांच

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

ग्रीनपार्क स्टेडियम एक बार फिर क्रिकेट के रोमांच से सराबोर होने जा रहा है। आगामी 28 अगस्त से 6 सितंबर तक यहां यूपी टी-20 लीग और प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे। खास बात यह है कि छात्राएं महज 49 रुपये में मैच का आनंद ले सकेंगी। छात्राओं के लिए टिकट केवल ऑफलाइन उपलब्ध होंगे, जबकि ऑनलाइन टिकटों की बिक्री शुक्रवार शाम से जोमैटो पर शुरू होगी। यह जानकारी यूपी टी-20 लीग के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने प्रेस वार्ता में दी। डॉ. कपूर ने बताया कि 11 दिनों में ग्रीनपार्क में कुल 12 मुकाबले खेले जाएंगे। अधिक से अधिक दर्शकों को स्टेडियम तक लाने के उद्देश्य से टिकटों की दरें किफायती रखी गई हैं। विभिन्न स्टैंड के लिए टिकट 49 रुपये से 349 रुपये तक निर्धारित किए गए हैं।

लीग के दौरान दर्शकों के लिए प्रतिदिन करीब 100 पुरस्कार रखे जाएंगे। कैच ऑफ द मैच के तहत छक्के की गेंद पकड़ने वाले दर्शक को 5,100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। फाइनल में मेगा लकी ड्रॉ के जरिए टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन समेत आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक मैच में 'फैन ऑफ द मैच' के विजेता को विजेता टीम के कप्तान के हस्ताक्षर वाली गेंद भी प्रदान की जाएगी। डॉ. संजय कपूर ने कहा कि लीग का उद्देश्य अधिक से अधिक दर्शकों को स्टेडियम तक लाना और उन्हें क्रिकेट के साथ मनोरंजन का शानदार अनुभव देना है। वहीं यूपीसीए के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि लीग के मुकाबलों का प्रसारण 200 से अधिक देशों में किया जाएगा। दर्शकों को रिंकू सिंह, भुवनेश्वर कुमार, ऋतुराज गायकवाड़, आयुष जुरैल और करण शर्मा समेत कई स्टार खिलाड़ियों का खेल देखने का अवसर मिलेगा।



## खबरें एक नजर में

### शादी का झांसा देकर युवती से सम्बन्ध बनाने वाला गिरफ्तार



**गाजीपुर।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ यौन सम्बन्ध बनाने तथा शादी करने से मना करने वाला 01 नफर बाल अपचारी को थाना खानपुर पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21.08.2026 को उ0नि0रवीन्द्र सिंह सिरोही मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान थाना खानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 258/2026 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 5एल/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित बाल अपचारी उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम आराजी कुकुढ़ा पोस्ट- सुजनीपुर थाना शादियाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर बहेरी क्रासिंग से 200 मीटर आगे पुलिया के पास से अभिरक्षा में लिया गया। जिसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गंगा का जलस्तर बढ़ा, भागड़नाले से मैदानी क्षेत्र में पहुंचा बाढ़ का पानी

**भांवरकोल/गाजीपुर।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से तटवर्ती और कछार क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। गंगा का बाढ़ का पानी वीरपुर के आगे भागड़नाले के रास्ते फिरोजपुर, आमघाट और रानीपुर गांवों से आगे मैदानी इलाके की ओर बढ़ने लगा है। इससे खेतों में पानी भरने से सब्जी की फसलों के डूबने का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के पलियां गांव में परवल के खेतों में पानी भरने लगा है, जिससे किसान परेशान हैं। वहीं कछार क्षेत्र में मिर्च, टमाटर, गोभी, करैला, लौकी, कद्दू और अन्य हरी सब्जियों की फसलें भी प्रभावित होने लगी हैं। किसानों को आशंका है कि यदि गंगा का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो फिरोजपुर, धर्मपुरा समेत आसपास के गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। किसानों का कहना है कि इन फसलों में काफी लागत और मेहनत लगी है। बाढ़ आने की स्थिति में तैयार फसलों के बर्बाद होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। पानी बढ़ने के साथ किसान खेतों में पहुंचकर कच्ची और तैयार सब्जियों को जल्द से जल्द तोड़कर बचाने में जुटे हैं। जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा किनारे खेतों में कटान का खतरा भी बढ़ गया है। उपजाऊ जमीन नदी में समाने की आशंका से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। गंगा के बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ को लेकर क्षेत्रीय किसान लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को

**गाजीपुर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को जनपद न्यायालय गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियां व जमानियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। शक्ति सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-01/नोडल अधिकारी, लोक अदालत गाजीपुर की अध्यक्षता में आज दिनांक 21.08.2026 को जनपद न्यायालय गाजीपुर के दसकक्षीय सभागार में बैठक आहूत की गयी। जिसमें नीरज गोंड, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर, संजय कुमार सोनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजीपुर, अभय कुमार सिंह समाज कल्याण विभाग, विवेकमणि तिवारी राज्य कर विभाग, पवन मिश्रा आबकारी निरीक्षक, पवन कुमार जिला सेवायोजन विभाग, अनंत प्रताप सिंह खाद एवं रसद विभाग, धर्मेन्द्र कुमार, संदीप यादव व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुये।

### बारिश व बाढ़ से भटवारी दिघिया संपर्क मार्ग की सड़क क्षतिग्रस्त

**हलिया (मिर्जापुर)।** लगातार हो रही बारिश के कारण ग्राम पंचायत भटवारी में सड़क का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। भटवारी से दिघिया जाने वाली मुख्य सड़क पर भारी कटान आ गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क का लगभग आधा हिस्सा बहकर गड्ढे और मिट्टी में तब्दील हो गया है। सिर्फ एक तरफ पतली पट्टी बची है जिस पर साइकिल सवार भी संभलकर निकल रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह गिट्टी और मिट्टी बिखरी पड़ी है। बारिश का पानी भर जाने से स्थिति और खराब हो गई है। दो पहिया वाहन भी फिसलने के डर से नहीं निकल पा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशान हैं।

### घर के बरामदे से बाइक व मोबाइल चोरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भिटहा में चोरों ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल और मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।नहकू सिंह पुत्र दर्द सिंह निवासी ग्राम भिटहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिनांक 11 अगस्त की रात वह खाना-पीना खाकर अपने घर के बारंदे में सो गया था। सुबह उठकर देखा तो उसकी सुपर स्प्लेंडर बाइक और टेक्नो कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल गायब था। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उसने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक और मोबाइल का कोई सुराग नहीं लगा।पीड़ित ने गुरुवार को थाना लालगंज में लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और मुखबिरों से जानकारी जुटाने में जुटी है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर सामान बरामद किया जाएगा।

### हादसे के 9 दिन बाद इलाज के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र में लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने के कारण हुए हादसे में घायल एक युवक की 9 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजय कुमार सिंह निवासी ग्राम बस्तरा राजा ने पुलिस को बताया कि दिनांक 26 जुलाई को शाम करीब 5 बजे उनका भाई उमेश कुमार उम्र 30 वर्ष बस्तरा मोड़ पर सामान लेकर अपनी बाइक की तरफ पैदल जा रहा था।इसी दौरान लालगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक गोपाल अग्रहरी उर्फ मुंदर निवासी ग्राम उमरिया, थाना हलिया ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर उमेश को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल उमेश को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल मीरजापुर रेफर किया गया। वहां से भी उसे प्रयागराज के रानी अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान 4 अगस्त को उमेश कुमार की मौत हो गई। डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम कराया। भाई के क्रिया-कर्म में व्यस्त होने के कारण परिजन गुरुवार को थाना लालगंज पहुंचे और तहरीर दी।

# जनशिकायतों के समाधान को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम



**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा सहित जनपद की समस्त तहसीलों के उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों, जनसुनवाई एवं आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण, भूमि विवाद, चकरोड एवं संपर्क मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने सहित राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने धारा 24, 33, 67, 80, 98(1), 116 आदि के लंबित वादों की समीक्षा करते हुए कहा कि एक वर्ष अथवा उससे अधिक पुराने वादों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जाए।

# एक तरफा प्यार में पति के रिश्तेदार ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

▸ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

गंगापार के हनुमानगंज थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। यहां किराए के मकान में रह रही 26 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात के दौरान महिला की चार वर्षीय बेटी भी मौके पर मौजूद थी। घटना के बाद बच्ची के रोने और चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी मृतका के पति का दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने एक दिन पहले महिला के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था। महिला ने प्रस्ताव ठुकराते हुए उसे कथित तौर पर गालियां देकर घर से बाहर निकाल दिया था। इससे नाराज आरोपी ने अगले दिन चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, उतरांव निवासी दिनेश कुमार अपनी पत्नी ऊषा और चार वर्षीय बेटी स्वीटी के साथ 11 अगस्त को कोटवां रोड स्थित जैतपुर गांव में रहने आया था। परिवार ने अनिल स्वर्णकार के मकान की दूसरी मंजिल पर किराए पर कमरा लिया था।

मकान के नीचे ही अनिल की ज्वेलरी की दुकान है,जहां लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना से पहले और बाद की गतिविधियां कैद हो गई।

### रेवतीपुर पुलिस व स्वाट टीम ने एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।** जनपद के थाना रेवतीपुर पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा शराब तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।उनके पास से 240 लीटर अवैध शराब (अनुमानित कीमत 67000/-रू0) व एक अदद ब्रेजा कार बरामद किया गया है। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अवैध शराब तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए स्वाट टीम प्रभारी उ 0 नि 0 दीपक कुमार व उ0नि0श्री जितेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर उतरौली नाला पुल के पास बहद ग्राम उतरौली, थाना रेवतीपुर से अमन सिंह पुत्र वीरप्रताप सिंह निवासी ग्राम खेताबपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र लगभग 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# 19 मुसहर परिवारों के लिए आवासीय परिसर का भूमि पूजन व शिलान्यास



**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

फाजिलनगर विकास खण्ड के ग्राम सभा बलियवां स्थित मुसहर बस्ती में 19 मुसहर परिवारों के लिए आवासीय परिसर के निर्माण कार्य का देवरिया सांसद श्री शशांक मणि त्रिपाठी, क्षेत्रीय विधायक श्री सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं ब्लॉक प्रमुख श्रीमती उर्मिला जायसवाल द्वारा भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर चयनित लाभार्थियों को संबंधित भूमि के आवासीय पट्टे के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुसहर परिवारों को आवास एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आवासीय परिसर में केवल मकानों का निर्माण ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि यहां निवास करने वाले परिवारों को शिक्षा, खेल, बिजली, पानी सहित बेहतर जीवन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी प्राथमिकता है। क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों में गरीब एवं वंचित परिवारों को शहरी मॉडल के अनुरूप आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य गरीब परिवारों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन उपलब्ध कराना है। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि यह योजना का प्रथम चरण है, जिसके तहत लगभग 82 डिसमिल भूमि पर आवासीय परिसर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तेज रफ्तार मिक्सर डंपर का कहर, कई दुकानें क्षतिग्रस्त



**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**

बीती रात तेज रफ्तार मिक्सर डंपर अनियंत्रित होकर सक्सेना चौक से आनंद नगर को जाने वाले मोड पर दुकानों में घुसकर पलट गयी।जिससे कई दुकानों को छति पहुंची है वही मिक्सर डंपर का आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। और चालक को गंभीर चोट आई है। उसका जिला चिकित्सालय में इलाज जारी है। घटना होते ही समीप स्थित नगर पुलिस चौकी कि लोगों ने घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।वही क्रेन की मदद से पलटे मिक्सर डंपर नंबर यूपी 32 आर टी 6809 को निकाल कर नगर चौकी के पूरब सड़क के किनारे खड़ा कराया गया है। गनीमत है कि घटना में किसी के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। नगर चौकी प्रभारी विजय कुमार के अनुसार अंबुज कुमार पुत्र चंद्र मोहन ग्राम टिकरिया थाना असंदरा जनपद बाराबंकी लोड मिक्सर डंपर लेकर जा रहा था जो करीब 2 बजे रात को सक्सेना चौक पर दुकान में घुसकर पलट गई।जिससे रतनलाल गुप्ता, श्रीमती सुषमा देवी, सतनारायण, बलराम, घनश्याम, एडवोकेट बृजेंद्र नाथ त्रिपाठी व एडवोकेट सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी के मकान को छति पहुंची है। दुकान /मकान स्वामियो द्वारा नगर पुलिस चौकी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है।

# 80 वर्षीय गांजा तस्कर गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, गोरखपुर/गीडा।**

गीडा थाना क्षेत्र में अवैध गांजा बिक्री को लेकर लगातार उठ रहे सवालों और खबर सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 80 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक उसके कब्जे से करीब एक किलो गांजा बरामद किया गया। कार्रवाई के बाद पुलिस की ओर से इसे बड़ी सफलता के तौर पर पेश किया गया, लेकिन इस गिरफ्तारी के साथ ही कई बड़े सवाल भी खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि गीडा सेक्टर-15 से लेकर जीरो प्वाइंट के आसपास लंबे समय से अवैध गांजा बिक्री की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसी मामले में किए गए एक कथित स्टिंग ऑपरेशन के दौरान गांजा बिक्री से जुड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति से बातचीत सामने आई थी। बातचीत में कथित तौर पर उसने खुद को लंबे समय से इस धंधे से जुड़ा बताया और यह भी दावा किया कि उसके पीछे कोई दूसरा व्यक्ति है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस जांच में ही इनकी सच्चाई स्पष्ट हो सकती है। सबसे गंभीर सवाल यही है कि यदि गिरफ्तार व्यक्ति केवल एक विक्रेता था, तो कथित तौर पर उसके पीछे मौजूद मुख्य कारोबारी कौन है? अवैध कारोबार का नेटवर्क कहां से संचालित होता है?

# सपरिवार सदर विधायक ने किया रुद्राभिषेक

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

श्रावण मास के पावन पर्व एवं शिववास के अवसर पर कटहरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता कन्नौजिया ने सपरिवार भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक कर लोक कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडित घनश्याम ने वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक का पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर विधायक ने मंदिर परिसर में मौजूद पोखरे पर बेल का पौधा लगाया। इस अवसर पर सदर विधायक श्री कन्नौजिया ने कहा कि सनातन संस्कृति में श्रावण मास का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है।

# गाजरघास उन्मूलन सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** कृषि विज्ञान केंद्र, बसूली महराजगंज के वैज्ञानिकों द्वारा राष्ट्रीय गाजरघास जागरूकता सप्ताह (16-22 अगस्त 2026) के अंतर्गत गाजरघास (पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस) उन्मूलन एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस क्रम में केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों, ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं को गाजरघास के दुष्प्रभावों, पहचान एवं नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों की विस्तृत जानकारी दी।वैज्ञानिकों ने बताया कि गाजरघास एक विदेशी आक्रामक खरपतवार है, जो फसलों की पैदावार में 30-40 प्रतिशत तक कमी ला सकता है। यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है और त्वचा पर एलर्जी, दमा, सांस संबंधी समस्याएँ तथा आँखों में जलन पैदा कर सकता है। पशुओं में भी चर्म रोग और दूध उत्पादन में कमी का कारण बनता है। वैज्ञानिकों ने उन्मूलन के प्रमुख उपाय जैसे- फूल आने से पहले पौधों को जड़ सहित उखाड़कर नष्ट करना, मैक्सिकन बीटल (ज़ायगोग्राम्मा बाइकलोराटा) जैसे जैविक नियंत्रण का उपयोग, आवश्यकतानुसार अनुशंसित शाकनाशियों (जैसे 2, 4-डी या मेट्रिब्यूजिन) का छिड़काव, गाजरघास से जैविक खाद/तरल उर्वरक तैयार करके उपयोग करना।


कार्यालय नगर पंचायत छितौनी, जनपद-कुशीनगर

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों को नगर पंचायत छितौनी की तरफ से हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

अरविन्द कुमार शर्मा
मा. नगर विकास मंत्री, उ.प्र. सरकार

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

विजय कुमार दूबे
मा. सांसद, कुशीनगर

विवेकानन्द पाण्डेय
मा. विधायक, खड्डा

नगर पंचायत छितौनी की जनता से निम्नलिखित अपील करता है
- नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में समस्त नगरवासी सहभागी बनें।
- खुले में या सड़को के किनारे शौच न करें।
- सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाने में अपना सहयोग प्रदान करें।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करा ले, यह आगे आपको काम देगा।
- अवैध अतिक्रमण न करें, यह एक संज्ञेय अपराध है।
- नगर के प्रत्येक भवन स्वामी कम से कम दो वृक्ष अवश्य लगायें।
- संक्रामक रोग से बचने के लिए सड़े-गले सामानों का प्रयोग न करें।

15TH AUGUST स्वतंत्रता दिवस
जय हिन्द

(सर्वेश कुमार गौर) उप जिलाधिकारी खड्डा
(वैभव मिश्रा) अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुशीनगर
(महेन्द्र सिंह तंवर) जिलाधिकारी कुशीनगर
(अमित कुमार सिंह) वरिष्ठ लिपिक नगर पंचायत छितौनी
(अखिलेश कुमार यादव) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत छितौनी

अशोक निषाद
अध्यक्ष
नगर पंचायत छितौनी

सम्मानित सभासदगणः-
1. दीना देवी, 2. अरविन्द चौधरी, 3. नीलम देवी, 4. कोकिला देवी, 5. छोटेलाल शर्मा, 6. प्रमोद भारती, 7. रूस्तम अंसारी, 8. सुनील कुमार गुप्ता, 9. दिलीप कुशवाहा, 10. ईश्वरचन्द्र कुशवाहा, 11. अर्जुन साहनी, 12. विजय कुमार, 13. सुनैना देवी, 14. खुशबुद्दीन अंसारी, 15. गायत्री देवी

मनोनित सभासदगणः- आनन्द कुशवाहा, कर्मवीर साहनी, जयसिंह निषाद



कार्यालय नगर पालिका परिषद कुशीनगर, जनपद - कुशीनगर

80 वां स्वतंत्रता दिवस

मा. नरेन्द्र मोदी जी – मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार
मा. योगी आदित्यनाथ जी – मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र.
मा. ए. के. शर्मा जी – मा. नगर विकास मंत्री, उ.प्र.
मा. डा. रतनपाल सिंह
मा. आर.पी.एन. सिंह – मा. राज्यसभा सांसद
मा. विजय कुमार दूबे – मा. सांसद, कुशीनगर
मा. पी.एन. पाठक जी – मा. विधायक, कुशीनगर

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों को नगर पालिका परिषद कुशीनगर की तरफ से हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं

" न रहे गंदगी , न खुले में शौच, स्वच्छ होगा भारत, स्वस्थ होगें सब लोग "
"मेरा नगर साफ हो, इसमें हम सब का हाथ हो" मिलकर स्वच्छ नगर, स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करें:-

कुशीनगर की जनता से अपील
1. नगर के समस्त दुकानदार भाईयों, ठेला, फेरी विक्रेता एवं सभी हाटा में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि नगर को स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत नगर में कूड़े हेतु कूड़ादान एवं नगर पालिका परिषद कुशीनगर की गाड़ी का प्रयोग करें।
2. सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग, गिलास, प्लेट, थाली आदि प्रतिबंधित कर दिये गये हैं, इसका विक्रय व उपयोग वर्जित है।
3. बिना नक्शा स्वीकृत कराये भवन निर्माण न करायें तथा किसी भी दशा में सड़क की पटरी/नाली/सड़क अथवा अन्य सार्वजनिक स्थल पर अतिक्रमण न करें। यह संज्ञेय अपराध है।
4. नगर के सभी बुजुर्गों, भाईयों, माताओं एवं बहनों से अनुरोध है कि शौचालय का प्रयोग करें। 5. नगर पालिका के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान में पूरा सहयोग करें।

आओ आज हम सब मिलकर यह कसम खायें, अपने नगर पालिका परिषद कुशीनगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनायें।
अंकिता शुक्ला अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, कुशीनगर
किरन जायसवाल
अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद, कुशीनगर

स्वतंत्र कुमार, गुड्डू कुशवाहा, सूर्यनाथ यादव, शैल देवी, विनय गौतम, प्रकाश चन्द्र भारती, शीरामती देवी, अमरावती देवी, रुबीना खातून, सुभावती देवी, यशोदा देवी, मधुबाला त्रिपाठी, शबनम खातून, मीरा देवी, दुर्गेश विश्वकर्मा, विनय प्रताप राव, अमरनाथ जायसवाल, गिरिजेश सिंह, प्रभुनाथ सिंह, केशव सिंह, विजेन्द्र प्रताप सिंह, कमलावती देवी, राजेश मद्धेशिया, लजबुन नेशा, मनीष मिश्रा, राजेश जायसवाल, सतीश श्रीवास्तव, गोपाल जी राव, रवीन्द्र मद्धेशिया, सुभाष प्रसाद, अंजली मौर्या

निवेदक - समस्त नगरवासी एवं कर्मचारीगण, नगर पालिका परिषद, कुशीनगर।